सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 14 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 100, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 703 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 703 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 208 अंक के नुकसान में रहा। } 10

## सीतारमण ने स्टालिन पर लगाया झूठ का आरोप

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन पर गेहूं और धान किसानों को दिए जाने वाले बोनस संबंधी केंद्र सरकार के परामर्श पर झूठा विमर्श गढ़ने का आरोप लगाते हुए पलटवार किया। } 12



# खेल आयोजनों में अपनी नयी पहचान बना रहा भारत

## राजनाथ सिंह ने लखनऊ में सांसद खेल महाकुंभ-2026 का किया उद्घाटन

विशेष संवाददाता



लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि पहले सिर्फ क्रिकेट और हॉकी खेलने वाले देश के तौर पहचाना जाने वाला भारत अब दुनिया भर के बड़े खेल आयोजनों में अपनी एक अलग पहचान बना रहा है।

सिंह ने सोमवार को लखनऊमें सांसद खेल महाकुंभ-2026 के उद्घाटन अवसर पर कहा, पहले, हमारी पहचान सिर्फ क्रिकेट और हॉकी खेलने वाले देश के तौर पर थी और जब ओलंपिक खेलों की बात आती थी, तो हम अक्सर पदक तालिका में अपना नाम भी दर्ज नहीं करा पाते थे। हालांकि, भारत अब दुनिया भर के बड़े खेल आयोजनों में अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा किसी भी देश या समाज के विकास का पैमाना न केवल उसकी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पर निर्भर करता है बल्कि वैश्विक खेल आयोजनों में उसके खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी निर्भर करता है। यह खेल के क्षेत्र से जीडीपी में होने वाले योगदान पर भी निर्भर करता है। दूसरे शब्दों में, खेल किसी देश की जीडीपी में किस हद तक योगदान देता है, यह (उसके विकास का) एक महत्वपूर्ण पैमाना है। सिंह ने ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा को याद करते हुए कहा, मैंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। वहां रहते हुए मैंने देखा कि लोगों का खेलों के प्रति इतना गहरा झुकाव है कि यह उनके जीवन का एक हिस्सा बन गया है। ऐसा नहीं है कि वे केवल क्रिकेट के खेल में ही माहिर हैं बल्कि आपको खेल की हर विधा ...शेष पृष्ठ 10 पर

# दुनिया के कई देशों में चरम पर महंगाई

## सीएम योगी ने मुजफ्फरनगर में 423 परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

जिला संवाददाता



मुजफ्फरनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम आज जो सुरक्षा के साथ सुखद अनुभूति कर रहे हैं, क्या वैसी अनुभूति पाकिस्तान, ईरान, दुबई, कतर, इराक या यूरोप में संभव है? यह प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व का परिणाम है कि आज 145 करोड़ भारतीय सुरक्षित हैं। यह नए भारत की ताकत है। दुनिया के कई देशों में महंगाई चरम पर है, पेट्रोलियम पदार्थों के दाम कई गुना बढ़ गए हैं, लेकिन भारत में स्थिति नियंत्रित है। केंद्र सरकार जनता को राहत देने के लिए प्रतिदिन करोड़ों रुपये का अतिरिक्त खर्च वहन कर रही है, ताकि आम नागरिक पर बोझ न पड़े। जब सुरक्षा का वातावरण होता है, तो व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है। लेकिन अनुकूल परिस्थितियों में अनुशासन भी बनाए रखना आवश्यक है और विपरीत परिस्थितियों में धैर्य नहीं खोना चाहिए। जो व्यक्ति इन दोनों का पालन करता है, उसका भविष्य उज्ज्वल होता है। विकास और विरासत की इस यात्रा को एनडीए शानदार तरीके से आगे बढ़ाएगी, मजबूती के साथ, बिना रुके, बिना डिगे, बिना झुके। हर बेटी को सुरक्षा देंगे, हर व्यापारी को सुरक्षा देंगे, हर नौजवान के हाथ को काम देंगे और हर अन्नदाता किसान के खेत को पानी देने के साथ यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उसकी उपज ...शेष पृष्ठ 10 पर

# नोएडा : वेतन वृद्धि को लेकर हिंसा, एसआईटी करेगी जांच

## पुलिस की एसयूवी समेत कई वाहनों में लगायी आग, जगह-जगह किया पथराव



विशेष संवाददाता

नोएडा। नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर फैक्टरी कर्मियों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन के दौरान सोमवार को जमकर हिंसा हुई और इस दौरान औद्योगिक क्षेत्रों में पुलिस की एसयूवी समेत कई वाहनों में आग लगा दी गई, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया तथा कई जगहों पर पथराव की घटनाएं सामने आईं। प्रदर्शन के कारण यातायात ठप हो गया, जिससे सुबह के व्यस्त समय में दिल्ली जाने वाली विभिन्न सड़कों पर हजारों यात्री फंस गए। दिल्ली-नोएडा सीमा पर कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। उत्तर प्रदेश सरकार ने नोएडा में औद्योगिक इकाइयों से जुड़े मुद्दों पर सामंजस्य स्थापित करने और शांति कायम करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का आदेश जारी किया है। उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव डॉक्टर एमके शन्मुगा सुंदरम की ओर से सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि गौतम बुद्ध नगर के औद्योगिक मुद्दों के दृष्टिगत, संबंधित पक्षों के साथ प्रभावी संवाद स्थापित कर औद्योगिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। अधिसूचना के अनुसार समिति के अध्यक्ष औद्योगिक विकास आयुक्त होंगे, जबकि अपर मुख्य सचिव (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग) ...शेष पृष्ठ 10 पर

### मजदूरों को भड़काने वालों की पहचान कर रही पुलिस




लखनऊ। वेतन वृद्धि की मांग को लेकर नोएडा के फेज-2 में मजदूरों का आंदोलन उग्र हो गया, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहन फूंक दिए और भारी पथराव किया। हिंसा के बाद लखनऊ कंट्रोल रूम से डीजीपी राजीव कृष्ण ने मोर्चा संभाला और भड़काने वाले तत्वों व बाहरी उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक ...शेष पृष्ठ 10 पर

### नोएडा में अशांति फैलाने वालों से सावधान रहें श्रमिक : योगी

विशेष संवाददाता

❍ श्रमिकों को न्यूनतम मानदेय व स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रगति के पद पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन कुछ लोग इसके खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेश के श्रमिकों से अपील की कि वे औद्योगिक अशांति फैलाने वालों से सावधान रहें और उनके प्रयासों को किसी भी कीमत पर सफल न होने दें। डबल इंजन सरकार विकास व विरासत की यात्रा को मजबूती से आगे बढ़ा रही है, जिसमें श्रमिकों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को केंद्र में रखा गया है। सरकार एक ओर जहां आधुनिक तकनीक, रोजगार और निवेश को बढ़ावा दे रही है, वहीं दूसरी ओर कानून व्यवस्था और श्रमिक हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम ने भरोसा दिलाया कि औद्योगिक विकास के साथ सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित रहेगी, ताकि प्रदेश में शांति, स्थिरता और समृद्धि का वातावरण बना रहे। मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### गुर्दा प्रत्यारोपण गिरोह का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अवैध तरीके से गुर्दा प्रत्यारोपण करने वाले गिरोह के इनामी मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि गिरोह के मास्टरमाइंड और 25 हजार रुपये को इनामी रोहित को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मात्र 12वीं कक्षा तक शिक्षा ग्रहण करने वाला रोहित खुद को डॉक्टर बताता था। रोहित की गिरफ्तारी के साथ इस मामले में गिरफ्तार किये गये लोगों की संख्या बढ़कर 10 हो गयी है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि ऑपरेशन थियेटर की कई तस्वीरों में डॉक्टरों के साथ चिकित्सक का रूप धरे दिख रहे रोहित ने शुरुआती पूछताछ में पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की लेकिन बाद में उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। रोहित ने स्वीकार किया कि उसे हर गुर्दा प्रत्यारोपण पर 18 लाख रुपये मिलते थे जिन्हें वह गिरोह के सदस्यों में वितरित करने के बाद अपना हिस्सा रख लेता था।

### ऑनलाइन गेमिंग घोटाले के आठ आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर पुलिस ने सोमवार को ऑनलाइन गेमिंग-आधारित घोटालों में शामिल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया और एक संगठित साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट रैकेट का भंडाफोड़ किया है, जिसके अंतरराष्ट्रीय लिंक होने का अंदेशा है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सत्यम तिवारी, नितिन गुप्ता, अभिषेक वर्मा, हितेश निगम, स्नेहित बजाज, अनमोल विश्वकर्मा, सुल्तान अहमद और नौशाद के रूप में हुई है, जो कानपुर के निवासी हैं। पुलिस आयुक्त ने बताया कि बर्रा पुलिस और साइबर अपराध शाखा की संयुक्त टीम के इस ऑपरेशन ने एक ऐसे नेटवर्क का पर्दाफाश किया, जो लोटस 365, रेड्डी बुक, कार्तिकेय और दुबई एक्स जैसे प्रतिबंधित गेमिंग ऐप के ज़रिए लोगों को ठगता था।

# ईरान ने पश्चिम एशिया के बंदरगाहों को दी धमकी

एजेंसी



काहिरा। अमेरिकी सेना सोमवार को ईरान के सभी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों से पोतों की आवाजाही राकने के मकसद से नाकेबंदी शुरू करने के लिए तैयार दिखी क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर दबाव बढ़ाना चाहते हैं। लेकिन अमेरिका के इस कदम के जवाब में ईरान ने फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के सभी बंदरगाहों को धमकी दी है।

इस कदम से तेल की कीमतें और बढ़ सकती हैं और युद्ध के फिर से भड़कने की आशंका है। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) के अनुसार, फारस की खाड़ी और ओमान सागर में सुरक्षा या तो सभी के लिए होगी या किसी के लिए भी नहीं। ईरानी सेना ने कहा इस क्षेत्र का कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। इससे पहले, अमेरिका ने घोषणा की थी कि वह सोमवार को पूर्वी समयानुसार सुबह 10 बजे या ईरान के स्थानीय समयानुसार शाम साढ़े पांच बजे से ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू करेगा। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि यह नाकेबंदी सभी देशों के उन पोतों के खिलाफ निष्पक्ष रूप से लागू की जाएगी जो ईरान के बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं या वहां से बाहर जा रहे हैं। सेंटकॉम ने कहा कि गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच यात्रा करने वाले जहाजों को ...शेष पृष्ठ 10 पर

### गाजियाबाद : दुराचार के बाद की गयी थी बच्ची की हत्या

गाजियाबाद। पुलिस ने सोमवार को बताया कि गाजियाबाद में पिछले सप्ताह एक कार के नीचे मृत पाई गई चार वर्षीय बच्ची की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि कथित तौर पर गला घोंटकर उसकी हत्या किये जाने से पहले उससे बलात्कार किया गया था। पुलिस बच्ची के आरोपी चाचा की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यौन उत्पीड़न की पुष्टि हुई है। इस घटना के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया और स्थानीय लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि जहां कुछ महिलाएं त्वरित न्याय की मांग कर रही हैं, वहीं पीड़िता के कुछ रिश्तेदारों ने आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराए जाने की मांग की है। अधिकारियों ने कहा कि स्थानीय ...शेष पृष्ठ 10 पर

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन आज

## मोदी करेंगे भव्य रोड शो व जनसभा, सीएम धामी ने लिया तैयारियों का जायजा

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। आज उत्तराखंड विकास के एक अहम पड़ाव पर खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर राज्य को आधुनिक परिवहन सुविधा की बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। इस परियोजना के शुरू होते ही राजधानी देहरादून और दिल्ली के बीच यात्रा समय में भारी कमी आएगी और सफर लगभग ढाई घंटे में सिमट जाएगा।

यह एक्सप्रेसवे उत्तराखंड के लिए आर्थिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण साबित होने वाला है। बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन को नई उड़ान मिलेगी, साथ ही व्यापार, उद्योग और निवेश के अवसरों में तेजी आने की संभावना है। हरिद्वार, ऋषिकेश और मसूरी जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों तक पहुंच पहले से अधिक सहज और तेज हो जाएगी। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर देहरादून में उत्साह चरम पर है। उनके स्वागत में शहर के विभिन्न मार्गों पर भव्य रोड शो आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। यह रोड ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 40.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ परिश्रम करो, मंजिल खुद मिलेगी : सीएम (पृष्ठ-02)
❍ बागपत से शुरू होगी पहली हेरिटेज ट्रेल (पृष्ठ-02)
❍ रुपया 56 पैसे टूटकर 93.39 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
❍ ईरानी कच्चे तेल की भारत में 7 साल बाद वापसी (पृष्ठ-10)
❍ इंदौर एसईजेड का निर्यात 14,000 करोड़ (पृष्ठ-10)

**विशेष खबर** महिला आरक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए किया जायेगा संशोधन

# सदी का सबसे बड़ा निर्णय लेने की दहलीज पर भारत

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक की दहलीज पर है क्योंकि संसद उस समय नया इतिहास रचेगी जब 2029 से महिला आरक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए, इस सप्ताह इसमें संशोधन किया जाएगा।

मोदी ने 16 अप्रैल से शुरू हो रहे संसद के तीन दिवसीय सत्र से पहले यहां आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में कहा कि इस कानून के लागू होने से अतीत की परिकल्पनाएं साकार होंगी और भविष्य के संकल्प पूरे होंगे। उन्होंने शासन में महिलाओं के योगदान की सराहना की और जोर दिया कि उनमें से कई बड़ी भूमिकाओं के लिए तैयार और उत्सुक हैं। मोदी ने सम्मेलन में कहा, हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। ऐसा नया इतिहास, जो अतीत की परिकल्पनाओं को साकार करेगा और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। यह ऐसे भारत का संकल्प है, जो समतावादी हो, जिसमें सामाजिक न्याय केवल नारा न होकर हमारी कार्य संस्कृति और निर्णय प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा हो।

उन्होंने यह भी कहा कि जब 2023 में यह कानून पेश किया गया था तब इसे सभी दलों की सर्वसम्मति से पारित किया गया था और इसे 2029 तक लागू करने की विशेष रूप से विपक्ष की ओर से सामूहिक मांग उठी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्यों की विधानसभाओं से लेकर देश की संसद तक, दशकों के इंतजार को समाप्त करने का समय 16, 17 और 18 अप्रैल है, जब संशोधनों पर विचार करने और उन्हें पारित करने के लिए विस्तारित बजट सत्र निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा, 2023 में नयी संसद में हमने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में पहला कदम उठाया था, हमारे राष्ट्र की विकास यात्रा में इन महत्वपूर्ण पड़ावों के बीच, भारत 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक निर्णय लेने की दहलीज पर खड़ा है। मोदी ने कहा मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि यह फैसला हमारे समय के सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में से एक होगा। यह फैसला महिला सशक्तिकरण को समर्पित होगा और नारी शक्ति एवं नारी सम्मान के प्रति सच्चे आदर का प्रतीक होगा। संसद ने सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था जिसे आमतौर पर महिला आरक्षण कानून के नाम से जाना जाता है। यह लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अधिनियम में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीट आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान ...शेष पृष्ठ 10 पर

# खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति में उछाल

एजेंसी

❍ प्याज, आलू, लहसुन, अरहर दाल व चने की कीमतों से घटी महंगाई

नयी दिल्ली। खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई। फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत के स्तर पर थी। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कुछ खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर मार्च में 3.87 प्रतिशत रही जो पिछले महीने के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े नई श्रृंखला यानी 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी किए हैं। खुदरा महंगाई हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बनी हुई है। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, सोने-चांदी के आभूषण, नारियल, टमाटर और फूलगोभी की कीमतों में मार्च महीने में भारी बढ़ोतरी हुई। वहीं प्याज, आलू, लहसुन, अरहर दाल और चने की कीमतों की महंगाई दर घटी। बिजली, गैस और अन्य ईंधन श्रेणी में खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में 1.65 प्रतिशत रही।

# अखिल ज्योत 2026 : बीबीडीयू में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की स्मृति में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

## हेल्थ सिटी ट्रॉमा सेंटर के सहयोग से एनएसएस इकाई ने जुटाया 94 यूनिट रक्त संग्रह कर युवाओं ने कायम की सेवा की मिसाल







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू) के एच-ब्लॉक कॉन्फ्रेंस हॉल में आज अखिल ज्योत 2026 के उपलक्ष्य में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'हेल्थ सिटी ट्रॉमा सेंटर और सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल' के सहयोग से आयोजित यह शिविर बीबीडी ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पावन स्मृति को समर्पित रहा।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं है, बल्कि यह संकट के समय किसी के परिवार को नया जीवन देने का संकल्प है। हमारे संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी का सपना एक संवेदनशील और सेवाभावी समाज का था, और आज युवाओं का यह उत्साह उनके उसी विजन को साकार कर रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ एस.के. श्रीवास्तव प्रो-वाइस चांसलर प्रो. डॉ. सतीश चंद्र शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. डॉ. एस.एम.के. रिजवी और एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रभाष चंद्र पाठक की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। अतिथियों का स्वागत बुके और शॉल भेंट कर किया गया, जिसके पश्चात मुख्य अतिथि ने रिबन काटकर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया।

कुलपति प्रो. एस.के. श्रीवास्तव ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, ₹ऐसे शिविर न केवल रक्त की कमी को पूरा करते हैं, बल्कि छात्रों में परोपकार और सेवा की भावना का भी संचार करते हैं।

प्रो-वाइस चांसलर डॉ. सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी हमेशा सामाजिक सेवा के पक्षधर रहे और यह आयोजन उनके आदर्शों को जीवित रखने का एक सार्थक प्रयास है।

डॉ. एस.एम.के. रिजवी ने छात्रों के अनुशासन और उत्साह की सराहना करते हुए इसे विश्वविद्यालय की सामाजिक जिम्मेदारी का अहम हिस्सा बताया।

विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ. सुधार्मा सिंह ने इस अवसर पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान केवल एक चिकित्सीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रभाष चंद्र पाठक ने बताया कि शिविर में विश्वविद्यालय के छात्रों ने रिकॉर्ड संख्या में हिस्सा लिया। हेल्थ सिटी ट्रॉमा सेंटर की विशेषज्ञ चिकित्सा टीम ने रक्त संग्रहण की प्रक्रिया को पूरी कुशलता और मानकों के साथ संपन्न कराया। प्रत्येक रक्तदाता को विश्वविद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शिविर के अंत में विश्वविद्यालय प्रशासन और एनएसएस टीम ने हेल्थ सिटी हॉस्पिटल की टीम एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारीयों ने शिविर की व्यवस्थाओं का सफल नेतृत्व किया। सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

# परिश्रम करो, मंजिल खुद मिलेगी : सीएम



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आदर्श माध्यमिक विद्यालय, जनभवन के 5.17 करोड़ रुपये से निर्मित नवीन भवन का उद्घाटन किया। सीएम योगी ने इस अभिनव प्रयास के लिए राज्यपाल का आभार प्रकट किया। उन्होंने बच्चों को सीख दी कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। प्रयास करने से सभी कार्य होते हैं। परिश्रमी व्यक्ति ही अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफल होता है। इस अवसर पर अतिथियों ने 'हमारा जनभवन' पुस्तक का विमोचन भी किया और विद्यालय की प्रधानाचार्या व चालक को स्कूल बस की चाबी प्रदान की। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा, अमन्त्रमक्षरं नास्ति, नास्ति मूलमनौषधम्। अयोग्यः पुरुषः नास्ति, योजकः तत्र दुर्लभः।। अर्थात कोई भी अयोग्य नहीं है। जैसे कोई अक्षर अयोग्य नहीं है, हर अक्षर में मंत्र और हर वनस्पति में औषधि बनने की ताकत है। वैसे ही हर मनुष्य में योग्य बनने का सामर्थ्य है, लेकिन उसके लिए योजक चाहिए। शिक्षा के लिए राज्यपाल ने योजक के रूप में मॉडल प्रस्तुत किया है। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा परिषद इससे प्रेरणा प्राप्त कर सकती हैं। यह उदाहरण हर एक क्षेत्र में प्रस्तुत किया जा सकता है।

सीएम योगी ने बच्चों के समक्ष वैद्य जीवक का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने आयुर्वेद में पहचान बनाई। तक्षशिला में शिक्षा अर्जित करने के बाद गुरु से आज्ञा लेने गए और कहा कि मैं वापस अपने देश-घर जाना चाहता हूं। इस पर गुरु ने कहा कि पहले परीक्षा देनी होगी। वन में जाओ और ऐसी वनस्पति ढूंढकर लाओ, जिसमें औषधीय गुण न हो। जीवक ने तक्षशिला के वन में जाकर कई दिनों तक निवास किया और वापस आकर गुरु से कहा कि ऐसी कोई भी वनस्पति नहीं है, जिसमें औषधीय गुण न हो। सीएम योगी ने नवनिर्मित विद्यालय भवन की तारीफ करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि उन्हें यहां शिक्षण संस्थान का आदर्श मॉडल प्राप्त हो रहा है। इस मॉडल को कहीं भी प्रस्तुत कर सकते हैं। जैसा हम प्रस्तुत करते हैं, लोग उसी रूप में अंगीकार भी करेंगे।

# विश्व धरोहर दिवस पर बागपत से शुरू होगी पहली हेरिटेज ट्रेल

लखनऊ। श्री कृष्ण की लीला और पांडवों के पराक्रम की कहानी आप सभी ने सुनी होगी। अब इसकी अमिट छाप भी देख सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर देश दुनिया के लिए विश्व धरोहर दिवस पर 18 अप्रैल को बागपत से हेरिटेज ट्रेल शुरू की जा रही है। यहां द्वापर युग के ऐतिहासिक स्थलों से देश-विदेश के पर्यटक परिचित हो सकेंगे। इसके अंतर्गत बरनावा, सिनौली, लाक्षागृह से लेकर प्राचीन धार्मिक स्थलों तक ऐतिहासिक श्रृंखला जोड़ी जा रही है। इसकी एक और खास बात है कि युवाओं को यहां गाइड, गांवों को होमस्टे और स्थानीय व्यंजनों को योगी सरकार बढ़ावा भी देने जा रही है। हेरिटेज ट्रेल के माध्यम से पर्यटक बरनावा स्थित लाक्षागृह और पांडवकाल की गुफाओं जैसे स्थलों का अवलोकन कर सकेंगे, जहां महाभारतकालीन इतिहास और उस दौरान के कई प्रसंगों की अमिट छाप देखी जा सकेगी। यहां आने वाले देश-विदेश के पर्यटक 4000 वर्ष पुरानी सभ्यता के बारे में जान सकेंगे और इतिहास के अनदेखे पहलुओं को देखकर अभिभूत होंगे। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा मांगे गए पांच गांवों में से एक गांव वर्तमान बागपत जिले के बरनावा क्षेत्र में माना जाता है। यही कारण है कि यह क्षेत्र पौराणिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है तथा इसे हेरिटेज ट्रेल का प्रमुख केंद्र बनाया गया है। हेरिटेज ट्रेल में बरनावा का लाक्षागृह, सिनौली पुरातात्विक स्थल, खंडवारी के प्राचीन अवशेष, पुरा महादेव मंदिर, जोहड़ी मंदिर परिसर, बरौत का ऐतिहासिक क्षेत्र, त्रिलोक तीर्थधाम तथा यमुना तट के प्राचीन अवशेषों को शामिल किया गया।

# रोजगार मेले में 27 हजार युवाओं का पंजीकरण



विशेष संवाददाता (vol)

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के नुमाइश ग्राउंड में सोमवार को आयोजित भव्य रोजगार मेला एवं विकास कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के समग्र विकास, युवाओं के सशक्तीकरण और किसानों के कल्याण को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इस दौरान उन्होंने चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा तैयार ह्लकौशल दर्शनह्व पुस्तक का विमोचन किया गया, जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं की सफलता की कहानियों का संकलन है। साथ ही मिशन द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने कार्यक्रम को और आकर्षक बना दिया। रोजगार मेले में 200 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जिससे युवाओं को सीधे उद्योगों से जुड़ने का अवसर मिला। इस मेले में 27,000 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से बड़ी संख्या में युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह मेला युवाओं के लिए एक सशक्त प्लेटफॉर्म साबित हो रहा है, जहां उन्हें उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार मिल रहा है। उन्होंने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि जो युवा इस बार चयनित नहीं हो सके हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि सरकार समय-समय पर ऐसे अवसर उपलब्ध कराती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रोजगार मेलों के जरिए न केवल नौकरी के अवसर बढ़ रहे हैं, बल्कि स्वरोजगार को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश में निवेश, उद्योग और तकनीकी विकास को बढ़ावा देकर युवाओं के लिए और अधिक रोजगार सृजित किए जाएंगे।

# प्रदेश के विभागों में पिछड़े वर्ग के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप (स्वतंत्र प्रभार) की अध्यक्षता में सोमवार को विधान सभा स्थित कार्यालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। नरेन्द्र कश्यप ने विभागों में पिछड़ा वर्ग के रिक्त पदों को शीघ्र पूर्ण करने पर बल दिया। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग कल्याण के प्रमुख सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तह पर अगर कोई समस्या हो तो उनके संज्ञान में लाया जाए लेकिन भर्ती प्रक्रिया में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

इस मामले में प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह (पिछड़ा वर्ग कल्याण) ने बताया कि विभाग में कुल 191 पद रिक्त हैं जिस पर शीघ्र की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी। श्री कश्यप ने इस युग को संचार का युग कहा, जिसमें सोशल मीडिया प्रचार-प्रसार का एक बहुत प्रभावशाली अंग है। पारम्परिक संचार/प्रचार-प्रसार माध्यमों के साथ ही एआई के इस युग में हमें समय के साथ चलना होगा। विभागीय योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया जाए ताकि समाज के पिछड़ा वर्ग में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता उत्पन्न हो।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री को प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने बताया कि कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजनान्तर्गत विगत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश में कुल 43,689 विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का वितरण करते हुए 34,420 पात्र दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया।

# बुद्धम शरणम गच्छामि ही शांति का मार्ग : केशव

**लखनऊ।** विश्व शांति के पावन संदेश के साथ राजधानी लखनऊ में बौद्ध भिक्षुओं एवं पूज्य भन्तेगणों द्वारा भव्य शांति मार्च निकाला गया। यह मार्च डॉ. आम्बेडकर महासभा कार्यालय से शुरू होकर हजरतगंज होते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कैम्प कार्यालय 7- कालिदास मार्ग पहुंचा, जहां उन्होंने भिक्षुओं का आत्मीय स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री ने सभी भिक्षुओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और कहा कि शांति का एकमात्र मार्ग बुद्धम शरणम गच्छामि है। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध का संदेश आज वैश्विक अस्थिरता के दौर में मानवता के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा शांति, समता और मानवता की रही है और प्रधानमंत्री द्वारा संयुक्त राष्ट्र में कही गई बात – भारत ने दुनिया को बुद्ध दिया है, युद्ध नहीं आज और अधिक प्रासंगिक हो गई है।



संक्षेप

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज मंगलवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में एक बजे लालगंज के अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब भीम राव आम्बेडकर के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वह अपरान्ह तीन बजे घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। दिन में साढ़े तीन बजे गांधी इण्टर कालेज में आयोजित शैक्षिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## जेल बंदी की मौत पर मजिस्ट्रियल जांच शुरू

श्रावस्ती। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला कारागार श्रावस्ती में निरुद्ध एक बंदी की मृत्यु के मामले में मजिस्ट्रियल जांच प्रारंभ कर दी गई है। डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विचाराधीन/सिद्धदोष बंदी नगई उर्फ बाबा गोंसाई उर्फ इन्द्रजीत (61 वर्ष), पुत्र रामनरायन गोंसाई, निवासी खानपुर बुढ़नी, तत्कालीन थाना इकौना, जनपद श्रावस्ती (वर्तमान तहसील पयागपुर, जनपद बहराइच) की इलाज के दौरान 16/17 दिसम्बर 2025 को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में मृत्यु हो गई थी। उक्त प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार द्वारा की जा रही है। इस संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि यदि किसी व्यक्ति, विशेषकर मृतक के परिजनों को घटना के संबंध में कोई जानकारी, आपत्ति या साक्ष्य प्रस्तुत करना हो, तो वे निर्धारित तिथियों में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 05 मई 2026 से 07 मई 2026 तक प्रतिदिन पूर्वान्ह 10:00 बजे से 12:00 बजे के मध्य कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जांच अधिकारी/डिप्टी कलेक्टर कार्यालय कक्ष संख्या-29 में उपस्थित होकर साक्ष्य एवं बयान प्रस्तुत किए जा सकते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से आमजन से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

## बाइक की टक्कर से मासूम गंभीर

पटना कोठार श्रावस्ती। एनएमपीटी थाना क्षेत्र के पटना कोठार में शाम लगभग 7 बजे सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें 8 साल का एक बच्चा और बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रमोद मौर्य का लगभग 8 वर्षीय पुत्र आदित्य मौर्य घर के पास खेलते-खेलते अचानक सड़क पर आ गया। उसी दौरान रफीक पुत्र कुतुब अली मोटरसाइकिल से वहां से गुजर रहा था। अचानक बच्चे के सामने आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गई और आदित्य को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बच्चा और बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एंबुलेंस के सहायता से इकौना पहुंचाया।

# बाबा साहेब के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचायें

### विधायक ने बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर अर्पित की पुष्पांजलि



श्रावस्ती। संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती (14 अप्रैल) की पूर्व संध्या पर इंडियन बौद्ध बिहार, कटरा श्रावस्ती में श्रद्धा, समर्पण एवं सामाजिक चेतना से ओत-प्रोत एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रिय विधायक रामफेरन पाण्डेय ने उपस्थित होकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर उन्हें कृतज्ञतापूर्वक नमन किया। इस दौरान पूरा परिसर श्रद्धा, सम्मान और प्रेरणा के वातावरण से अभिभूत रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने भी दीप अर्पित कर बाबा साहब के सिद्धांतों—समानता, न्याय और बंधुत्व—को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और समाज के प्रत्येक वर्ग तक बाबा साहब के विचारों को पहुंचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनोज दुबे, जिला महामंत्री सुनील चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया और उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और आत्मसम्मान का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने भारतीय समाज को एक नई दिशा प्रदान की और संविधान के माध्यम से समानता, स्वतंत्रता एवं न्याय के मूल्यों को स्थापित किया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा और संघर्ष के बल पर किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा बाबा साहब के आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लिया। शांतिपूर्ण और प्रेरणादायक वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बुजुर्ग की हत्या

### दबंगों ने लाठी-डंडों से पीटकर ली जान



सिद्धार्थनगर- खेसराहा थाना क्षेत्र के मदुवापुर गांव में 'घर में झांकने' के शक को लेकर हुए विवाद में 65 साल के बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। दबंगों ने लाठी-डंडों और सरिया से हमला किया। इस घटना में मृतक का बेटा, पत्नी और बहू भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

आत्माराम (65) रविवार रात करीब 8 से 9 बजे के बीच अपने घर के सामने सड़क पार कर शौच के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी बाल गोविंद और उसके साथियों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने आत्माराम पर लाठी, डंडे और लोहे की सरिया से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। पिता को बचाने पहुंचे पुत्र शशि कपूर वर्मा, पत्नी मुन्नी देवी और बहू पूजा देवी पर भी हमलावरों ने हमला किया। उन्हें भी पीटा गया, जिससे एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद पीड़ित पक्ष ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। गंभीर रूप से घायल आत्माराम को परिजन खेसराहा के अस्पताल ले गए। रात करीब 11 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लगाया मृतक के बेटे शशि कपूर वर्मा ने बताया कि इस घटना की वजह दिन में हुआ एक विवाद था। रविवार को उनकी मां मुन्नी देवी छत पर कुछ काम कर रही थीं। नीचे उतरते समय पड़ोसी बाल गोविंद और उसके परिवार के सदस्यों ने उन पर आरोप लगाया कि वह उनके घर की तरफ झांक रही थीं। इसी बात को लेकर गाली-गलौज हुई थी। हालांकि, उस समय यह मामला शांत हो गया था, लेकिन रात में यह विवाद हिंसक रूप ले लिया, जिसके परिणामस्वरूप आत्माराम की हत्या हुई। ग्रामीणों के अनुसार, करीब 10 दिन पहले भी दोनों परिवारों के बीच भूसा उड़कर पड़ोसी के घर पहुंचने को लेकर कहासुनी हुई थी।

## अधिवक्ता की हत्या को लेकर उपजा आक्रोश, किया विरोध- प्रदर्शन



प्रतापगढ़। मिजार्पुर जिले में साथी अधिवक्ता की गोली मारकर हुई हत्या से आक्रोशित वकीलों ने सोमवार को यहां विरोध प्रदर्शन करते हुए न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। मिजार्पुर जिले में अधिवक्ता राजीव सिंह की गोली मारकर हत्या की घटना को लेकर सुबह वकीलों का तहसील गेट पर भारी जमावडा हुआ। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश व रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में वकीलों ने बीती ग्यारह अप्रैल को हुई अधिवक्ता की नृशंस हत्या को लेकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संघ के अध्यक्ष अनिल महेश ने अधिवक्ता के हत्यारों को फांसी दिये जाने की मांग के साथ परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा दिये जाने की आवाज उठायी। आमसभा कर वकीलों ने न्यायिक कामकाज के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित किया। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय व उपाध्यक्ष आशीष तिवारी ने सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर मांग उठाई। सभा का संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर विकास मिश्र, प्रमोद सिंह, राहुल तिवारी, अबरार अहमद, केके शुक्ला, विपिन शुक्ला, सुमित त्रिपाठी, सुशील शुक्ला, सत्यम त्रिपाठी, सूर्यकांत निराला आदि अधिवक्ता रहे।

## अवैध शराब बरामद, आरोपियों के खिलाफ केस



प्रतापगढ़। आबकारी विभाग द्वारा औचक छापेमारी में लालगंज कोतवाली क्षेत्र के जगन्नाथपुर व रामपुर में तीस लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी है। आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार यादव के साथ निकली टीम ने सोमवार को जगन्नाथपुर व रामपुर में कच्ची शराब के साथ चार सौ कुन्तल लहन को भी बरामद किया। टीम ने बरामद लहन को मौके पर नष्ट कराया। टीम के द्वारा बरामदगी को लेकर आबकारी अधिनियम के तहत आरोपियो के खिलाफ केस भी दर्ज कराया गया। वहीं आबकारी निरीक्षक अशोक यादव ने इन गांवो मे अवैध शराब के सेवन से दुष्परिणामों को लेकर जागरूकता भी प्रदान की।

### उसका बाजार में विकास की रफ्तार तेज

## हेमंत जयसवाल के प्रयासों से बदली नगर की तस्वीर



सिद्धार्थनगर। जिले के उसका बाजार नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों ने अब स्पष्ट रूप से गति पकड़ ली है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत जयसवाल के निरंतर प्रयासों के चलते कस्बे में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। नगर क्षेत्र में लंबे समय से जल निकासी की समस्या गंभीर बनी हुई थी, जिसके समाधान के लिए अब व्यापक स्तर पर नाला-नालियों का निर्माण कराया जा रहा है। इससे बरसात के मौसम में होने वाली जलभराव की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही सड़कों का जाल बिछाकर आवागमन को सुगम बनाया जा रहा है, जिससे कस्बे की कनेक्टिविटी में भी सुधार हुआ है। स्वच्छता को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नियमित सफाई व्यवस्था और जागरूकता अभियानों के माध्यम से नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास जारी है। हेमंत जयसवाल के नेतृत्व में हो रहे इन विकास कार्यों की स्थानीय जनता सराहना कर रही है। उनका कहना है कि कस्बे को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। कुल मिलाकर, उसका बाजार नगर पंचायत अब तेजी से विकास की ओर अग्रसर है और आने वाले समय में यह क्षेत्र एक बेहतर और सुविधाजनक नगर के रूप में उभरता नजर आ रहा है।

## अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें महिलाएं

### डीएम की अध्यक्षता में नारी शक्ति सम्मेलन संपन्न



श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन जिलाधिकारी (डीएम) अश्विनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस दौरान उन्होंने देशभर की महिलाओं को संबोधित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं के साथ संवाद स्थापित किया तथा पंचायत से पार्लियामेंट तक महिलाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प व्यक्त किया।

जनपद स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। डीएम ने महिलाओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल जिला प्रशासन एवं पुलिस से संपर्क करें, ताकि समय पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक अश्विनी कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाएं, महिला ग्राम प्रधान, जीजीआईसी भिनगा की छात्राएं एवं शिक्षिकाएं, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सहित महिला कल्याण विभाग के हब, सीपीएस एवं ओएससी से जुड़े कार्मिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सीएम पोर्टल पर दर्ज करायी शिकायत



प्रतापगढ़। सांगीपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में अतिक्रमण तथा गंदगी को लेकर ग्रामीणों ने सीएम के पोर्टल समेत अफसरों को शिकायत भेजी है। क्षेत्र के खानीपुर प्राथमिक विद्यालय में अतिक्रमण को लेकर दर्ज करायी गयी शिकायत में कहा गया है कि दबंगो द्वारा विद्यालय की खिड़की व दरवाजे के बगल ईट तथा लकड़ी और गोबर का ढेर लगाकर रखा गया है। अवैध कब्जे को लेकर यहां छात्रों को पठन पाठन के साथ खाने पीने में भी असुविधा हो रही है। गांव के फौजी आदित्य सिंह ने अतिक्रमण को लेकर सीएम के पोर्टल समेत अफसरों को शिकायत भेजी है। इस बाबत खण्ड शिक्षा अधिकारी जंगी लाल का कहना है कि प्रधानाध्यापक के माध्यम से एसडीएम को सीमांकन के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है। स्कूल की दीवार में सटाकर जानवर के लिए हौद बनाया गया है। बीईओ के मुताबिक रिपोर्ट के आधार पर अतिक्रमण हटाने के बाबत कडी कार्रवाई की जाएगी।

# रामपुर खास को सर्वश्रेष्ठ बनाने का मिशन जारी रखेंगे

### कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता ने शैक्षिक समारोह में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

जिला संवाददाता




प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने सोमवार को पिपरी प्रतापपुर चेरगढ़ में आयोजित जनसभा में कहा कि विकास की सर्वश्रेष्ठता में समानता के अधिकार की शक्ति निहित हुआ करती है।

उन्होने कहा कि रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में बहुमुखी विकास के साथ हर व्यक्ति को विकास के अवसर की समानता का वातावरण सदैव मजबूत दिखेगा। विधायक मोना ने कहा कि सांसद प्रमोद तिवारी के साथ वह मिलकर यहां हाइवे सड़क परियोजना तथा बिजली व सुरक्षा एवं शैक्षिक वातावरण के जरिए क्षेत्र को विकास की चमक से सर्वश्रेष्ठ बनाने का मिशन जारी रखेगी। जनसभा में उन्होने हाल ही में किये गये प्रयास के तहत क्षेत्र मे विभिन्न सड़क परियोजनाओं, नहर के सुदृढ़ीकरण व स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक मुश्त धनराशि की शासन से मंजूरी को स्थानीय विकास के लिए बड़ी उपलब्धि कहा। विधायक मोना ने कहा कि विकास के साथ यहां हर व्यक्ति के मान सम्मान की सुरक्षा तथा अवसर व अधिकारों के प्रति समानता सर्वोच्च प्राथमिकता में है। जनसभा का संयोजन अरविन्द सरोज व नागेन्द्र बहादुर सिंह ने किया। स्थानीय विकास के लिए विधायक के द्वारा कई योजनाओं की सौगात को लेकर ग्रामीणों ने उनका सम्मान भी किया।

इसके पहले विधायक आराधना मिश्रा मोना ने सराय संग्राम सिंह में पीटीएस कान्वेंट स्कूल में शैक्षिक संगोष्ठी के तहत प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया। सरयू समाज कल्याण संस्थान द्वारा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने इण्टरमीडिएट के सर्वश्रेष्ठ मेधावियों को कम्प्यूटर सेट भी प्रदान किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रबंधक अजीत पटेल व संचालन डॉ0 नन्हेंलाल यादव ने किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, राकेश चतुर्वेदी, भुवनेश्वर शुक्ल, आशीष उपाध्याय, आचार्य विद्याधर पटेल, त्रिभुवन तिवारी, राजेन्द्र पाण्डेय, मुन्ना सिंह, इंद्रजीत सिंह, सहदेव, लालजी पटेल, रूपनाथ पटेल आदि मौजूद रहे।

## बदायूं से दिल्ली के लिए सीधी रेल सेवा शुरू

बदायूं। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रेल संपर्क को बढ़ावा देते हुए सोमवार को बदायूं से नयी दिल्ली के लिए एक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर जिले के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित सीधी रेल सेवा की शुरुआत की। वर्मा ने बदायूं रेलवे स्टेशन पर एक कार्यक्रम में 05303 बदायूं नयी दिल्ली विशेष गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर दिल्ली के लिए रवाना किया। रेल मंत्रालय द्वारा बरेली-नई दिल्ली-बरेली इंटरसिटी एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार कर कासगंज तक शीघ्र चलाये जाने की स्वीकृति भी प्रदान की गई। इस समारोह में स्थानीय अधिकारी, पार्टी कार्यकर्ता और लोग उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री वर्मा ने मीडिया से कहा कि बदायूं के लोग लंबे समय से दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन की मांग कर रहे थे।

## बुजुर्ग हत्याकांड का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार, 2 बाल अपचारी अभिरक्षा में



सिद्धार्थनगर- खेसरहा थाना पुलिस ने ग्राम मदुआपुर में एक बुजुर्ग की हत्या का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिए हैं। जानकारी के अनुसार, 12 अप्रैल 2026 की रात खेसरहा थाना क्षेत्र के मदुआपुर निवासी आत्माराम वर्मा (पुत्र शिवपूजन) को विपक्षी पक्ष द्वारा गंभीर रूप से मारपीट कर घायल कर दिया गया था। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेसरहा में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर उच्च अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। मृतक के पुत्र शशिकपूर वर्मा की तहरीर पर थाना खेसरहा में मुकदमा संख्या 47/2026 धारा 103(1), 115(2), 352, 191(2), 191(3), 190 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने वैज्ञानिक और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने 24 घंटे के भीतर पनघटिया बंधा, कैथवलिया के पास से अभियुक्त बालगोविंद, जयप्रकाश और संगीता (सभी निवासी मदुआपुर) को गिरफ्तार कर लिया। इसके अतिरिक्त, दो बाल अपचारियों को भी अभिरक्षा में लिया गया।

### डिप्थीरिया रोकथाम को विशेष टीकाकरण अभियान

## स्कूलों में 20 अप्रैल से बच्चों को अतिरिक्त डोज दिए जायेंगे




सिद्धार्थनगर- डिप्थीरिया जैसे संक्रामक रोग की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। उद्द शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में 13 अप्रैल सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक समीक्षा बैठक हुई। इसमें स्कूल आधारित टीडी/डीपीटी विशेष टीकाकरण अभियान की रणनीति और क्रियान्वयन पर गहन चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा और संबंधित विभागों के अधिकारियों को अभियान को गंभीरता, समन्वय और समयबद्ध तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए गए। इसका उद्देश्य जनपद के प्रत्येक पात्र बच्चे तक टीकाकरण की पहुंच सुनिश्चित करना है। यह अभियान 20, 21, 23, 24, 27, 28 और 30 अप्रैल 2026 को सभी विकासखंडों में चलाया जाएगा।

इस अभियान के तहत सभी सरकारी, निजी विद्यालयों, सहायता प्राप्त स्कूलों और मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को लक्षित किया जाएगा। उन्हें डीपीटी-2 बूस्टर (कक्षा-1 और 5-6 आयु वर्ग), टीडी-10 (कक्षा-4-5, 10 वर्ष आयु वर्ग) और टीडी-16 (कक्षा-10 और 11, 16 वर्ष आयु वर्ग) के अतिरिक्त डोज दिए जाएंगे। किसी भी पात्र बच्चे को टीकाकरण से वंचित न रखने पर जोर दिया गया है। अभियान की सफलता के लिए पूर्व तैयारियों पर विशेष बल दिया गया। निदेर्शानुसार, 16 अप्रैल 2026 तक सभी ब्लॉकों में समन्वय बैठकें और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 17 अप्रैल तक सभी विद्यालयों में कार्ययोजना तैयार कर शिक्षकों और प्रबंधन को जागरूक किया जाएगा। जनपद स्तर पर समेकित कार्ययोजना 18 अप्रैल तक प्रस्तुत करनी होगी, ताकि अभियान के दौरान कोई अव्यवस्था न हो। स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के बीच बेहतर समन्वय, टीकाकरण टीमों की समय पर तैनाती, आवश्यक दवाओं व संसाधनों की उपलब्धता तथा निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं। बैठक में यह भी कहा गया कि डिप्थीरिया एक जानलेवा बीमारी है, लेकिन समय पर टीकाकरण के माध्यम से इसे पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। अभिभावकों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने और टीकाकरण को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रांति या हिचकिचाहट को दूर करने पर जोर दिया गया। साथ ही अभियान के दौरान प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करने और कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता पर भी चर्चा की गई।

## सोनवा में छापा, दो बाल श्रमिक मुक्त



श्रावस्ती। थाना सोनवा पुलिस और एनजीओ ह्यदेहात इंडिया की टीम ने रतनापुर के पर्वत नीर प्लांट पर छापा मारकर दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। दोनों बच्चों को सुरक्षित मिशन शक्ति केंद्र लाया गया है और आगे की कार्यवाही के लिए बाल कल्याण समिति को सौंपा जाएगा। पुलिस प्लांट मालिक की तलाश कर रही है और बाल श्रम के खिलाफ अभियान जारी है।

## उपनिरीक्षक समेत दो पुलिसकर्मी घायल

शाहजहांपुर। जिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने उसके घर पहुंची पुलिस पर दबंग आरोपी तथा उसके परिवार की महिलाओं ने हमला कर दिया जिसमें एक उपनिरीक्षक समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने सोमवार को दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि थाना मदनापुर अंतर्गत पंखिया खेड़ा गांव में रहने वाले राजिस खान के खिलाफ एक मामले में न्यायालय ने वारंट जारी किया था, लेकिन वह न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था।

## आरक्षी आंबेडकर नगर से गिरफ्तार

चंदौली। जिले में कथित तौर पर गौ-तस्करों से साठगांठ और उनकी मदद करने के आरोप में निलंबित और संबंधित मुकदमे में वांछित आरक्षी को पुलिस ने आंबेडकर नगर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने सोमवार को बताया कि चंदौली सदर कोतवाली एवं इलिया थाने की संयुक्त टीम ने निलंबित आरक्षी सत्येन्द्र यादव को रविवार को गिरफ्तार किया। जिले के इलिया थाने में गौ-तस्करी का एक मामला दर्ज हुआ था।


**लखनऊ विकास प्राधिकरण**

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0) टोल-फ्री: 1800 1800 5000, वेबसाइट: http://www.ldalucknow.in

**-: सार्वजनिक सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्व0 जोगेन्द्र सिंह छाबड़ा | फ्लैट सं0 A-32/24/01 | सुलभ आवास योजना गोमती नगर विस्तार योजना सेक्टर-01 | 28.03.2024 | श्री विनय कुमार | रजिस्टर्ड वसीयत नामा के आधार पर | ---- |
| 2. | मंजुलिका जैन | भूखण्ड सं0 M-8 | सेक्टर-1 शारदा नगर विस्तार | 04.09.2021 | सुनील कुमार जैन, सुप्रिया अग्रवाल, अनुप्रिया जैन | ---- | पति एवं पुत्रियाँ |
| 3. | स्व0 राजेन्द्र तिवारी | भवन सं0 3/50 | विपुल खण्ड गोमती नगर योजना | 13.12.2025 | श्रीमती रीना तिवारी | श्री उत्कर्ष तिवारी सुश्री मानसी तिवारी | पुत्र एवं पुत्री-अवि0 |
| 4. | मूल आवंटी/मृतक श्रीमती सीता देवी | भवन सं0 ई0-1/897 | सेक्टर-एच कानपुर रोड योजना | 17.12.2025 | श्री गगन दीप खन्ना | ---- | पुत्र |
| 5. | स्व0 राकेश सिंह | भूखण्ड सं0 1/731 | रतन खण्ड शारदा नगर योजना | 29.05.2024 | श्रीमती नम्रता सिंह चौहान | वसीयतनामा | पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कालम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

## अंकिता प्रजापति ने बढ़ाया विद्यालय का मान

गोला, गोरखपुर। आनन्द विद्यापीठ इंटर कॉलेज ककरही की कक्षा 8 की छात्रा अंकिता प्रजापति ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा गायत्री तीर्थ शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित की गई थी।

## सूचना कुर्की

थाना को0 नगर जनपद सुलतानपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-549/2025 धारा-137(2),87,351(2), 142, 61(2), 145 बीएनएस व 16/17 पाक्सो एक्ट, 5 अनैतिक मानव तस्करी निवारण अधिनियम भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में नामित वांछित अभियुक्तगण 1- गोकुल प्रजापति पुत्र छोटेलाल प्रजापति 2-ग्रीस कुमार शर्मा पुत्र विन्देश्वरी शर्मा निवासीगण ग्राम भगवानपुर थाना कुडवार जनपद सुलतानपुर के विरूद्ध दिनॉक 30.03.2026 को धारा 84 बीएनएसएस की आदेशिका माननीय न्यायालय पाक्सो एक्ट द्वारा जारी किया गया है जिसमें दिनॉक 29.04.2026 की तिथि नियत है।

# पर्यटन के नक्शे पर चमकेगा गोरखपुर का टेराकोटा गांव

## टेराकोटा गांव के रूप में मशहूर औरंगाबाद का पर्यटन विकास करायेगी योगी सरकार



गोरखपुर। टेराकोटा शिल्प के लिए प्रसिद्ध जिले के भटहट क्षेत्र का गांव औरंगाबाद पर्यटन के नक्शे पर भी खूब चमकेगा। पर्यटन विभाग इसे स्पेशल टूरिस्ट विलेज (विशेष पर्यटन गांव) के रूप में विकसित कर रहा है। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए विभाग ने टेराकोटा गांव औरंगाबाद के पर्यटन विकास के लिए एक करोड़ रुपये की कार्ययोजना बनाई है। इस कार्ययोजना को पूर्ण करने की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था, सीएंडडीएस (कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज) को दी गई है।

टेराकोटा गांव में ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए स्वीकृत 96.29 लाख रुपये में से पहली किस्त के रूप में 67 लाख रुपये जारी भी कर दिए गए हैं। पर्यटन विकास की इस परियोजना में गेट कॉम्प्लेक्स, विद्युत कार्य और साइनेज के कार्य कराए जाएंगे। औरंगाबाद गांव के पर्यटन विकास से गोरखपुर के प्रसिद्ध टेराकोटा शिल्प की वैश्विक पटल पर ब्रांडिंग भी मजबूत होगी। गोरखपुर के टेराकोटा शिल्प से बने उत्पादों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना में शामिल कर इसे नई पहचान दिलाई है। सरकार का प्रोत्साहन मिलने से टेराकोटा उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिंग में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। मुख्यमंत्री खुद कई मंचों से इसकी ब्रांडिंग कर चुके हैं। अब सरकार ने टेराकोटा शिल्प को पर्यटन के साथ जोड़कर इसे ऊंचाई पर पहुंचाने की तैयारी की है। इसके दृष्टिगत टेराकोटा शिल्प का मूल माने जाने वाले औरंगाबाद गांव को टूरिस्ट विलेज के रूप में विकसित किया जा रहा है। सरकार की मंशा औरंगाबाद गांव को इस तरह विकसित करने की है जिससे पर्यटक यहां आकर टेराकोटा उत्पादों को अपने सामने बनता देख सकें। कई पर्यटक ओरिजिनल टेराकोटा उत्पादों को खरीदने की चाह रखते हैं, उनकी यह ख्वाहिश भी यहां आकर पूरी होगी। पर्यटन विभाग के उप निदेशक राजेंद्र प्रसाद यादव का कहना है कि टेराकोटा गांव औरंगाबाद में पर्यटन विकास की परियोजना को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाएगा। पर्यटन विकास होने से टेराकोटा गांव में होमस्टे और स्थानीय रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

## विधायक ने भाजपा के स्थापना दिवस पर किया जनसंपर्क, पूर्व की सरकार पर साधा निशाना



हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। जिले की पुरवा विधानसभा से भाजपा विधायक अनिल सिंह ने पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राम व बस्ती संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने हिलौली ब्लॉक क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों अकोहरी और गुलरिहा में लोगों से मुलाकात की। गुलरिहा पहुंचने पर विधायक अनिल सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इसके बाद गुलरिहा के प्रधान योगेंद्र सिंह (भोले) ने विधायक का माल्यार्पण, अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। विधायक ने भी लगभग दो दर्जन लोगों को माल्यार्पण और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक सिंह ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में योजनाएं बिचौलियों तक ही सीमित रह जाती थीं, जबकि भाजपा सरकार में मुफ्त राशन, आयुष्मान योजना, शिक्षा और बेटियों की शादी जैसी योजनाएं सीधे लोगों तक पहुंच रही हैं। विधायक ने 'हर घर जल' जैसी योजनाओं की प्रगति पर भी जानकारी दी। गुलरिहा में जनता को संबोधित करते हुए विधायक सिंह ने पूर्व की सरकारों और सपा के पूर्व विधायक उदयराज यादव पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले की सरकारों में योजनाओं का लाभ बिचैलिए ही उठा लेते थे। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने हिंदू, मुस्लिम सभी को एक समान समझा है। विधायक सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस बार चुनाव में ऐसी प्रवृत्तियों के लोगों को हराने के लिए पूरी ताकत लगा दें, अन्यथा चोर उचक्कों की खैर नहीं है। कार्यक्रम के बाद विधायक अनिल सिंह ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित किया, माल्यार्पण किया और सफाई अभियान भी चलाया। उन्होंने बताया कि यह संपर्क अभियान का आखिरी दिन था। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह (भोले), अरुण सिंह, ब्रजेश शुक्ला, संतोष सिंह सहित 600 से अधिक लोग उपस्थित रहे।

## स्वर्णिम भारत की यात्रा में सारथी हैं नारी: डॉ. गरिमा उपाध्याय

गोरखपुर। नारी शक्ति वन्दन अधिनियम देश के भाग्य को बदलने का काम करेगा, नारी जब कोई जिम्मेदारी संभालती हैं तो संकल्प को सिद्धि तक ले जाने के लिये वह जी-जान से जुट जाती हैं उक्त बातें एसवीएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. गरिमा उपाध्याय ने सर्किट हाउस गोरखपुर में पत्रकार वार्ता की।

# भव्य स्वरूप में सुसज्जित हुआ श्रीराम दरबार ठाकुर जी मंदिर

## आगामी दो मई से प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कार्यक्रम होगा आयोजन



मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के सिहाइजपार स्थित प्राचीन बाबा गरीब नाथ शिव मंदिर एवं श्रीराम दरबार ठाकुर जी मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य अब पूर्णता के करीब पहुंच रहा है। वर्षों पुराना यह धार्मिक स्थल अब पुनरुद्धार के बाद नए भव्यता के साथ क्षेत्रवासियों के लिए आस्था के साथ ही पर्यटन व आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।

इस प्राचीन मंदिर परिसर की विशेषता यह है कि यहां एक ही स्थान पर प्राचीन शिव मंदिर, श्रीराम दरबार, हनुमान मंदिर और मां दुर्गा मंदिर विराजमान हैं। ग्रामीणों के सहयोग से विधि-विधान पूर्वक देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कर इस स्थल को अत्यंत दिव्य और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है। जिससे श्रद्धालुओं को एक ही परिसर में अनेक देवी-देवताओं के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। ज्ञात हो कि अत्यधिक प्राचीन होने के कारण श्रीराम दरबार ठाकुर जी का मंदिर जर्जर स्थिति में पहुंच चुका था। इसके जीर्णोद्धार के लिए ग्रामीणों ने मिलकर बाबा गरीब नाथ सेवा संस्था का गठन किया। संस्था के अध्यक्ष एवं शाही ग्लोबल अस्पताल के संस्थापक डॉ. शिवशंकर शाही के नेतृत्व में मंदिर के पुनर्निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ, जो आज भव्य रूप ले चुका है। मंदिर में विराजमान श्रीराम दरबार की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं भव्य श्रीराम महायज्ञ का आयोजन बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ किया जा रहा है। यह महायज्ञ बाबा बब्बन दास जी के सान्निध्य में संपन्न होगा। आगामी कार्यक्रम के 2 मई को भव्य कलश यात्रा, 3 मई को वेदी पूजन, 4 मई को मूर्ति जलाधिवास, 5 मई को मूर्ति अन्नाधिवास, 6 मई को पुष्पाधिवास, 7 मई को प्राण प्रतिष्ठा, 8 मई को हवन, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन होगा। इसके साथ ही 1 मई से 8 मई तक प्रतिदिन भव्य रामलीला का मंचन भी किया जाएगा। मंदिर के जीर्णोद्धार, महायज्ञ और रामलीला आयोजन से सिहाइजपार क्षेत्र इन दिनों पूरी तरह भक्तिमय माहौल में सराबोर है और यह स्थल तेजी से एक महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र के रूप में पहचान बना रहा है। मंदिर से सटे प्राचीन तालाब के भी जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण की उठी मांग मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन तालाब, जिसका अंतिम जीर्णोद्धार लगभग 65-70 वर्ष पूर्व हुआ था, वर्तमान में उपेक्षित है। ग्रामीणों ने इसके सुंदरीकरण की मांग उठाई है, ताकि मंदिर की भव्यता और भी निखर सके तथा यह स्थल पर्यटन एवं आस्था का केंद्र बन सके। प्राथमिक विद्यालय का भी जीर्णोद्धार कर हो विकास वहीं, मंदिर से सटे प्राथमिक विद्यालय का भवन भी अत्यंत जर्जर अवस्था में है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेकर भवन के ध्वस्तीकरण एवं नए निर्माण की मांग की है।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का मशाल जुलूस, सरकार को दी चेतावनी



उन्नाव। टीईटी से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू टीईटी अनिवार्यता के विरोध में बुधवार को अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के प्रांतीय आह्वान के क्रम में शिक्षकों ने विशाल मशाल जुलूस निकाला। जुलूस में विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर विरोध दर्ज कराया। जिससे संपूर्ण यातायात दो घंटे बाधित रहा और स्थिति सामान्य करवाने में प्रशासन के पसीने छूट गए। मशाल जुलूस पीडब्ल्यूडी परिसर से शुरू होकर आंबेडकर प्रतिमा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग उठाई। जुलूस में अटेवा, प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन, विशिष्ट बीटीसी, टीएससीटी, एससी-एसटी, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहे। सभी संगठनों ने एकजुट होकर आंदोलन को तेज करने का संकेत दिया। अटेवा के जिला संयोजक अर्पित मिश्रा ने कहा कि यह कानून शिक्षकों के साथ अन्यायपूर्ण है और इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक संगठन के जिलाध्यक्ष संजीव संखवार और मांडलिक मंत्री प्रदीप वर्मा ने कहा कि सभी शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक एकजुट होकर इस मुद्दे पर संघर्ष कर रहे हैं और मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

### कार्यालय ग्राम पंचायत बूढ़ापार विकास खण्ड मिठवल जनपद - सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत बूढ़ापार विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 16.04.2026 को 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय बूढ़ापार के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 16.04.2026 को 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बूढ़ापार के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बूढ़ापार कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत बूढ़ापार के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**प्रमोद कुमार**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत बूढ़ापार**
**सिद्धार्थनगर।**

**जनक नंदिनी**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत बूढ़ापार**
**सिद्धार्थनगर।**

# आयुष चिकित्सा का लाभ लेने को और सुगम होगा आवागमन

## भटहट से राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय मार्ग पर फोरलेन सड़क का निर्माण लगभग पूरा




गोरखपुर। रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के लिहाज से नए प्रतिमान गढ़ रहे गोरखपुर में एक और फोरलेन सड़क बनकर लगभग तैयार है। भटहट से बांसस्थान तक करीब 12 किमी लंबाई वाले इस फोरलेन सड़क पर ही प्रदेश का पहला राज्य आयुष विश्वविद्यालय स्थापित है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे आयुष विश्वविद्यालय तक जाने को स्थानीय लोगों और दूरदराज से आने वाले मरीजों के लिए फोरलेन की कनेक्टिविटी योगी सरकार की तरफ से नई सौगात होगी। बड़ी संख्या में आयुष चिकित्सा का लाभ लेने के लोगों का आवागमन और सुगम होगा। इस फोरलेन सड़क से आयुष चिकित्सा को भी नई रफ्तार मिल जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल प्रदेश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय तक पहुंचने की राह अब बेहद सुगम हो रही है। इसके लिए भटहट से बांसस्थान तक 11.60 किमी की लंबाई में फोरलेन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग खंड तीन से मिली जानकारी के अनुसार 689.35 करोड़ रुपये की इस फोरलेन सड़क परियोजना पर कार्य 24 मार्च 2023 को शुरू हुआ था। अब तक की भौतिक प्रगति 98 प्रतिशत से अधिक है। सड़क के बीच में डिवाइडर बनाने और डिवाइडर के हिस्से में पौधे लगाने का काम भी तकरीबन पूरा हो गया है। सड़क के दोनों ओर जल निकासी (ड्रेनेज) की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, जिससे यह मार्ग एक मॉडल रोड के रूप में स्थापित हो सके। सड़क निर्माण के लिए सिर्फ 300 मीटर का काम शेष है। इस माह के अंत तक सभी कार्य पूर्ण हो जाने की उम्मीद है। इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों कराया जाना प्रस्तावित है।

जिलाधिकारी दीपक मीणा के मुताबिक भटहट-बांसस्थान फोरलेन सड़क परियोजना न केवल रोड कनेक्टिविटी बल्कि आयुष चिकित्सा पद्धति की पहुंच को सुगम करने की महत्वपूर्ण परियोजना है। फोरलेन सड़क से स्थानीय लोगों के साथ ही जनपद बाहर से आने वाले मरीज भी आयुर्वेद और अन्य आयुष चिकित्सा पद्धतियों का लाभ लेने के लिए आसानी से आयुष विश्वविद्यालय पहुंच सकेंगे।

## 50 लीटर अवैध शराब बरामद दो गिरफ्तार



मौरावां, उन्नाव (वीओएल)। सरकार की मंशा के अनुरूप अवैध शराब की बिक्री व तस्करी की रोकथाम के लिए आबकारी विभाग लगातार विशेष प्रवर्तन अभियान चला रहा है। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के नेतृत्व में सोमवार को निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र पुरवा द्वारा मय हमराह थाना मौरावां अंतर्गत ग्राम हड़हरा, धनोखर, मवई, गडरियनखेड़ा, संदाना, खानपुर में व्यापक छापेमारी के दौरान कुल 50 लीटर कच्ची शराब बरामद कर 02 अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई। उनके पास से बरामद लगभग 600किग्रा लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। सुनीता पत्नी राम बाबू निवासी हड़हरा थाना मौरावां, रामावती पत्नी राम गोपाल निवासी जनवारनखेड़ा थाना मौरावां सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई।

### कार्यालय ग्राम पंचायत मऊ दक्षिणी विकास खण्ड बांसी जनपद सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत मऊ दक्षिणी विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/ राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 15.04.2026 को 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय मऊ दक्षिणी के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 15.04.2026 को 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मऊ दक्षिणी के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मऊ दक्षिणी कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत मऊ दक्षिणी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**गौरव निषाद**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत मऊ दक्षिणी**
**सिद्धार्थनगर।**

**अंकित कुमार**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत मऊ दक्षिणी**
**सिद्धार्थनगर।**

### कार्यालय ग्राम पंचायत रमवापुर भैया विकास खण्ड मिठवल जनपद - सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत रमवापुर भैया विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 16.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय रमवापुर भैया के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 16.04.2026 को 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत रमवापुर भैया के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत रमवापुर भैया कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत रमवापुर भैया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अवधेश कुमार**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत रमवापुर भैया**
**सिद्धार्थनगर।**

**जनक नंदिनी**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत रमवापुर भैया**
**सिद्धार्थनगर।**

## एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ

गगहा, गोरखपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गगहा पर एच पी वी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ अधीक्षक डॉ. बृजेश वरनवाल की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की गई। डॉ. बृजेश वरनवाल ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन बच्चियों को भविष्य में होने वाली बच्चेदानी की गांठ (सर्वाइकल समस्याएं) और बच्चेदानी के कैंसर से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## टीकाकरण के सफल क्रियान्वयन को लेकर टास्क फोर्स की बैठक आहुत

उन्नाव। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में डिप्थीरिया एवं एच०पी०वी० टीकाकरण के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने टीकाकरण के सम्बन्ध में जाने वाली प्रक्रिया व अभियान के बारे में बिंदुवार जानकारी प्राप्त कर अभियान चलाकर शतप्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। डा० नरेंद्र सिंह एवं डा० स्वेतांशू द्वारा बताया गया कि उक्त अभियान 20 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक चलाया जाएगा जिसमें टीकाकरण टीमें माइक्रोप्लान के अनुसार भ्रमण करेंगी जिसमें 5 से 6 साल तक के बच्चों को डी०पी०टी० सेकेंड बूस्टर, 10 साल के बच्चों को टी0डी0-10 एवं 16 साल के बच्चों को टी०डी०-16 लगाई जाएगी जिस पर जिलाधिकारी ने माइक्रोप्लान के अनुसार सभी सम्बन्धित विभागों को शत-प्रतिशत सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिया गया। वैठक में बताया गया कि विगत अभियान में कुछ निजी विद्यालयों द्वारा शहरी क्षेत्र में टीकाकरण नहीं कराया गया था।

# कन्यादान संकल्प एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया




उन्नाव। श्री सेवार्थ फाउंडेशन (रजि.) की प्रथम वर्षगांठ पर कन्यादान संकल्प एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन प्रकाश गेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में गुरुजी क्लासेज, स्वास्थ्य के क्षेत्र से डॉ नमन निगम, खेल के क्षेत्र से रागिनी अवस्थी, साहित्य के क्षेत्र में डॉ प्रभात सिन्हा, पर्यावरण के क्षेत्र में ब्रजेश चंद्र शुक्ला, बाल प्रतिभा के क्षेत्र में अनन्या भट्ट एवं ज्ञानवती सम्मान से के बी सी में भाग लेने वाली प्रतिभागी नूपुर सिंह, हास्य कला से लक्ष्य निगम एवं अन्य को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था द्वारा जरूरतमंद कन्याओं के विवाह हेतु कन्यादान संकल्प लिया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करना रहा। साई डांस अकादमी से सामी वर्मा और शैलू वर्मा जी के निर्देशन में बच्चों ने मनमोहक एवं उत्साहवर्धक देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी का हृदय जीत लिया और पूरे वातावरण को देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम में अतिथियों में शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल, सदर विधायक पंकज गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्र, समाजसेविका निम्मी अरोरा, उद्योग व्यापार संगठन अध्यक्ष अमित मिश्रा एवं अन्य ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि श्री सेवार्थ फाउंडेशन निरंतर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता कर समाज में एक मिसाल कायम कर रहा है।

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड ई-निविदा सूचना** निम्नलिखित ई-निविदा जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है ई-निविदा की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गई है: 1. खुली अति अल्पकालीन ई-निविदा संख्या टी0-01 /वि.पा.ख.(इ.)/2026-27, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, औरैया पर 40एम. वी. ए. परिवर्तक के WTI/OTI -CT बुसिंग एवं न्यूट्रल बुसिंग के क्षतिग्रस्त गैस्केट को नये गैस्केट से बदलने इत्यादि का कार्य। 2. खुली अति अल्पकालीन ई-निविदा संख्या टी0-02 /वि.पा.ख.(इ.)/2026-27, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 220के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, भरथना पर अलग-अलग विद्युत उपकेन्द्रों से विभिन्न सामग्रियों के ढुलाई से सम्बन्धित कार्य। उपरोक्त विषय में विस्तृत विवरण साईट पर उपलब्ध है सभी सक्षम आपूर्ति/ कार्यदायी संस्थाएं तद्नुसार निविदा में भाग ले सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा।**

**''राष्ट्र हित में बिजली बचायें''**

**(पत्रांक 60 / दि. 13/04/2026)**

संक्षेप

## बाइक की टक्कर में दामाद-सास घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही एक बाइक ने दूसरी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दामाद और उसकी सास गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। भटपुरवा कॉलोनी निवासी श्रीपाल पुत्र स्व. किशन पाल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 9 अप्रैल की शाम उनका दामाद जितेंद्र कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी कल्याणपुर (कानपुर) अपनी सास किरन देवी के साथ बाइक से दवा लेने अलीगंज जा रहा था। हण्डेला क्षेत्र में हरिचन्द्र विद्यालय के पास पुलिया के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने किरन देवी व जितेंद्र कुमार को रेफर कर दिया।

## बकरी चराने गयी किशोरी लापता

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोरी के अचानक लापता हो जाने से परिवार में हड़कंप मच गया। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। ग्राम हमीदाबाद रहीमनगर ग्रांट निवासी इन्द्रवती पत्नी जगदीश प्रसाद वर्तमान में अपने परिवार के साथ कुनैठिया स्थित एक ईंट भट्ठे पर कार्य कर रही हैं। 11 अप्रैल की दोपहर करीब 3 बजे उनकी 14 वर्षीय पुत्री निधि बकरी चराने के लिए भट्ठे के पीछे गई थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने पहले आसपास के खेतों, रास्तों और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की। इसके बाद रिश्तेदारों व परिचितों से भी जानकारी जुटाई, लेकिन किशोरी का कोई पता नहीं चल सका।

## आरा ब्लेड के तार में फंसा युवक, घायल

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र के जहांसापुर गांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव निवासी ठाकुर, जो पेशे से राजमिस्त्री हैं, खेत की मेड़ पर लगे आरा ब्लेड के तार में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, वह सुबह मजदूरी करने लौकी गांव गए थे और दोपहर बाद बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनका बायां पैर अचानक तार में फंस गया, जिससे पैर बुरी तरह कट गया।

## सरकारी लापरवाही से ठप गेहूं खरीद

सीतापुर। विकास खंड सकरन में पीसीयू के गेहूं क्रय केंद्र सरकारी उदासीनता के चलते अब तक शुरू नहीं हो सके हैं। क्योटाना, दुगाना, पलोली, अंदूनसीरपुर, सांडा और महाराजनगर में 1 अप्रैल से खरीद शुरू होनी थी, लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी वारदाना (खाली बोरे) तक नहीं पहुंच पाए हैं। नतीजा यह है कि किसान खुलेआम शोषण का शिकार हो रहे हैं। सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल तय किया है, लेकिन खरीद केंद्र बंद होने से किसान 2000 से 2100 रुपये प्रति कुंतल में बिचैलियों को गेहूं बेचने को मजबूर हैं। यह अंतर सीधे किसानों की जेब पर डाका डाल रहा है।

# चैती मेले में झांकियों की छटा, कपिल बाबरा ग्रुप ने बांधा समां




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर उत्तराखण्ड के कपिल बाबरा ग्रुप की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष आचार्य सुनील कौशल जी महाराज संरक्षक वृन्दावन धाम, विशिष्ट अतिथि डा० राजेन्द्र सिंह पुण्डीर पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री, पूर्व चेयरमैन एलडीवी बैंक सुर्जन लाल वर्मा, जिला महामंत्री एड राजेश सिंह, जिला महामंत्री मनोज वर्मा, जिला मंत्री गणेश शंकर गौतम, जिला मंत्री शरद मिश्रा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह सोमू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष सच्चिदानन्द शुक्ला, मैदानी मण्डल अध्यक्ष संजीव वर्मा, बिजुआ मण्डल अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, नगर उपाध्यक्ष लखीमपुर समीक्षा गुप्ता, वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना, एसआरएम इंटरनेशन एकेडमी रैनखेड़ा एमडी अरविन्द पाल, डा० वी वी धुरिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का पुष्पमालाओं व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि अरविन्द गुप्ता ने कहा कि पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के प्रयासों से मेला चैती को भव्य स्वरूप मिला है। कार्यक्रम अध्यक्ष आचार्य सुनील कौशल जी महाराज ने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति और संस्कारों को जीवित रखने का माध्यम हैं। विशिष्ट अतिथि डा० राजेन्द्र सिंह पुण्डीर ने भी मेला की भव्यता की सराहना की। कार्यक्रम की शुरूआत कपिल बाबरा ग्रुप के कलाकारों शानू जान, ललित जोशी, सौरभ लालजी, दिव्या नेगी, सुहानी चैधरी, दीक्षा जोशी द्वारा गणेश वंदना से की गई। इसके बाद कलाकारों ने भगवान तिरुपति बालाजी की लीला, भगवान नारायण की महाआरती और रामलला की झांकी प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उत्तराखंड रामनगर के नेकू, ऋषभ भारद्वाज सहित टीम ने रामलला की झांकी प्रस्तुत की, वहीं दिव्या टीम के कलाकारों ने सजा दो घर को गुलशन सा... पर प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। बृजेश बाबरा टीम के रितिक शर्मा, शानू टीम ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। कलाकारों द्वारा रिंग के अंदर नृत्य और संतुलन के अद्भुत प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कपिल बाबरा द्वारा भगवान शिव और बृजेश बाबरा द्वारा मां गंगा की झांकी ने आध्यात्मिक माहौल बना दिया। मानो तो मैं गंगा मां हूं.. गीत पर कलाकारों ने गंगाजल की बौछार का दृश्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, नगर महामंत्री राजेश राठौर, धीरज बाजपेई, रमेश वर्मा मण्डल उपाध्यक्ष बिजुआ, मण्डल महामंत्री कुम्भी रामनाथ राठौर, नगर मंत्री नामित सभासद एसपी चैहान, नगर मंत्री कैलाश गुप्ता, राजेश जोशी, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा एड, नगर कोषाध्यक्ष एड सुमित शाह, प्रवीण गुप्ता, डा० आदर्श दीक्षित, सुधीर अवस्थी, किसान मोर्चा गोला अध्यक्ष विकास मिश्रा, पूर्व नगर महामंत्री अनुराग गुप्ता, रामनरेश वर्मा, नगर मंत्री गोला सुमित्रा मिश्रा, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सीमा सक्सेना सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

**चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर जवाबी कव्वाली टीना परवीन व तस्लीम आरिफ द्वारा आज सायं सात बजे से।**

## विधायक ने किया नवीन विद्यालय भवन का लोकार्पण




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ग्राम रोशन नगर कुंभी स्थित प्राथमिक विद्यालय में नव निर्मित भवन का लोकार्पण एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरी ने फीता काटकर विद्यालय भवन का शुभारंभ किया और परिसर का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही पुस्तकों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है और सरकार विद्यालयों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। वार्षिक उत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर अनिरुद्ध मिश्रा, प्रधान मोहम्मद इलियास, पूर्व प्रधान राम पाल, प्रधान अशोक गुप्ता, प्रधान अभिराज सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के विजय वर्मा, मंत्री अरुण वर्मा, विनोद गौतम, नरेंद्र वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी राम जी, सुखवंत बतेशा सहित शिक्षकगण, अभिभावक और ग्रामीण मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं ने लिया नारी सशक्तीकरण का संकल्प



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। केन ग्रोअर्स नेहरू पी.जी. कॉलेज में नारीशक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं को नारी सशक्तीकरण के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदर्श पटेल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को नारीशक्ति वंदन एवं सशक्तिकरण की शपथ दिलाते हुए कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं का सम्मान और समान अधिकार अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने व्यवहार और कार्यों में महिलाओं के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता को प्राथमिकता दें। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि नारीशक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसके प्रति जागरूकता फैलाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नारी सम्मान और समानता के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. गौरव अवस्थी, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. शैलेन्द्र, डॉ. अमित कुमार यादव, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. राजीव कुमार शर्मा, डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. विकास चैरसिया सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पत्नी-बेटे के डबल मर्डर में आरोपी को फांसी

सीतापुर। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के गेगलापुर गांव में हुए सनसनीखेज पत्नी-बेटे हत्याकांड में करीब चार साल बाद अदालत ने कड़ा फैसला सुनाया है। एडीजे-7 कोर्ट की जज तरन्नुम खान ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई, साथ ही 65 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। मामला 11 फरवरी 2022 की रात का है, जब आरोपी ने चरित्र पर शक को लेकर पत्नी से विवाद के बाद उस पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी थी। इसके बाद उसने अपने दो साल के मासूम बेटे को चारपाई से उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसकी भी मौत हो गई। वारदात के दौरान बचाने पहुंचे भाई पर भी आरोपी ने हमला कर दिया था। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने 12 फरवरी 2022 को रेलवे ट्रैक के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई पिछले चार वर्षों से चल रही थी। कोर्ट ने पेश साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर इस जघन्य और अमानवीय अपराध में आरोपी को दोषी करार देते हुए सख्त सजा सुनाई, जिससे पूरे इलाके में चर्चा तेज हो गई है।

## वकील की हत्या पर उबाल

सीतापुर। मिजार्पुर के अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह की निर्मम हत्या के विरोध में बार एसोसिएशन सीतापुर के बैनर तले अधिवक्ताओं में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी व महासचिव दिनेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में हत्यारोपियों को शीघ्र सख्त सजा दिलाने, परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, आरोपियों पर रासुका लगाने तथा न्यायालय परिसरों की सुरक्षा मजबूत करने की मांग उठाई गई। साथ ही प्रदेश में प्रस्तावित एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल लागू करने की भी जोरदार मांग की गई। इस दौरान सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर न्याय की मांग की।

### मिश्रिख में भी हत्या के विरोध में प्रदर्शन

सीतापुर। मिजार्पुर में अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह की हत्या के विरोध में सोमवार को मिश्रिख लॉयर्स एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। अध्यक्ष बृजलाल चैधरी और महासचिव सुधीर शुक्ला राना के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार यादव को सौंपा। अधिवक्ताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश में वकीलों पर लगातार हमले बढ़ रहे हैं, जिससे भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। उन्होंने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की।

## रेउसा में चोरों का आतंकः बोलेरो सहित 16 बैटरी चोरी

रेउसा/सीतापुर। क्षेत्र में चोरी की घटनाओं ने पुलिस गश्त की पोल खोल दी है। ग्राम पंचायत रेउसा और आसपास के इलाकों में चोरों ने एक ही रात में ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम देते हुए बोलेरो गाड़ी समेत चार ई-रिक्शा की 16 बैटरियां पार कर दीं। जानकारी के अनुसार, करुणा शंकर शुक्ला के घर के बाहर खड़ी बोलेरो गाड़ी रविवार रात गायब हो गई। सुबह उठने पर गाड़ी न मिलने से हड़कंप मच गया। वहीं कस्बा रेउसा निवासी किशोरी लाल के घर के सामने खड़े दो ई-रिक्शा से चोर आठ बैटरियां खोल ले गए। अकसोहा गांव में तो चोरों ने हैरान करने वाली चाल चली। दिनेश मिश्रा के घर के बाहर खड़े दो ई-रिक्शा से बैटरियां चुराने के लिए उन्हें कमरे में बंद कर दिया और आराम से आठ बैटरियां निकाल ले गए। लगातार हो रही चोरियों से लोगों में दहशत है। पीड़ितों ने थाने में तहरीर दी है, लेकिन पुलिस की सुस्ती पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## युवराज दत्त महाविद्यालय में मनायी गयी अंबेडकर जयंती



लखीमपुर खीरी। युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संस्थापक राजा युवराज दत्त सिंह एवं बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि के प्रो. सौरभ कुमार सिंह, लखनऊ विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि डॉ. आंबेडकर का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री एवं एक सक्रिय राजनीतिक व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यक्रम से जुड़े समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने संविधान में वर्णित वैज्ञानिक सोच को विकसित करने पर विशेष बल दिया तथा युवाओं को समसामयिक समस्याओं के समाधान हेतु डॉ. आंबेडकर के विचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को नारी शक्ति का वंदन और सशक्तिकरण की शपथ दिलाई गई। सांस्कृतिक परिषद की संयोजक प्रो. नीलम त्रिवेदी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद् ज्ञापित किया। प्रो. सुभाष चंद्रा, प्रो. ज्योति पंत, प्रो. एस.के. पाण्डेय, प्रो. सत्यनाम, डा. धर्म नरायण, प्रो. मनोज मिश्र, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. ओ.पी. सिंह आदि प्रोफेसर मौजूद रहे।

## शार्टसर्किट से लगी आग ,आठ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

धौरहरा खीरी। तहसील क्षेत्र के चन्द्रासाखुर्द गांव के बाहर खेतों से निकली हाइटेंशन विद्युत लाइन में शार्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी से गेंहू के खेतों में आग लग गई। जिससे रामसुत्तन, राम पल्टन, राजो, और सर्वजीत का कुल आठ बीघा गेंहू लगी फसल जलकर राख हो गई। जिससे हजारों का नुकसान हो गया। सूचना पर पहुंची फायबिग्रेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया। एसडीएम शशिकांत मणि ने बताया नुकसान का सर्वे कराकर अहेतुक सहायता दी जाएगी। एसडीएम शशिकांत मणि ने बताया नुकसान का सर्वे कराकर अहेतुक सहायता दी जाएगी।

## छोटा हाथी की टक्कर से पत्नी की मौत , घायल

पसगवां खीरी। तेज रफ्तार छोटा हाथी की टक्कर से बाइक सवार पति घायल व पत्नी की इलाज के दौरान मौत हो गई है। जनपद हरदोई के ग्राम वाजिद नगर निवासी राजू अपनी पत्नी गुड्डी को दवाई दिलाने के लिए अपनी स्प्लेंडर बाइक संख्या यूपी 30 सीबी1361पर सवार होकर शाहजहांपुर के एक निजी अस्पताल जा रहे थे तभी खीरी जिले के कोतवाली पसगवां क्षेत्र के अंतर्गत पनई चौराहे के पास नेशनल हाइवे 30 पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार छोटा हाथी (टाटा ऐस) ने उनकी बाइक में अचानक से जोरदार टक्टर मार दी टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों पत्नी- पत्नी काफी दूर तक घिसटते हुए चले गए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई मौका देखते ही छोटा हाथी चालक अपना छोटा हाथी लेकर मौके से फरार हो गया घटना की सूचना मिलते ही परिजन व डॉक्टर संजीत सिंह सनी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे जिन्होंने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी पसगवां भेजा जहां गुड्डी की इलाज के दौरान मौत हो गई और डाक्टरों ने राजू की हालत गंभीर देखते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पसगवां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है ।घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकतंत्र के मील का पत्थर - राजेश शुक्ला

सीतापुर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में मील का पत्थर साबित होगाह्वकृयह बात भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाया गया यह कानून संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने इसे केवल कानून नहीं, बल्कि देश की माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान का राष्ट्रीय संकल्प बताया। कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से लोकतंत्र अधिक संवेदनशील और समावेशी बनेगा। नारी शक्ति




अब केवल नारा नहीं, बल्कि नए भारत की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रही है। प्रेस वार्ता से पूर्व भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन भी सुना गया, जिसमें महिला सशक्तिकरण और अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और महिला मोर्चा की कार्यकताओं की बड़ी संख्या मौजूद रही। एक प्रश्न के उत्तर में राजेश शुक्ला ने कहा कि इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं को केवल भागीदारी तक सीमित नहीं रखना, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में अग्रणी भूमिका देना है। यह भाजपा के समावेशी विकास के विजन का हिस्सा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, जिला महामंत्री रेखा वर्मा, जिला मंत्री जया सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष कंचन प्रभा पांडेय सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजली संकट पर भड़का किसान मोर्चा, 26 तक समाधान नहीं तो 27 को पैदल मार्च

सीतापुर। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले महोली तहसील के 56 गांवों में व्याप्त गंभीर विद्युत समस्या को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा गया। बड़ागांव क्षेत्र में लंबे समय से लो-वोल्टेज, कटौती और बार-बार फॉल्ट की समस्या बनी हुई है, जिससे किसानों और आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू ने बताया कि इन गांवों को महोली पावर हाउस से करीब 20 किलोमीटर दूर मूडाहुसा फीडर के जरिए बिजली आपूर्ति की जा रही है, जो समस्याओं की बड़ी वजह है। उन्होंने बड़ागांव में जल्द नया विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने की मांग की। ज्ञापन में लाइनमैन की कमी का मुद्दा भी उठाया गया, जिससे छोटी खराबियां भी कई दिनों तक ठीक नहीं हो पातीं। इस दौरान अतुल मिश्रा, कुलेंद्र यादव, उमेश अवस्थी सहित कई प्रधान व किसान मौजूद रहे। मोर्चा ने चेतावनी दी है कि 26 अप्रैल तक समाधान नहीं हुआ तो 27 अप्रैल को नवीन गल्ला मंडी से डीएम कार्यालय तक पैदल मार्च किया जाएगा।

## बायोमेट्रिक स्मार्ट कार्ड केलिए अधिवक्ताओं से मांगा गया विवरण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिले के अधिवक्ताओं के बायोमेट्रिक स्मार्ट कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में जिला न्यायाधीश लखीमपुर खीरी द्वारा सेंट्रल बार एसोसिएशन को पंजीकृत अधिवक्ताओं का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री संदीप कुमार अवस्थी ने बताया कि सभी अधिवक्ता बार कार्यालय में पहुंचकर आवश्यक प्रपत्रों के साथ अपनी अद्यतन जानकारी शीघ्र जमा करें, ताकि निर्धारित समय के भीतर विवरण जिला न्यायाधीश को भेजा जा सके। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया अधिवक्ताओं की पहचान और व्यवस्थागत सुविधा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है, इसलिए सभी अधिवक्ताओं का सहयोग आवश्यक है। महामंत्री ने स्पष्ट किया कि यदि कोई अधिवक्ता न्यायालय के आदेश के बावजूद समय से अपनी जानकारी उपलब्ध नहीं कराता है, तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

## गौ संरक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



सीतापुर। गौ संरक्षण शासन की शीर्ष प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगीह्वकृयह सख्त संदेश उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष अतुल सिंह ने जनपद स्तरीय बैठक में दिया। उनके साथ सदस्य राजेश सिंह सेंगर की मौजूदगी में बेसहारा गोवंश की व्यवस्था पर गहन समीक्षा की गई। बैठक में गौ आश्रय स्थलों की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर कड़े निर्देश जारी किए गए। चारा, पानी और साफ-सफाई को लेकर जिम्मेदारों को फटकार लगाई गई। गर्मी को देखते हुए शेड, छायादार स्थान, पंखे और फॉगिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष जोर देते हुए नियमित टीकाकरण, कृमिनाशन और बीमार गोवंश के लिए अलग आइसोलेशन शेड अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए। भूसे के पर्याप्त भंडारण और कमजोर गोवंश की अलग देखभाल पर भी सख्ती दिखाई गई। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने भरोसा दिलाया कि सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

### हर गतिविधि पर नजर कैमरों से होगी मॉनिटरिंग

सीतापुर। गौ आश्रय स्थलों की निगरानी अब हाईटेक होगी। आयोग ने सभी केंद्रों पर ब्ब्ज्ट कैमरे अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं। 24 घंटे निगरानी, रिकॉर्डिंग का बैकअप और समय-समय पर अधिकारियों द्वारा जांच सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही गोवंश का पूरा डेटा ऑनलाइन अपडेट करना भी अनिवार्य किया गया है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

## बिसवां बार एसोसिएशन ने नवागत तहसीलदार का किया स्वागत

बिसवां/सीतापुर। तहसील बिसवां स्थित बार सभागार में नवागत तहसीलदार अनिल कुमार राम के स्वागत में बार एसोसिएशन द्वारा समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अध्यक्ष राजकिशोर यादव और सचिव नीरज श्रीवास्तव ने किया। अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर तहसीलदार का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन. सिंह, एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ब्रजेश नारायण गुप्ता, पुत्ती लाल वर्मा, इंतखाब आलम सिद्दीकी, संतोष कठोरिया, अशोक वर्मा सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आर.एन. सिंह ने किया, जबकि सचिव नीरज श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया। नवागत तहसीलदार अनिल कुमार राम ने कहा कि बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर न्यायिक कार्यों को सुचारु रूप से संचालित किया जाएगा। उन्होंने अधिवक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा जताई। उल्लेखनीय है कि वह सहारनपुर से स्थानांतरित होकर बिसवां आए हैं।

## दुधवा के दक्षिण सोनारीपुर रेंज में एक जंगली हाथी की मौत



पलियाकलां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी की दक्षिण सोनारीपुर रेंज के अर्न्तगत छोटा पलिया बीट के कक्ष संख्या-1 में फील्ड स्टाफ द्वारा गश्त के दौरान आज एक जंगली हाथी को देखा गया, जिसमें कोई हलचल न दिखने पर स्टाफ द्वारा पास में जाकर देखा गया तो हांथी मृत पाया गया। उक्त हांथी के् निरीक्षण में यह पाया गया कि जगंली हाथी (नर) के पेट में घाव के निशान हैं। घाव के निशान से यह स्पष्ट हुआ कि उक्त जंगली हाथी का किसी दूसरे जंगली हाथी के साथ में आपसी संघर्ष होने के कारण उक्त जंगली हाथी की मृत्यु हुई है। घटनास्थल के आस-पास लगभग 29 हांथियों का दल कई दिनों से विचरण कर रहा था। यह हांथी उनमें से ही एक है। उक्त दल 02 दिन पूर्व दुधवा रेंज की सरौता बीट, नकौआ नाले के आस-पास देखा गया था तथा यही दल कल दक्षिण सोनारीपुर रेंज के अमला ताल में दिखाई दिया था, जिस समय यह पूर्णतया स्वस्थ था, जिससे स्पष्ट है कि उक्त हांथी की मृत्यु आज ही हुई है। मृत जंगली हाथी के शव का पोस्टमार्टम की कार्यवाही पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निर्गत गाइडलाइन के अनुरूप मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड डायरेक्टर, दुधवा टाइगर रिजर्व, लखीमपुर-खीरी के

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि., बाराबंकी**

पत्रांक : 991 /3ए /ई-टेण्डरिंग/2026 दिनॉक 07.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

1. उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदया की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि. बाराबंकी द्वारा लोक निर्माण विभाग में 'भवन वग' में ए, बी, सी एवं डी श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दरों के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करते हैं।

2.

| क्र. सं. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी (लाख रु. में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बाराबंकी | जनपद बाराबंकी के विकास खण्ड देवा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोडरी में आंगनबाड़ी केन्द्र, अजीजाबाद कोडरी के भवन का निर्माण कार्य। | 22.00 | 2.20 | 944.00 | 03 माह | अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड नं.-3 लो.नि.वि. बाराबंकी | अधीक्षण अभियन्ता अयो./ अम्बेडकरनगर वृत्त लो.नि.वि. अयोध्या | मुख्य अभियन्ता अयोध्या क्षेत्र लो.नि.वि. अयोध्या |

3. निविदा से सम्बन्धित डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 16-04-2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे से 30-04-2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक ऑनलाइन सबमिट (अपलोड) किया जा सकता है। निविदाएं दिनांक 30-04-2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। ठेकेदारों से अपेक्षित है कि वे उक्त वेबसाईट को नियमित रूप से देखते रहें, ताकि किसी प्रकार के संशोधन/शुद्धि की स्थिति की जानकारी उनको समय से प्राप्त हो सके।
4. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

(राजीव कुमार राय)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3,लो.नि.वि.,
बाराबंकी

UPID-249684 Date:13.04.2026 Website : www.upgov.nic.in

# डीएम ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को परखा



आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी में आए मरीजों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत कक्ष, दवा वितरण कक्ष, ईएनटी विभाग, मॉड्यूलर भवन, सीटी स्कैन कक्ष, एमआरआई कक्ष, पैथोलॉजी कक्ष, ब्लड बैंक तथा ब्लड कलेक्शन रूम का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रशासन को व्यवस्थाओं में सुधार एवं बेहतर सेवा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि रजिस्ट्रेशन काउंटर पर आभा रजिस्ट्रेशन के लिए एक से अधिक कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे मरीजों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। साथ ही आयुष्मान ओपीडी कक्ष के बाहर योजना की सुविधाओं एवं कार्ड निर्माण संबंधी जानकारी बड़े एवं स्पष्ट अक्षरों में प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एनसीडी क्लीनिक के बाहर बैठे मरीजों द्वारा चिकित्सकों द्वारा बाहर से दवाएं लिखे जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए पिछले एक माह की दवा पर्चियों की जांच के लिए समिति गठित करने के निर्देश दिए। इस समिति में मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन एक अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं एक चिकित्सक को शामिल करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी आवश्यक दवाएं अस्पताल से ही उपलब्ध कराई जाएं, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सीटी स्कैन सेवाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने दोनों मशीनों को नियमित रूप से संचालित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएसआर फंड से प्राप्त मशीन से वर्तमान में प्रतिदिन 5-6 स्कैन होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसे बढ़ाकर 50 तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया। साथ ही सीटी स्कैन फिल्म की कमी के संबंध में शासन को शीघ्र मांग पत्र भेजने एवं सेवाओं का विस्तार सुनिश्चित करने को कहा।

## टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने निकाला मशाल जुलूस



आजमगढ़। आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के टीईटी अनिवार्यता के विरोध में संघर्ष के लिए एकजुट शिक्षक संगठनों के बने मोर्चे - अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर जिले भर के शिक्षकों ने मसाल जुलूस निकाला। यह मसाल जुलूस डीएवी इंटर कॉलेज के पास स्थित गांधी तिराहे से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट चैराहे पर जाकर समाप्त हुआ।

इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले भर से आए शिक्षकों को सरकार से आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को राहत देने की मांग की। इसके लिए देश भर के शिक्षक संगठनों ने मिलकर महासंघ का गठन किया है। माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के जिला अध्यक्ष और इस महासंघ के आजमगढ़ इकाई के मुख्य जिलासंयोजक सुशील कुमार ने कहा कि पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर नई शर्तें थोपना न्यायोचित नहीं है टीईटी की अनिवार्यता समाप्त होनी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक समिति के जिला अध्यक्ष और महासंघ के जिलासंयोजक डॉ राम उजागिर शुक्ल ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए महत्वपूर्ण है। आज हम सब ने मशाल जलाकर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है, जिससे टेट की अनिवार्यता को समाप्त किया जा सके। टीएससीटी आजमगढ़ इकाई के जिला अध्यक्ष और महासंघ के जिलासंयोजक दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि हम सब मिलकर मशाल से लेकर न्यायालय तक लड़ाई जारी रखेंगे, और शिक्षकों को इस काले कानून से मुक्ति दिलाकर दम लेंगे। अटेवा आजमगढ़ के जिला अध्यक्ष और महासंघ के जिला संयोजक सुभाष चन्द यादव ने बताया कि आज तो हमने मसाल जुलूस निकालकर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो हम अगले महीने में लखनऊ में एक बड़ी रैली भी करेंगे। माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के प्रदेशीय मंत्री बिरजू सरोज तथा अटेवा के जिला उपाध्यक्ष सीपी यादव ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षेप

### 14 को बन्द रहेगी शराब की दुकानें

जौनपुर। जिला आबकारी अधिकारी जौनपुर विष्णु प्रताप सिंह समस्त थोक एंव फुटकर बिक्री अनुज्ञापी, देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, भॉग, ताड़ी एवं माडल शॉप, बार, को अवगत कराया है कि 14 अप्रैल (डा० भीमराव अम्बेडकर जयन्ती) के अवसर पर समस्त आबकारी अनुज्ञापनों को बन्द रखा जाए। उक्त बन्दी हेतु नियमानुसार कोई प्रतिफल देय नही होगा।

### टीईटी अनिवार्यता को लेकर सड़क पर उतरे शिक्षक

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक संघ मीरजापुर के तत्वावधान में सेवारत शिक्षकों ने टीईटी के विरोध में विशाल जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में एकत्र हुए प्राथमिक शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता को लेकर नगर के बरियाघाट से मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। भारी संख्या में महिला शिक्षकों सहित जिले के कोने-कोने से आए हुए शिक्षकों ने मशाल जुलूस में भाग लिया।

## राजनीतिक सशक्तीकरण ही कायस्थ समाज की प्रगतिः अजय शंकर

जौनपुर। स्थानीय मुक्तेश्वर प्रसाद महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कायस्थ चेतना संगोष्ठी में कायस्थ समाज की एकजुटता और राजनीतिक भागीदारी पर जोर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज का इतिहास देश की आजादी से लेकर स्वतंत्र भारत तक गौरवशाली रहा है। चाहे प्रशासनिक सेवाएं हों या राजनीति, हर क्षेत्र में कायस्थों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज राजनीतिक रूप से हाशिए पर पहुंचता जा रहा है, जिसका मुख्य कारण टिकट वितरण में उपेक्षा है। उन्होंने आह्वान किया कि समाज को अब स्वयं आगे आकर राजनीतिक रूप से सशक्त बनना होगा, तभी अन्य क्षेत्रों में भी मजबूती आएगी।राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र कुमार सिंन्हा ने कहा कि उन्हें स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, जयप्रकाश नारायण और राजेंद्र प्रसाद जैसे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।गोरखपुर मंडल अध्यक्ष अमरेश श्रीवास्तव ने ओजस्वी भाषण में कहा कि वर्तमान समय में समाज को राजनीतिक रूप से सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि कर्मचारी नेता राकेश श्रीवास्तव ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि चुनाव में कायस्थ समाज ने उन्हें भरपूर समर्थन दिया। अध्यक्षता आनंद मोहन श्रीवास्तव ने की, संचालन वरिष्ठ पत्रकार संजय अस्थाना द्वारा किया गया। मनोज श्रीवास्तव, श्याम रतन श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव बबलू, अखिलेश श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, संदीप अस्थाना, बबलू अस्थाना सहित बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोग उपस्थित रहे।

## नवापुर में सड़क बनवायेंगे आनन्द विक्रमाजीत

जौनपुर। ब्लॉक मछली शहर के नवापुर निवासी आनंद उपाध्याय उद्योगपति सूरत ने कहा कि आजादी से आज तक नवापुर में आने जाने के लिए कोई सड़क नहीं बनाई गई सैकड़ों अतः मैं जिलाधिकारी महोदय से अनुमति मांगता हूं कि मुझे आनंद उपाध्याय को कच्चा सड़क पर 900 मीटर लंबा 10 फिट चौड़ा खड़न्जा, जरौना वन विभाग से नवापुर देवी मंदिर तक बिछाने की अनुमति प्रदान करें।

## शक्ति वंदन भाजपा का ऐतिहासिक कदमः सीमा द्विवेदी



जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा शक्ति वंदन अधिनियम के कार्यान्वयन और आगामी योजनाओं को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसको राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने संबोधित किया। राज्य सभा सांसद ने बताया कि संसद के आगामी विशेष सत्र में अधिनियम से जुड़ी तकनीकी बाधाओं को दूर किया जाएगा और नए प्रस्ताव के तहत लोकसभा सीटों की संख्या 816 करने की योजना है, जिससे महिलाओं के लिए 273 सीटें आरक्षित होंगी। बताया कि अब 2027 की जनगणना की प्रतीक्षा किए बिना, 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करने पर विचार किया जा रहा है, ताकि 2029 में महिलाएं अपना हक पा सकें जन-जागरण अभियान के तहत आगामी 15 से 17 अप्रैल तक पूरे जिले में श्नारी शक्ति पदयात्राश और स्कूटी रैलियों का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल बूथ स्तर पर महिला संवाद कार्यक्रम।15-16 अप्रैलरू श्शक्ति वंदन पदयात्रा का आयोजन। टी डी कालेज की प्रिंसिपल अर्चना सिंह ने कहा कि समाज के सभी वर्गों, विशेषकर मातृशक्ति से अपील करती है कि वे इस अभियान से जुड़कर विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करें उन्होंने विपक्षी दलों से भी अपील की कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस ऐतिहासिक कदम का समर्थन करे उन्होंने यह भी बताया कि यह अधिनियम पंचायतों से लेकर संसद तक महिलाओं की निर्णय लेने की क्षमता और उनकी भागीदारी को नई ऊंचाई प्रदान करेगा।

## अधिवक्ताओं ने जयंती के पूर्व संध्या पर भीमराव अंबेडकर को किया याद

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित डीबीए भवन में सोमवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र द्वारा जयंती की पूर्व संध्या पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को याद किया गया। अधिवक्ताओं ने बाबा साहब के कार्यो को याद करते हुए उनके मार्ग का अनुशरण करने का संकल्प लिया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एडवोकेट ने सर्वप्रथम बाबा साहब की प्रतिमा/मूर्ति पर माल्यार्पण किया। सभी अधिवक्ताओं ने भी पुष्प अर्पित किया।



श्री सिंह ने केक काटकर एक दूसरे को केक खिलाकर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की धूमधाम से जयंती मनाई। पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि अंबेडकर जयंती का पहला सार्वजनिक आयोजन 14 अप्रैल 1928 को पुणे में अंबेडकरवादी और सामाजिक कार्यकर्ता जनार्दन सदाशिव राणापिसे द्वारा किया गया था, जिन्होंने बाबासाहेब की जयंती मनाने की परंपरा की शुरूआत की। स्थानीय स्तर पर शुरू हुआ यह आयोजन अब राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर मनाया जाने लगा है। पूर्व अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव एडवोकेट ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सिर्फ संविधान ही नहीं लिखा, बल्कि एक अलग भारत की कल्पना की। एक ऐसा भारत जहां किसी व्यक्ति का मूल्य उसके जन्म से निर्धारित न हो, जहां प्रत्येक नागरिक को कानून के समक्ष समान अधिकार प्राप्त हो, और जहां सबसे वंचित लोगों को न केवल बोलने का अधिकार हो, बल्कि वोट देने का भी अधिकार हो। अंबेडकर जयंती इस बात की याद दिलाती है कि उस दूरदृष्टि ने भारत को कितनी ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, और अभी भी उसे कितनी दूर जाना बाकी है। जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता डीबीए अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एडवोकेट व संचालन महामंत्री राजेंद्र कुमार यादव एडवोकेट ने किया।

## अधिवक्ता हत्याकांड का दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

मीरजापुर। नगर के बहुचर्चित अधिवक्ता हत्याकांड के दूसरे आरोपी व 25 हजार के इनामियां को भी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। उसे घायलावस्था में जिला मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कटरा कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई एसओजी, सर्विलांस टीम के संयुक्त प्रयास से मुठभेड़ में गिरफ्तार कर मौके से अवैध तमंचा मय कारतूस व एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। बताते चलें कि कटरा कोतवाली क्षेत्र के कतवारु कापुरा सद्भावना नगर में अधिवक्ता को गोली मारकर हुई हत्या के मामले में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने फौरन पुलिस की पांच टीमें गठित करते हुए, अतिशीघ्र हत्यारोपी की गिरफ्तारी के आदेश दिए थे। एसपी के सख़्त निर्देश पर पुलिस टीम अलग-अलग ऐगल पर लगकर बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगी हुई थी। अधिवक्ता हत्याकांड में विवेचना के दौरान दूसरे आरोपी इंद्रासन बिंद पुत्र स्वर्गीय गिरजा बिंद निवासी लोहदीकलां (लंका पहाड़ी) थाना कोतवाली देहात का नाम प्रकाश में आने पर उस पर 25 हजार का ईनाम घोषित कर उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज कर दिए गए थे। फरार चल रहे इंद्रासन बिंद की गिरफ्तारी के लिए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में 5 टीमों का गठन किया गया था। इसी बीच उसके इंद्रासन बिंद के राजापुर गांव में छिपे होने की सूचना प्राप्त होने पर सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष कोतवाली कटरा व एसओजी टीम द्वारा तत्काल मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर दबिश दिया गया तो पुलिस की आहट पाकर एक व्यक्ति घर से बाहर निकलकर चंद्रदीपा की तरफ जाने वाले रास्ते पर भागने लगा था। जिसपर पुलिस द्वारा घेराबंदी की गयी तो अपने को पुलिस से घिरता देखकर वह पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर करने लगा था। पुलिस पार्टी द्वारा भी आत्मरक्षार्थ सीमित जवाबी फायरिंग की गयी तो उस व्यक्ति के दोनों पैरों में गोली लगी है। नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम इंद्रासन बिंद पुत्र स्वर्गीय गिरजा बिंद निवासी लोहदीकलां (लंका पहाड़ी) कोतवाली देहात बताया गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत संराव विकास खण्ड बांसी जनपद - सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत संराव विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 17.04.2026 को 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय संराव के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 17.04.2026 को 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत संराव के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत संराव कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत संराव के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **श्रीमती कान्ती देवी** | **श्री अंकित कुमार** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत संराव** | **ग्राम पंचायत संराव** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुपौली विकास खण्ड खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत सुपौली विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/ राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 17.04.2026 को 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय सुपौली के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 17.04.2026 को 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सुपौली के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सुपौली कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत सुपौली के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **विवेक राय** | **श्री सद्दाम हुसैन अंसारी** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत सुपौली** | **ग्राम पंचायत सुपौली** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोड़राव नानकार विकास खण्ड मिठवल जनपद - सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत कोड़राव नानकार विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 20.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय कोड़राव नानकार के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 20.04.2026 को 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत कोड़राव नानकार के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कोड़राव नानकार कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कोड़राव नानकार के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **राजेंद्र प्रसाद** | **श्रीमती जनक नंदिनी** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत कोड़राव नानकार** | **ग्राम पंचायत कोड़राव नानकार** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

## स्वास्थ्य मुद्दे पर किशोरियों का खुलकर बोलना जरूरी



जौनपुर। वेलस्पनफाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नालेज व महिला विकास संस्थान के सहयोग से सोमवार को रामपुर ब्लॉक के परमालपुर ग्राम पंचायत में फोकस्ड अवेयरनेस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं व किशोरियों को कैंसर, जेण्डर, और वास के बारे में जागरूक किया गया जिसमे सामाजिक कार्यकत्री पूजा भारती ने बताया की महिलाओ और किशोरियों जागरूक होने की आवश्यकता है जिससे आने वाला जनरेशन भी जागरूक होगा और गांव की महिलाओ व किशोरियां अपने स्वास्थ्य मुद्दे पर खुलकर बात करने में सक्षम होंगी तो हमारा गाँव समुदाय स्वास्थ्य के मुद्दे पर जागरूक होगा तभी देश का विकास होंगा। उमाशंकर, पूजा भारती जयदेवी व आशा कार्यकर्ती व समुहसखी उपस्थित रही। जय देवी ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त की।

## पीड़ित परिवार से मिले एमएलसी देवेन्द्र प्रताप निष्पक्ष जांच व कड़ी कार्रवाई का दिलाया भरोसा



आजमगढ़। जनपद के जीयनपुर थाना क्षेत्र के चकलालचंद गांव में कथित फर्जी मुकदमे में फंसाए गए युवक धर्मेंद्र उर्फ अभिषेक के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इसी क्रम में विधान परिषद सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह और महाराणा प्रताप सेना प्रमुख बिजेंद्र सिंह ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरे प्रकरण की जानकारी ली और हरसंभव न्याय दिलाने का भरोसा दिया। बताया जा रहा है कि बीते दिनों स्थानीय पुलिस द्वारा धर्मेंद्र उर्फ अभिषेक को एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। परिवार का आरोप है कि युवक को बिना ठोस आधार के फर्जी मुकदमे में फंसाया गया, जिससे परिवार गहरे सदमे में है। घटना के बाद गांव में भी आक्रोश का माहौल देखने को मिला। एमएलसी देवेन्द्र प्रताप ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और पूरे घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले में निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। इस दौरान उन्होंने आलाधिकारियों को मामले में आवश्यक कारवाई हेतु निर्देशित भी किया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि इस घटना के बाद से उनका जीवन प्रभावित हो गया है और सामाजिक व मानसिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। इस पर डस्र्बने आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को उच्च स्तर तक उठाएंगे और न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस दौरान महाराणा प्रताप सेना के प्रमुख बिजेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह, जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह सहित स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और उन्होंने भी निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई।

## मिजार्पुर में अधिवक्ता साथी की गोली मारकर की गयी हत्या पर वकील बिफरे



सोनभद्र। सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के अधिवक्ताओं द्वारा जनपद मिजार्पुर में अधिववक्ता साथी की गोली मारकर की गई हत्या पर सोमवार को अधिवक्ता बिफर उठे। कलेक्ट्रेट पहुंच अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने, मृतक आश्रित परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा दिलाने के साथ ही तत्काल अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने के बावत महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव एड ने कहा कि अधिवक्ताओं के सुरक्षा की गारंटी होनी चाहिए। यह तभी संभव होगा जब अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू होगा। उन्होंने कहा कि मिजार्पुर के अधिवक्ता साथी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आखिरकार परिवार के लोगों का इसमें क्या कसूर है। इनकी परवरिश के लिए एक करोड़ रुपये मुआवजा दिलाया जाए। इस मौके पर महामंत्री योगेश कुमार द्विवेदी एड, कोषाध्यक्ष बंशीधर पाण्डेय एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविन्द प्रसाद मिश्र एड, गीता गौर एड, शालिनी पाण्डेय एड, अनुज अवस्थी एड, कुणाल सिंह एड, राघवेंद्र तिवारी एड, अविनाश एड समेत अन्य अधिवक्ता साथी मौजूद रहे।

## सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने रामलोचन तो सचिव अंजनी



दुद्धी, सोनभद्र। काफी गहमा-गहमी के बीच सोमवार को कड़े सुरक्षा व्यवस्था में सिविल बार एसोसिएशन के हुए वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर रामलोचन तिवारी ने बाजी मार ली तो वहीं सचिव पद पर अंजनी सिंह विजयी घोषित किए गए। मुख्य चुनाव अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव ने परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि अध्यक्ष पद पर रामलोचन तिवारी को 83 मत मिले। उन्होंने अपने निकततम प्रतिद्वंद्धी शिव शंकर प्रसाद को 40 मतों से हराया। शिव शंकर प्रसाद को 43 मत प्राप्त हुए। सचिव पद के लिए अंजनी सिंह को 86 मत मिले जबकि ज्ञानी प्रसाद को 37 मत प्राप्त किए। इस तरह अंजनी सिंह ने 49 मतों से जीत हासिल की। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आदर्श कुमार को 64 मत मिले जबकि अभिनव जायसवाल को 61 मत मत मिले, इसलिए मात्र 3 मतों से आदर्श कुमार निर्वाचित घोषित किए गए। सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक चले मतदान में अधिवक्ताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें 3 मत टेंडर मत प्राप्त हुए। जैसे ही बार सभागार में चुनाव परिणामों की घोषणा हुई तो विजयी उम्मीदवारो को समर्थकों ने फूल-मालाओ से लाद दिया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव एड, उपाध्यक्ष राजीव मिश्र एवं रामलखन सिंह तथा सह सचिव प्रकाशन अभिनाथ यादव, सह सचिव पुस्तकालय राहुल अग्रहरी तथा कोषाध्यक्ष पद हेतु नीरज कुमार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया जबकि गर्वनिंग काऊंसिल कनिष्ठ पद हेतु परमानंद सिंह, देवकुमार शर्मा तथा राकेश कुमार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। पूरी चुनावी प्रक्रिया में सहायक चुनाव अधिकारी सुखसागर यादव, मनोज मिश्रा, विनोद वर्मा और मोहर सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संक्षेप

## अपहरण के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

भटनी ( देवरिया )स्थानीय पुलिस नेअपहरण के मामले में फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है ।

जनपद में नये पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के रोकधाम के लिए वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर छोटी गण्डक पुल के पास से अपहरण के मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त ग्राम सिंहपुर गायघाट थाना भटनी निवासी अखिलेश यादव पुत्र प्रभुनाथ यादव को गिरफ्तार किया ।

पुलिस गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर रही है ।

गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक बांके यादव मुख्य आरक्षी संजय.सिंह यादव व आरक्षी संजय कुमार शामिल रहे ।

# 15 जून तक हर हाल में तैयार होगा पडरौना का बस स्टेशन



**कुशीनगर।** पडरौना नगर के बहुप्रतीक्षित रोडवेज बस स्टेशन निर्माण को लेकर अब सख्ती का दौर शुरू हो गया है।सोमवार को पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य कुंवर आरपीएन सिंह ने निमार्णाधीन बस स्टेशन का औचक निरीक्षण कर

**●आरपीएन के निरीक्षण में सख्ती**

अधिकारियों की कार्यशैली पर सीधी नजर डाली और साफ चेतावनी देते हुए कहा कि ह्न15 जून तक हर हाल में काम पूरा हो, गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए ।ह्ननिरीक्षण के दौरान सांसद ने बस स्टेशन के भवन, यात्री हाल, अधिकारियों के कक्ष को बारीकी से परखा। उनकी नजर सिर्फ दीवारों तक नहीं रुकी, बल्कि यात्रियों की सुविधा, स्वच्छता और व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत को भी उन्होंने खंगाला ।शौचालय, पेयजल और बैठने की व्यवस्था को लेकर उन्होंने अधिकारियों से तीखे सवाल किए।इस दौरान कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता एलबी सिंह ने भरोसा दिलाया कि बस स्टेशन में महिला-पुरुष के लिए अलग शौचालय, स्वच्छ पेयजल, कैंटीन और आधुनिक डॉरमेट्री की सुविधा होगी ।खास बात यह कि अब यात्रियों को रात में भटकना नहीं पड़ेगा। पहली मंजिल पर बने डॉरमेट्री में मामूली शुल्क पर ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। सांसद ने एआरएम जयप्रकाश प्रधान को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की रोजाना मॉनिटरिंग हो और तय समयसीमा हर हाल में पूरी की जाए।निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरपीएन सिंह ने साफ कहा कि बस स्टेशन के शुरू होते ही पडरौना की सबसे बड़ी समस्या जामका समाधान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी बसें सड़कों पर खड़ी होती हैं, जिससे रोजाना जाम की स्थिति बनती है।नया बस स्टेशन चालू होते ही सभी बसें परिसर में खड़ी होंगी और शहर की सड़कों को राहत मिलेगी।

## नगर पंचायत फाजिलनगर उपचुनावः सपा प्रत्याशी अवधेश सिंह ने किया नामांकन



**कुशीनगर।** फाजिलनगर नगर पंचायत फाजिलनगर में अध्यक्ष पद के लिए होने वाले उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है।

इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अवधेश सिंह ने सोमवार को कसया में रिटर्निंग ऑफिसर सर्वेंद्र सिंह के समक्ष दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया ।नामांकन के बाद पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यमंत्री राधेश्याम सिंह, पूर्व विधायक कासिम अली, राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी राव, जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य रामअवध यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष मु. इलियास अंसारी, राजेन्द्र उर्फ मुन्ना यादव, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि मु. हस्मुद्दीन अंसारी, उदय नारायण गुप्ता, संजय गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला, संतोष तिवारी, मधुरश्याम राय, बीरेंद्र सिंह सैंथवार, रणधीर सिंह मोहन, विधानसभा अध्यक्ष विजय यादव, लल्लन यादव, अशोक यादव तथा पूर्व प्रधान पृथ्वीपाल सिंह, कमरुल होदा, ईश्वर चंद्र गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।इस अवसर पर नेताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए विश्वास जताया कि नगर पंचायत फाजिलनगर की जनता सपा प्रत्याशी अवधेश सिंह को अध्यक्ष बनाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे पूरी ताकत, समर्पण और संगठन के साथ चुनाव मैदान में उतरें और प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करें।

## रंजीत सिंह चौहान बने एनसीसी लेफ्टिनेंट महाविद्यालय में खुशी का माहौल



जसवंतनगर, इटावा।चै. सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी ऑटोनॉमस कॉलेज के प्राध्यापक रंजीत सिंह चैहान ने तीन माह का कठिन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर एनसीसी में एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर एएनओ के रूप में लेफ्टिनेंट पद प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। रंजीत सिंह चैहान ने 3 जनवरी को महाराष्ट्र के नागपुर स्थित ऑफिसर ट्रेनिंग सेंटर ओटीए कामटी में प्रशिक्षण हेतु प्रस्थान किया था।4 अप्रैल को प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत उन्हें लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर द्वारा स्टार लगाकर सम्मानित किया गया। अब लेफ्टिनेंट रंजीत सिंह चैहान महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इस उपलब्धि पर चै. सुघर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. बृजेश चंद्र यादव ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं ग्रुप के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने माला, शॉल एवं शील्ड भेंट कर उनका सम्मान किया और इसे महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।संस्थान के निदेशक डॉ. संदीप पांडेय तथा मैनेजिंग कमेटी के सदस्य अशांक यादव ने भी उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## व्यापार मंडल की मासिक बैठक में संगठन का विस्तार



इटावा।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष कृष्णमुरारी गुप्ता के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं विस्तार के विषय में चर्चा हुई। इस अवसर पर श्री गुप्ता जी ने कुछ वरिष्ठ व्यापारियों को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी। जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार के मुखिया माननीय योगी जी एवं मोदी जी व्यापारियों के हित में तमाम योजनाएं चलाने का कार्य कर रहे हैं,व्यापारियों को व्यापार बढ़ाने के लिए तमाम अवसर दिए जा रहे हैं, लेकिन कुछ भ्रष्ट अधिकारी सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं, ऐसे अधिकारियों को हम सभी व्यापारियों को मिलकर जवाब देना होगा। उन्होंने सर्वसम्मति से जिला व शहर में प्रमुख व्यापारियों को जिम्मेदारियां सौंपी, जिसमें सर्वेश वर्मा को सरार्फा यूनियन का अध्यक्ष अजीत जैन को किराना एसोसिएशन का अध्यक्ष एवं राजेश गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी, गोपाल पोरवाल जिलामंत्री, सुशील यादव व तेजपाल राजपूत को जिला संगठन मंत्री, घनश्याम दास केसरवानी, दीपक जैन, अशोक अग्रवाल को नगर इकाई में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। संचालन महामंत्री सदाशिव श्रीवास्तव ने किया।

## नवागत एसपी ने किया पुलिस कार्यालय का निरीक्षण



**देवरिया।** नवागत पुलिसअधीक्षक अभिजीत आर. शंकर द्वारा पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान कार्यालय की समस्त शाखाओं जैसे- मानिटरिंग सेल, आईजीआरएस शाखा, डीसीआरबी, सम्मन सेल, आंकिक शाखा, जनसुनवाई सेल, जनसूचना सेल, साइबर थाना आदि का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान शाखाओं में कार्य की दक्षता, अभिलेखों के रख-रखाव, सफाई व्यवस्था तथा अभिलेखों का सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं समय पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।इसके साथ ही लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए ।

# एक केमिस्ट गरीब का डॉक्टर ,आपात काल में दवा दुकानदार सबसे बड़ा मददगार : शलभ मणि



**देवरिया ।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन, देवरिया की एक वार्षिक आम सभा की बैठक, प्रशिक्षण एवं सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय मैरिज हाल कान्हा लॉन मे आयोजित किया गया, जिसमें जिले से सैकड़ो दवा व्यवसाई ने भाग लिया। मुख्य अथिति सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, औषधि निरीक्षक राघवेंद्र सिंह, अध्यक्ष रणजीत सिंह एवं मंत्री अनिल गुप्ता एवं हिमांशु कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई ! कार्यक्रम का संचालन करते हुए सयुंक्त मंत्री हिमांशु कुमार सिंह ने दवा व्यवसाय से सम्बंधित क्रमवार समस्याओ का उल्लेख किया जिसमें प्रमुख रूप से ऑनलाइन दवा का बढ़ता कारोबार, लाइसेंस के नवीनीकरण मे अनावश्यक कागजी कार्यवाही, बार बार पोर्टल का परिवर्तन और पुनः सारे दस्तावेज का चढ़ाना,जिसे औषधि निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने एक एक कर उसका विस्तार पूर्वक निदान करते हुए बताया कि नये ऑनलाइन पोर्टल मे परिवर्तन से थोक दवा दुकानदार द्वारा अब अनुभव प्रमाण पत्र निर्गत करना आसान नहीं रह गया है !केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन मंत्री अनिल गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि डॉक्टर द्वारा स्वतः प्रमोटड दवाएं ज्यादा लिखी और बेंची जा रही है जिससे दवा का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है !मुख्य अतिथि शलभ मणि ने कहा कि कोरोना काल मे दवा व्यापारी द्वारा किये गये योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है ! डॉक्टर और केमिस्ट ही एकमात्र सहारा थे !आज भी छोटे छोटे कस्बे मे आम और गरीब व्यक्ति का डॉक्टर एक दवा व्यवसाई ही होता है जो प्रत्यक्ष रूप लाखों रुपए की आर्थिक बचत करता है लेकिन इसका उल्लेख कहीं नहीं मिलता है ! इस अवसर पर दवा व्यवसाय द्वारा समाज मे वर्षो से अपनी सेवा दे रहें आनन्द रूंगटा, घनश्याम गुप्ता, चमन लाल शर्मा, लाल बाबू सिंह, राकेश गौड़, एवं नवल किशोर रूंगटा को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह आदि देकर विधायक शलभ मणि ने सम्मानित किया ! अध्यक्ष रणजीत सिंह ने धन्यवाद देतें हुए कहा कि दवा व्यापार मे वर्षों से आ रही कई व्यवहारिकसमस्याओ के लिए वर्तमान सरकार से प्रतिनिधि मण्डल मातृ संस्था सी डी अफ यू पी के द्वारा मिल कर ज्ञापन दिया गया है ! इस अवसर पर उद्योग व्यापार से राजेंद्र मौर्या, कुसमाकार सिंह अध्यक्ष, वासुदेव वर्मा, व्यपार मण्डल के मंत्री जीवन लाल बैरनवाल, विजय पटेल ने भी अपने विचार व्यक्त कियें ! दवा व्यापार से अजय जायसवाल कोषाध्यक्ष, राकेश सिंह धर्मेन्द्र सिंह, सतेन्द्र शुक्ला, महेन्द्र भगवानी, जगजीत सिंह सलूजा, जीतेन्द्र वर्मा, गयासुद्दीन अंसारी, लोकेश गोयल, देवांशु वर्मा, दीपक गुप्ता, अभिषेक शर्मा, अजय तिवारी, संतोष गुप्ता, आशीष गुप्ता, राजेश अग्रवाल प्रमोद रूंगटा, युवा व्यपार के दारा यादव आदि लोग उपस्थित थे ! कार्यक्रम का संचालन हिमांशु कुमार सिंह ने किया।

## चोर समझ कर दो युवकों को पेड़ में बांधकर पीटा, मुकदमा दर्ज

**देवरिया ।** जनपद देवरिया के थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत सोशल मीडिया के माध्यम से दो लड़को को पेड़ में बांधकर मारने-पीटने का वीडियो वायरल होने की जानकारी प्राप्त हुई हैं जिसकी जांच की गयी तो ज्ञात हुआ कि दिनांक 12/13 अप्रैल की रात्रि में ग्राम बड़ी बभनी थाना कोतवाली में डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती की सजावट की जा रही थी कि कुछ लड़कों द्वारा बांस की कईन काटने हेतु पास के गांव में एक बांस की खुंट्टी में गये थे कुछ लोगों द्वारा चोर समझकर मारा-पीटा गया उक्त के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सुरों की मल्लिका आशा भोसले के निधन पर उनके प्रशसंकों में शोक



**कसया, कुशीनगर।** भारतीय सिनेमा को हजारों गीत देने वाली संगीत, सुरों की मल्लिका आशा भोसले के निधन पर उनके प्रशसंकों और संगीत प्रेमियों में शोक की लहर व्याप्त है ।सात दशक तक करोड़ों दिलों पर राज करने वाली आशा ताई के निधन पर नगर स्थित डी डी मंत्रा नृत्य एवम संगीत विद्यालय कसया कुशीनगर में आशा भोसले को याद करते हुए शोक सभा आयोजित हुई और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। संस्था के निदेशक कृष्णानंद त्रिपाठी ने कहा कि आशा जी के गीत हमेशा उनकी याद दिलाते रहेंगे। इस मौके पर डॉ एस के दुबे, राकेश गुप्ता, जेपी यादव, गीता, शिखा, रीता, विवेक, अमन, अंकुर, अभिषेक, राजू आदि लोग उपस्थित रहे।

## पति सास ससुर सहित पांच लोगो पर दहेज उत्पीड़न सहित संगीन धाराओ में मुकदमा दर्ज

जिला संवाददाता

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाने में ग्राम बनिया छापर थाना गोपालपुर जिला गोपालगंज निवासी पति सास ससुर सहित पाँच लोगो पर दहेज उत्पीड़न सहित संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुई है ।0भटनी थाने की एक गाँव निवासिनी एक महिला ने थाने में दिये गये तहरीर मे लिखी है ।मेरा विवाह मेरे पिता ने हिन्दू रित रिवाज के अनुसार ग्राम बनिया छापर थाना गोपालपुर जिला गोपालगंज बिहार निवासी सर्वेश राय पुत्र बीरेन्द्र राय के साथ 2025 में ससुराल वालो द्वारा माँगे गये दहेज चार पहिया वाहन नकद सोना ससुराल पक्ष से सभी लोगों को अंगुँठी देकर विदाई किया था ।लेकिन ससुराल जाने पर मेरे सारे अरमान धारासायी हो गये. ।शादी के तीसरे दिन से ही पति शराब पीकर मारपीट कर प्रताडित करते हुए कहने लगा कि टोयटा फारच्यूनर गाडी माँगे थे तुम्हारे पिता ने दुसरी गाडी दे दी ।जिससे समाज में हमारी बेइज्जती हुई है ।और दुबई चले गये ।दुबई जाने के बाद दो सप्ताह बाद जेष्ट जेठानी सास ससुर सब मिलकर प्रताडित करने लगे ।फिर दिल्ली में फ्लैट लेने के लिए धन की माँग करने लगे ।मेरे द्वारा धन देने से इन्कार करने पर मेरे साथ अमानवीय व्यवहार करने लगे ।तरह तरह की आश्लील हरकत करने लगे ।इसकी शिकायत सास ससुर व पति से की तो सब लोग परिवार के लोगों का ही समर्थन किया ।भय के कारण किसी कोई बात नही बतायी ।पति विदेश से घर आये देवरिया बुलाये ।भैया भाभी के साथ देवरिया गयी.। सारी बाते बताये जाने के बाद वही से दुबई चले गये.। दुबई जाने के बाद जब फोन से बात हुई तो दुबई बुलाया ।और कहा की आबुधाबी के एयरपोर्ट पर रिसीव कर लुँगा ।लेकिन वहां भी नही आये ।एक होटल में मेरे लिए बुक कराये थे. ।वहां जाने पर दो लोग आये और बताये कि सर्वश तो शादीशुदा है ।वह नही आयेगा ।उन लोगों के हरकत से होटल से भाग निकली ।औरपिता को सारी बात बताई पिता ने दुबई में स्थित मित्र की पुत्री को फोन की उनकी मदद से घर वापस आयी ।मेरा पति भी वहां से घर आ गया ।जब 14फरवरी 25को पति के घर अपने पिता व भाई के साथ पहुंची तो परिवार के लोगों द्वारा बन्धक बना लिया गया ।पति निर्वस्त्र कर कमरे में बन्द कर दिया ।मेरे पिता भाई किसी तरह से भाग कर थाने आये ।रात में थाने पर बैठाया गया ।रात के अंधेरे में मुझेभटनी थाने के घाँटी बाजार मे.जाने से माने की धमकी देते हुए छोड दिया गयातहरीर के आधार पर पति सर्वश राय पुत्र बीरेन्द्र राय सौरभ राय पिता बीरेन्द्र पत्नी बीरेन्द्र राय ग्राम बनिया छापर थाना अन्तर्गत पुलिस मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है ।

## वृन्दावन मोटर वोट हादसे के बाद प्रशाशन ने उठाए कड़े कदम

मथुरा। वृंदावन में यमुना नदी में हुए भयावह हादसे ने प्रशाशन की नींद खोल दी है। जिला प्रशासन अब पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने का जज्बा दिखा रहा है।

इस संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि नगर निगम और ग्रामीण इलाकों में तहसील स्तर पर नाव संचालन करने वाले नाविकों के साथ वेलफेयर कमेटी बनी हुई थी, जिसे पुनः एक्टिव किया जा रहा है । डीएम सीपी सिंह ने बताया कि सभी घाटों पर बड़े बड़े बोर्ड लगाए जाने का निर्णय लिया गया हे। जिसमें स्पष्ट रूप से लिखा होगा कि श्रद्धालुओं को क्या करना है और क्या नहीं करना है। उधर डीएम ने बताया कि 425 लाइफ सपोर्ट जैकेट उपलब्ध कराई गई है। वही दूसरी ओर नाविकों को भी इस बात के लिए साफ तौर पर निर्देश दिए जाएंगे कि बिना लाइफ सपोर्ट जैकेट के सवारियों को लेकर वोटिंग नहीं कराएंगे।

## प्रेमिका से शादी की जिद में टावर पर चढ़ा युवक, पुलिस ने सुरक्षित उतारा

इटावा। युवक अपनी प्रेमिका से शादी की जिद को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। काफी देर तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया। बाद में दोनों पक्षों को थाने ले जाकर समझाने का प्रयास किया गया। मामला बसरेहर कस्बे का है। कस्बा निवासी सुनील बाल्मीकि इटावा के विकास भवन में सफाई कर्मचारी है। रविवार शाम करीब 4 बजे किल्ली तिराह के पास नई बस्ती में लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक के टावर पर चढ़ते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। बताया गया कि युवक क्षेत्र की ही एक युवती से प्रेम करता है और उससे शादी करना चाहता है। युवक का कहना है कि युवती भी शादी के लिए तैयार है, लेकिन उसके परिजन इस रिश्ते के खिलाफ हैं और युवती के साथ मारपीट करते हैं। इसी बात से परेशान होकर युवक ने यह कदम उठाया और टावर पर चढ़कर हंगामा करने लगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे तक समझाने का प्रयास किया। इस दौरान जब युवती भी मौके पर पहुंची, तो युवक नीचे उतरने के लिए राजी हो गया। पुलिस दोनों पक्षों को थाने लेकर पहुंची, जहां समझौते के प्रयास किए जा रहे हैं। थाना अध्यक्ष सौरभ सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराने की कोशिश की जा रही है।

## भाजपा कार्यालय पर नारी शक्ति वंदन सम्मलेन सुना गया




इटावा। केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाया है। इससे पहले दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में तथा जिलाउपाध्यक्ष व महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य की अध्यक्षता में पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा सम्बोधित किए गए नारी शक्ति वंदन सम्मलेन के लाइव प्रसारण सुना गया। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। एक ऐसा नया इतिहास, जो अतीत की संकल्पनाओं को साकार करेगा, जो भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। एक ऐसे भारत का संकल्प जो समतामूलक हो, जहां सामाजिक न्याय केवल एक नारा न हो, बल्कि हमारी कार्य संस्कृति का, हमारी निर्णय प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय भी हमारे देश में राष्ट्रपति जी से लेकर वित्त मंत्री जैसे अहम पद महिलाएं ही संभाल रही हैं। उन्होंने देश की गरिमा और गौरव, दोनों को बढ़ाया है। कार्यक्रम में महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता गुप्ता, जिलामंत्री मधु तोमर, प्रीति दुबे, अनीता जाटव, नीतू नारायण मिश्रा, राधा पाल, सभासद पूनम पांडेय, सोनिया चक, सोनी कठेरिया, पूजा श्रीवास्तव सहित सैकड़ो की संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रहीं।

## बाबा साहेब के बताये मार्ग पर चलकर होगी समता मुलक समाज की स्थापनाः किरन जायसवाल

**कसया, कुशीनगर।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती की पूर्व संध्या पर वार्ड नंबर 12 वीर अब्दुल हमीद नगर ( भलुहीमदारी पट्टी ) स्थित डॉक्टर अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब के मूर्ति के पास साफ सफाई करके दीपक जलाया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व व कृतित्व को याद करते हुए कहा कि बाबा साहेब के बताये मार्ग पर चलकर समाज में समता एवं ममता की भावना को स्थापित किया जा सकता है। कार्यक्रम संयोजक विपुल कुमार दुबे ने अपने विचार रखते हुए बाबा साहब के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि सोनू त्रिपाठी, अध्यक्ष अवनीश गौतम, प्रशांत गौतम, विजय गौतम, भाजपा नेता विपुल दूबे, सतीश गौतम, प्रमोद भारती, अजित गौतम, आजाद गौतम, अजय गौतम बृजेन्द्र गौतम, प्रबंधक सरजू प्रसाद, लाल बिहारी,पवन कुमार भारती, अतुल भारती, सामाजिक कार्यकर्ता कुश कुमार आदि मौजूद रहे।

## पत्रकार से गनर द्वारा किए गए अभद्रता के मामले में अबतक नहीं हुई कोई कार्रवाई

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बलोचहा निवासी पत्रकार के साथ नगरपालिका पडरौना अध्यक्ष के गनर द्वारा की गई अभद्रता के मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसको लेकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है ।सोमवार को हिंदी दैनिक के जिला संवाददाता एवं अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश सचिव विनय उपाध्याय संगठन के पदाधिकारियों के साथ रविन्द्र नगर जिला मुख्यालय पहुंचे और एसपी कुशीनगर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि घटना उस समय हुई जब क्षेत्र में रामनवमी की शोभा यात्रा निकाली जा रही थी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। पीड़ित पत्रकार का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष से फोन पर शिकायत की, लेकिन कार्रवाई के बजाय गनर का पक्ष लिया गया। इस संबंध में बीते छः अप्रैल को भी आपकी अनुपस्थिति में अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को प्रार्थना पत्र दिया गया। लेकिन अबतक कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित ने अपने लिखित शिकायत में पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि एक जिम्मेदार पत्रकार को समाज के सामने अपमानित करना न केवल व्यक्तिगत गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को भी कमजोर करता है। इस मामले में पत्रकार संगठनों द्वारा भी प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अधीक्षक ने कहा कि इस मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान संजय चाणक्य, पवन कुमार मिश्रा, बृज बिहारी त्रिपाठी, एबीपीसएस जिलाध्यक्ष हृदया नन्द शर्मा, जिला सचिव एहतेशाम जाफर मिंटू लारी, मसरूर रिजवी, पड़रौना तहसील उपाध्यक्ष मु. सरफराज आदि उपस्थित रहे।

## हर बूथों की समीक्षा करें कार्यकर्ता - संतराज यादव

देवरिया । 14 अप्रैल को डा भीम राव अंबेडकर की जयंती, बूथ प्रबंधन, नारी शक्ति वंदन तथा स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रमों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की कामकाजी बैठक सोमवार को क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भाजपा कार्यालय पर हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी व उत्तर प्रदेश भूमी विकास बैंक के अध्यक्ष संतराज यादव ने कहा कि चूंकि यह एक कामकाजी बैठक है जिससे हमारी संगठन के कार्यक्रमों के प्रति जिम्मेदारी बढ़ जाती है । जितने भी अभियान शीर्ष नेतृत्व द्वारा चलाए जाने का निर्देश हुआ है, चाहे वो समरसता दिवस हो, बूथ प्रबंधन हो, नारी शक्ति वंदन हो या स्वच्छता अभियान हो, सभी का सुचारू रूप से संचालन हो यह जिम्मेदारी हम सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों की है । शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल प्रवासी, मंडल अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष हर बूथों पर जाकर ये समीक्षा करें कि हमारे अभियानों की कार्ययोजना पूर्ण रूप से तैयार कर ली गई है और इसका संचालन करना है । उन्होंने कहा कि हमारे सामने भले कार्य चुनौतीपूर्ण हो, विपरीत परिस्थितियां हों लेकिन हमें डटकर इनका सामना करते हुए कार्यक्रम करना है।

# सपा ने निकाली संविधान बचाओ शोभा यात्रा




**देवरिया।** समाजवादी पार्टी, जिलाध्यक्ष व्यास यादव के नेतृत्व में भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर ह्लसंविधान बचाओह्नशोभा यात्राह्न का भव्य आयोजन किया गया ।इस अवसर पर जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय, बांस देवरिया स्थित मुलायम सिंह यादव सभागार में केक काटकर ढोल-नगाड़ों के साथ जयंती धूमधाम से मनाई गई। तत्पश्चात, यह शोभा यात्रा पूर्व संध्या पर समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय, बांस देवरिया से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकाली गई। यात्रा में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे मार्ग में ह्लसंविधान बचाओह्न, ह्लसामाजिक न्याय जिंदाबादह्न जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान रहा तथा कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला ।जिलाध्यक्ष व्यास यादव जी ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी द्वारा निर्मित संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, न्याय और सम्मान प्रदान करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज संविधान की मूल भावना को कमजोर करने के प्रयास हो रहे हैं, ऐसे में समाजवादी पार्टी का दायित्व है कि वह जन-जन को जागरूक करे और संविधान की रक्षा के लिए संघर्षरत रहे।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक मनबोध प्रसाद, अनुग्रह नारायण सिंह खोखा, गजाला लारी, सुभाषचंद श्रीवास्तव, दीनानाथ कुशवाहा, स्वामीनाथ यादव, रामप्रवेश यादव बबलू, अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह, अशोक सिंह कुशवाहा, हाफिज शहादत हुसैन अंसारी, अली आजम शेख, डॉ.एच.डी. भारती, मंजूर हसन, परवेज आलम, प्रदीप यादव,

उदय प्रकाश यादव, उमेश नारायण शाही, राजवंशी राजभर, मनीष सिंह, हृदयानारायण जायसवाल, राजेंद्र प्रसाद, चंदन गौतम, जितेंद्र बांसफोर, विजय रावत, अवधेश चौधरी, धर्मवीर गुप्ता, मुन्ना यादव, डॉ. रामनाथ चौहान, वसी अहमद, सुनील यादव, प्रमोद गौतम, रामबहादुर यादव,ने अपने विचार रखा ।इस अवसर पर फक्रुद्दीन खाँ, संतोष यादव, आफताब आलम, रामबली यादव, परमहंस यादव, ऋषिकेश यादव, प्रो. एच.डी. भारती, भृगुनाथ पासवान, हरेंद्र सिंह त्यागी, इंद्रेश सिंह रामू, अमरेंद्र यादव, रामप्रीत यादव, महेंद्र गोंड, ललन गुप्ता, पवन यादव, अर्जुन यादव, लक्ष्मण निषाद, रणवीर यादव, दिव्यांश श्रीवास्तव, छेदीलाल यादव, रामप्रकाश यादव, रामकेवल यादव, प्रकाश यादव, बेचूलाल चौधरी, नरसिंह यादव, रामपाल यादव, पिंटू पासवान, रामायण यादव, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने मोहसिना किदवई, आशा भोंसले को श्रद्धांजलि दी

इटावा। जिला कांग्रेस कार्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्षा मोहसिना किदवई व प्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई। इस श्रद्धांजली सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि आज देश ने दो महान विभूतियों को खो दिया है। श्री दीक्षित ने कहा कि पूर्व कांग्रेस नेत्री ने महिला उत्थान के लिए कई कार्य किए महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का हमेशा प्रयास किया। शहर अध्यक्ष मो. राशिद ने कहा कि इन दो महान महिला विभूतियों ने जिसमें एक ने राजनीति में तो दूसरे ने गानों के सुरों से देश में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी, कोमल सिंह कुशवाह, करण सिंह राजपूत, पल्लव दुबे आदि ने संबोधित किया। इसके साथ ही जलियांवाला कांड में शहीदों को भी दो मिनट का मौन धारण कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर आशाराम कठेरिया, कांग्रेस युवा जिलाध्यक्ष शौजब रिजवी, जिलाध्यक्ष रणवीर यादव, प्रदीप द्विवेदी, सरवर अली, अमन तिवारी, जितेंद्र यादव आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## सूचना

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम प्रिन्स यादव व जन्मतिथि 01.01.2005 दर्ज हो गई है, जबकि मेरे हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाण पत्र में मेरा सही नाम प्रीतम यादव व सही जन्म तिथि 30.03.2008 दर्ज है। मेरे आधार कार्ड में भी हाईस्कूल अंकपत्र के अनुसार ही सही नाम प्रीतम यादव व सही जन्म तिथि 30.03.2008 दर्ज किया जाये। **प्रीतम यादव पुत्र श्री जनार्दन यादव नि.- ग्राम पिपरपासी पो.- कानापार, तह. व थाना बासगांव, जनपद गोरखपुर।**

# ऊर्जा आपूर्ति की चुनौती

मध्य पूर्व संकट के समाधान के लिए शुरू हुई बातचीत विफल होने के बाद एक बार फिर से तनाव बढ़ने लगे हैं। अभी तक सिर्फ ईरान होर्मुज स्ट्रेट को बाधित कर रहा था, लेकिन अब अमरीका भी इसी रेस में उतर आया है। अमरीका ने भी होर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी की बात कही है। इससे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें फिर बढ़ने लगी हैं। यह संकट भारत के लिए इतना बड़ा सबक है कि अगर इसे नजरअंदाज किया गया और इसका स्थायी समाधान तलाशने की कोशिश न की गयी तो अर्थव्यवस्था भले तेज विकास कर रही हो, लेकिन हमेशा संकट में रहेगी। दरअसल ऊर्जा के मामले में आयात पर निर्भरता देश के लिए और हमारी अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा संकट है। इस संदर्भ में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष को उचित ही 'व्यवस्थागत झटका' करार दिया और कहा कि यह वैश्विक ऊर्जा के महत्वपूर्ण मार्गों को खतरे में डाल रहा है। यह बात भारत की नाजुकता को भी रेखांकित करती है। भारत कच्चे तेल की अपनी खपत आवश्यकता का 85 फीसदी आयात करता



है। इसका बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आता है और यह क्षेत्र भू-राजनीतिक अनिश्चितता को लेकर बहुत अधिक संवेदनशील है। भू-राजनीतिक उथलपुथल मचते ही आयात की लागत अचानक बढ़ जाती है, मुद्रास्फीति का दबाव उत्पन्न हो जाता है और उद्योग जगत के लिए भी हालात अनिश्चित हो जाते हैं। जैसा कि वर्तमान संकट दर्शाता है, बात केवल कीमतों की नहीं बल्कि उपलब्धता की भी है जिस पर गहरा असर पड़ सकता है। ऊर्जा कीमतों और आयात बिल में तेज इजाफा वृहद आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। अतीत में कई अवसरों पर हम ऐसा होते देख चुके हैं। ऐसे में निरंतर भू-राजनीतिक उथलपुथल वाली दुनिया में अपने दीर्घकालिक हितों को सुरक्षित करने के लिए भारत को ऊर्जा आयात पर अपनी निर्भरता कम करनी होगी। इसे हासिल करने के लिए अलग-अलग मोर्चों पर एक साथ काम करना होगा। यह दलील दी गई कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना होगा और इसके साथ ही उसे तेल एवं गैस आयात के स्रोतों में विविधता लानी होगी। हालांकि, इस चरण में भारत को नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन की भी आवश्यकता है। रिपोर्टों में कहा गया है कि कई कारोबार गैस की अनुपलब्धता के कारण आंशिक या पूर्ण रूप से उत्पादन बंद कर चुके हैं। यह जानना उपयोगी होगा कि क्या उनमें से कुछ अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को बिजली पर स्थानांतरित कर सकते हैं। ऐसे बदलाव, संभवतः राज्य की मदद से, मांग का एक स्थिर स्रोत बना सकते हैं। विश्वसनीय औद्योगिक सुधार नवीकरणीय क्षमता के उपयोग में सुधार कर सकता है, निजी निवेश आकर्षित कर सकता है और भंडारण जैसी सहायक अधोसंरचना के विकास को तेज कर सकता है। अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी के हालिया आंकड़े बताते हैं कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा बाजार है। हालांकि, कुल ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा का योगदान अभी भी बहुत कम है और इसे पर्याप्त रूप से बढ़ाने की आवश्यकता है। यह पहलू रोजगार निर्माण की दृष्टि से भी बेहतर है। अंतरराष्ट्रीय शोध संस्था इक्रियर के लिए भारतीय परिषद के एक अध्ययन ने दिखाया है कि स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित रोजगार 2021-22 के 3.1 लाख से बढ़कर 2029-30 तक 9 लाख हो सकते हैं जबकि ऊर्जा किफायत या बचत से संबंधित रोजगार 12.6 लाख से बढ़कर 42.8 लाख हो सकते हैं। इसका तात्पर्य यह है कि अगर भारत अपने 2030 के लक्ष्य यानी 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म क्षमता और 15 करोड़ टन ऊर्जा बचत हासिल करता है, तो रोजगार में लगभग तीन गुना वृद्धि होगी। ये लाभ और भी अधिक हो सकते हैं यदि भारत नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपनी महत्वाकांक्षा को और बढ़ाये। इस वृद्धि को मुख्य रूप से सौर ऊर्जा आगे बढ़ाएगी, साथ ही कुशल रखरखाव भूमिकाओं की बढ़ती मांग भी होगी।

## विचार

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।
–गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री–पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?
–महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।
–महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।
– शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
–गौतम बुद्ध.

# अमेरिका-ईरान में नहीं बनी बात, चिंता बढ़ी



शाहिद ए चौधरी

> अमेरिका ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की सुरक्षा पर जो शर्त रखी वह ईरान को स्वीकार नहीं थी। यही विवाद के बिंदु आखिरकार मुख्य अड़चन बन गये। वार्ता इस पृष्ठभूमि में टूटी कि इजराइल ने बैरुत पर अंधाधुंध गोलाबारी की, जिसमें सैंकड़ों निर्दोष लोग मारे गये और जिसकी व्यापक अंतर्राष्ट्रीय निंदा हुई। इसे युद्धविराम के उल्लंघन के रूप में देखा जा रहा है।

**सामयिक**

जैसा अनुमान लगाया जा रहा था, वही हुआ। अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता नहीं हुआ। इस्लामाबाद, पाकिस्तान में वार्ता बिना किसी डील के समाप्त हो गई और अमेरिका के उप-राष्ट्रपति यह कहते हुए वापस लौट गये कि उन्होंने 'अंतिम व सर्वश्रेष्ठ प्रस्ताव' रखा था। दूसरी ओर ईरान को पहले ही वार्ता की सफलता पर शक था, क्योंकि दो बार पहले जब वार्ताएं एकदम सही दिशा में जाते हुए समझौते के कगार पर पहुंचने वाली थीं, तो अमेरिका ने धोखा दे दिया था। जिनेवा में जब दूसरी वार्ता हुई, तो उसमें शामिल ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल को आश्चर्य हुआ था कि तेहरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर वाशिंगटन की हर बात मानने को तैयार हो गया था व वियना में तकनीकी वार्ता के लिए तिथि पर भी सहमति बन गई थी, तो अमेरिका व इजराइल ने ईरान पर 28 फरवरी 2026 की सुबह बेमतलब व बेमकसद का पुनः युद्ध थोप दिया, मिनाब में 168 स्कूलों की बच्चियों की हत्या करके। लेकिन तब से होर्मुज में बहुत पानी बह चुका है।



अब भारी नुकसान व अपनी टॉप लीडरशिप को खोने के बावजूद तेहरान वाशिंगटन की अनुचित मांगों को ठुकराने की स्थिति में है और अमेरिका स्वघोषित ताकत की सीमाएं भी जाहिर हो गईं हैं कि वह अपनी मनमानी व दादागिरी थोपने की स्थिति में नहीं रहा है, विशेषकर इसलिए कि इराक युद्ध की तरह अब विश्व एकध्रुवीय नहीं रहा है। रूस व चीन भी सुपर पॉवर के रूप में उभर चुके हैं और वह ईरान के समर्थन में खड़े हैं। ईरान ने कहा है कि वार्ता को छोड़ने का अमेरिका बहाना तलाश रहा था और अब गेंद अमेरिका के पाले में है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वाशिंगटन ने युद्ध जीत लिया है, अब वार्ता का चाहे जो नतीजा निकले। ट्रम्प ने यह भी दावा किया है कि उसके दो जहाज स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरे हैं, समुद्री माइंस को क्लियर करते हुए, जबकि ईरान ने इस दावे का खंडन करते हुए चेतावनी दी है कि कोई भी सैन्य जहाज होर्मुज को अगर पार करने का प्रयास करेगा तो उसे भयावह प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा। उधर दक्षिण लेबनान में इजराइल की एयर स्ट्राइक्स जारी हैं और हिजबुल्लाह भी जवाबी कार्रवाई कर रहा है। हालांकि अमेरिका व ईरान में उच्च स्तरीय व आमने-सामने की वार्ता लगभग 47 साल बाद हुई, लेकिन विवाद व अविश्वास के वातावरण में हुई इस 21 घंटे की गहन वार्ता का कोई नतीजा निकलना ही नहीं था, क्योंकि युद्ध से पहले और युद्ध के बाद गोल पोस्ट ही बदल गये और इजराइल (बल्कि बेंजामिन नेतन्याहू का कहना अधिक दुरुस्त होगा) जो न पहले शांति चाहता था और न अब चाहता है किसी भी डील में सबसे बड़ा रोड़ा है। जिनेवा में वार्ता का फोकस मुख्यतः ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर था, लेकिन इस्लामाबाद में अमेरिका के तरफ से जो 15 पॉइंट्स रखे गये व ईरान की तरफ से जो 10 पॉइंट्स रखे गये, उनमें अन्य विवाद भी शामिल हुए जो परमाणु कार्यक्रम और पहली बार शामिल हुए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज व सभी मोर्चों पर विस्तृत युद्धबंदी तक सीमित नहीं है। असहमति का असल बिंदु यह था कि अमेरिका इस बात का वायदा करने के लिए तैयार नहीं था कि वह लेबनान के खिलाफ इजराइल आक्रमण पर विराम लगायेगा। अमेरिका ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की सुरक्षा पर जो शर्त रखी वह ईरान को स्वीकार नहीं थी। यही विवाद के बिंदु आखिरकार मुख्य अड़चन बन गये। वार्ता इस पृष्ठभूमि में टूटी कि इजराइल ने बैरुत पर अंधाधुंध गोलाबारी की, जिसमें सैंकड़ों निर्दोष लोग मारे गये और जिसकी व्यापक अंतर्राष्ट्रीय निंदा हुई और इसे युद्धविराम के उल्लंघन के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल डील के संदर्भ में मुख्य चुनौती इजराइल की तरफ से आनी थी और उसी की तरफ से आयी भी। दो सप्ताह के युद्ध विराम पर नेतन्याहू की गुस्साभरी प्रतिक्रिया सामने आयी थी। उन्होंने युद्ध के मुख्य उद्देश्य ईरान में 'सत्ता परिवर्तन' बताया था, जोकि हुआ नहीं। चूंकि अमेरिका ने पुराने शासकों से ही वार्ता आरंभ कर दी तो यह स्पष्ट हो गया कि इजराइल का घोषित रणनीतिक उद्देश्य हासिल नहीं हुआ। इसलिए युद्धविराम के घोषित होते ही इजराइल ने बैरुत के नागरिकों पर बमबारी करनी शुरू कर दी ताकि ईरान को उकसाया जा सके और युद्धविराम विफल हो जाये। लेकिन ईरान ने युद्धविराम को जारी रखा, इस घोषणा के साथ कि लेबनान में अपने साथियों को वह अकेला नहीं छोड़ेगा।

इटली, स्पेन व ऑस्ट्रेलिया ने इजराइल द्वारा की गई बमबारी की निंदा की और युद्धविराम का सम्मान करने के लिए कहा। गल्फ को-ऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) भी युद्धविराम के पक्ष में है और चाहती है समस्या का शांतिपूर्ण हल निकालने के प्रयास जारी रहने चाहिए, बावजूद इसके कि ईरान व यूएई में विश्वास का अभाव जारी है। यहां दो अन्य बातों को समझना भी आवश्यक है। एक, इजराइल के सांसद नामा लजिमी का आरोप है कि नेतन्याहू ने जानबूझकर 7 अक्टूबर का हमास हमला होने दिया था ताकि वह युद्ध में जा सकें और अदालत में पेश होने से बच सकें, जहां उनके व उनकी पत्नी के खिलाफ भ्रष्टाचार व अन्य मामलों के अनेक मुकदमे चल रहे हैं। इसी के चलते नेतन्याहू ने अतीत में अनेक समझौता-वार्ताओं को नुकसान पहुंचाया है। मसलन, 9 सितम्बर 2025 को उन्होंने दोहा में हमास की वार्ता टीम पर हमला कराया, जिसमें पांच लोग मारे गये थे। इससे पहले नेतन्याहू ने न्यायपालिका को नियंत्रित करने के लिए एक विधेयक लाने का प्रयास किया था, जिसका इजराइल में जबरदस्त जनविरोध हुआ था और विधेयक को वापस लेना पड़ा। फिर नेतन्याहू ने ट्रम्प के माध्यम से इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हेरजोग पर भ्रष्टाचार के मुकदमे वापस लेने का दबाव बनाया, जो सफल नहीं हुआ। युद्ध के समाप्त होते ही न सिर्फ नेतन्याहू की कुर्सी जायेगी बल्कि अपनी पत्नी के साथ वह जेल में होंगे। सांसद लजिमो का आरोप है कि खुद को बचाये रखने के लिए नेतन्याहू इजराइल को लगातार युद्ध में झोंके हुए हैं। दूसरा यह कि अमेरिका व ईरान के बीच जो तीन असफल वार्ताएं अब तक हुई हैं, उन सभी में ट्रम्प के यहूदी दामाद जेरेड कुशनर व ट्रम्प के करीबी दोस्त रियल एस्टेट निवेशक स्टीव विटकॉफ शामिल रहे हैं। यह दोनों ही नेतन्याहू के करीबी हैं और अमेरिकी विशेषज्ञों के अनुसार नेतन्याहू के लिए ही काम करते हैं, जबकि यह न तो अमेरिकी प्रशासन में कुछ हैं और न ही इन्हें कूटनीति का कोई अनुभव है। इस स्थिति में इस्लामाबाद में वार्ता का विफल होना तो तय ही था।

हालांकि अब वैश्विक दबाव वार्ता को जारी रखने का बन रहा है, क्योंकि हर किसी की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, अमेरिका में भी युद्ध का जन विरोध व ट्रम्प को हटाने के लिए अनुच्छेद 25 लागू करने की मुहिम तेज है, सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि संयुक्त रणनीतिक रक्षा समझौते के तहत उसके पूर्वी सेक्टर में स्थित किंग अब्दुल अजीज एयर बेस की सुरक्षा करने के लिए पाकिस्तान का सैन्य बल वहां पहुंच गया है, जिससे लगता है कि सऊदी अरब अमेरिका पर अपनी रक्षा निर्भरता कम करते हुए ईरान से संबंध बेहतर करने का इच्छुक है और चीन ने ईरान को एयर डिफेंस सिस्टम दिया है। इस पृष्ठभूमि में ट्रम्प कह रहे हैं कि वह वेनेजुएला की तरह ईरान का नेवल ब्लॉकेड करेंगे और अपनी शर्तें मनवायेंगे। ट्रम्प क्या कहते हैं और क्या करते हैं, यह उन्हें स्वयं मालूम नहीं है। फिलहाल के लिए सब कुछ अनिश्चित है।

## सोशल मीडिया



टीएमसी नारा तो देती है मां, माटी और मानुष का, लेकिन आचरण देखो–मां आज बंगाल में रो रही है और माटी घुसपैठिए के कब्जे में जा रही है और मानुष भयभीत है। सीएम योगी.



हम महिला आरक्षण का समर्थन करते हैं, 543 लोकसभा की सीटों में 33 फीसद आरक्षण दो, हमारा पूर्ण समर्थन है। लेकिन सीटें बढ़ाने के लिए जनगणना भी जरूरी हैं। संजय सिंह.



मुख्यमंत्री जी मुजफ्फर नगर जा रहे हैं तो मेरठ के व्यापारियों से मिलते आयें या उन्हें मिलने ही बुला लें, इतनी गाड़ियों से भीड़ बुला रहे हैं तो मेरठ के दुखी परिवारों को भी बुला लें। अखिलेश यादव.

# ईश्वर की रचना

**अंतर्दृष्टि**

ईश्वर ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति इंसान को कोई बुराई नहीं दी है, लेकिन फिर भी वह अपनी आदतों का शिकार हो जाता है। कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी।

# सड़कें चौड़ी हो गयी हैं!

**व्यंग्यलोक**

सुबह-सुबह मुझे बुलाया था मुख्यमंत्री ने, बोले-देखो हम सड़कें चौड़ी कर रहे हैं। आवागमन सुविधा जनक होता जा रहा है। मैंने कहा-सड़के ही क्यों पुल बन रहे हैं और नये-नये फ्लाई ओवर। शहर को आपने चमाचम कर दिया है। बिजली अबाधित है। थोड़ा सा गांवों पर भी ध्यान दें तो अगले चुनाव में नौका आसानी से किनारे जा लगेगी। मेरी बात पर थोड़ा झुंझाये, फिर सहज होकर बोले-गांवों की और चुनावों की चिंता तुम छोड़ो। मैंने तुम्हें इसलिए बुलाया था कि तुमने देख लिया कि राजधानी में विकास किस गति से गतिमान है। मैं बोला-विकास की मत पूछिये। इसके नाम पर तो आपने गंगा बहा दी है। अतिक्रमण की समस्या लगभग समाप्त हो गई है। थोड़ा सा हाउसिंग सोसाइटीज पर ध्यान दे लेते तो और उत्तम रहता। वे फिर बोले-हाउसिंग सोसाइटीज को मारो गोली। विकास की बही गंगा पर एक राइट अप लिख मारो। मैंने कहा- लिखने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन छपवाना जरा जटिल है। वे बोले-उसकी चिंता छोड़ो, सब मैनेज करा दूंगा। तुम अपना राइट अप तैयार करो। मैंने कहा-सर, यह अकाल का क्या लफड़ा है? आये दिन चला आता है। वे बोले-जरा धीरे बोलो, अकाल को कन्टीन्यू करने दो। यह बहुत जरूरी है। काफी लोग जूझ रहे हैं। काफी लोग काम कर रहे हैं। इस तरह काफी लोग खा रहे हैं। काफी लोग जीविका जुटा रहे हैं। अकाल बहुत जरूरी है हमारे लिए। बारिस शुरू हो गयी है, लेकिन इससे बात बनी नहीं है। राइट अप में अकालों को तो सब साइड ही कर देना। इसे आवश्यकता हुई तो बाद में देखेंगे। तुम तो हमने जो सड़कें चौड़ी की हैं, उस पर गौर करो। कुल मिलाकर विकास की गंगा बह निकली है, उसे केन्द्र बिन्दु बनाना है। मैं बोला-सड़कों पर तो लिखना ही पड़ेगा। वाकई सड़कें बहुत चौड़ी हो गई हैं। मकान-दुकान तोड़कर भी इन्हें चौड़ा किया गया है। लेकिन सर इधर सड़क बनकर तैयार होती है और उधर दूसरे ही दिन इन्हें खोद दिया जाता है। कभी सीवर लाइन के लिए और कभी टेलीफोन के लिए? इसे भी छोड़ो, इसे मैं देख लूंगा, राइट अप में इसका भी जिक्र नहीं करना है। मैंने कहा न सड़कें पेरिस का मुकाबला कर रही हैं। इस पर ध्यान देना है तुम्हें। वे बोले तो मैंने कहा-मैं मानता हूँ। सड़कों के मामले में हम पेरिस से आगे जा रहे हैं। परन्तु महंगाई सुरसा की तरह फैलती जा रही है। इस बार उन्होंने दोनों हाथों से अपना सिर पकड़ लिया। बालों को खींचा, आसमान को देखा और फिर मुझे घूरकर बोले-तुम क्यों नहीं बात का मर्म समझ रहे। महंगाई से मेरा लेना-देना क्या है? सुनो भूख से कोई मर जाये लेकिन महंगाई से मरते मैंने किसी को नहीं देखा। इधर कलर टीवी हमने सस्ता किया है। इसलिए महंगाई की बात बेमानी है।



पूरन सरमा

# समता व सामाजिक न्याय के पक्षधर थे डॉ. अंबेडकर



डॉ. अंबेडकर जयंती आज

अरुण कुमार दीक्षित

डॉ. भीमराव अंबेडकर समता और सामाजिक न्याय के पक्षधर रहे हैं। वे भारतीय राजनीति को प्रतिपल प्रभावित करते हैं। उन्होंने जाति के आधार पर सम्मान और अपमान को निकट से देखा था। वह मानते थे कि हिन्दू समाज के जातीय विभाजन के अतीत का लंबा कालखंड रहा है। इस अस्पृश्यता को विदा होने में भी लंबा समय लगेगा। अस्पृश्यता को मिटाने के लगातार प्रयास करने होंगे। डॉ. अंबेडकर चाहते थे कि जाति विदा होनी चाहिए। महात्मा गांधी, विवेकानंद, लोहिया व महात्मा फुले भी जाति की विदाई चाहते थे। भारत में जाति आधारित समाज है। यहां जाति के भीतर भी जातियां हैं। जातियों में उप जातियां हैं। उन्होंने अपने जीवन काल में अस्पृश्य वर्ग के लिए काम किया। संविधान में उन्हें ही अनुसूचित कहा गया है।

भारतीय राजनीति में प्रमुख कारक जाति है। प्रायः जाति वर्ग देखकर ही लोग वोट देते हैं। जाति वर्ग आधारित दल भी बने हैं। दलों के हाई कमान पदाधिकारी भी जाति वर्ग का विश्लेषण करके ही सुनिश्चित होते हैं। चुनाव में प्रत्याशियों पर मुख्य मंथन जाति व वर्ग पर होता है। ईमानदारी, परिश्रम, योग्यता को जाति पीछे धकेलती है। दूसरे धन बल का प्रभाव भी समूची राजनीतिक व्यवस्था को ललकार रहा है। वर्तमान संदर्भ में अम्बेडकर के विचार प्रासंगिक हैं और आगे भी रहेंगे। जातियां बनाने का आरोप ब्राह्मणों पर है। इसकी निंदा भी होती है। बगैर यह जाने कि क्या जातियों को ब्राह्मणों ने ही बनाया अथवा मनु ने बनाया? क्या वास्तव में मनु ने जाति थोपी थी।

अमेरिका के कोलंबिया में डॉ.ए.ए. गोल्ड विजर द्वारा आयोजित एक गोष्ठी में डॉ अंबेडकर ने भारत में जाति के उद्भव, विकास और स्वरूप पर 9 मई 1916 को कहा था कि व्यक्ति ही समाज को बनाते हैं, सतही कथन है। वर्गों के मिलने से समाज बनता है, लेकिन यह सत्य है कि समाज में भीतर वर्ग होते हैं। वर्गों के आधार अलग-अलग हो सकते हैं। आधार आर्थिक या सामाजिक हो सकता है। व्यक्ति हमेशा समूह का सदस्य होता है। अंबेडकर इस बात को नहीं मानते थे कि विधि व्यवस्था के प्रणेता मनु ने जाति प्रणाली बनाई होगी। उनका कहना था कि कोई व्यक्ति चाहे वह कितना शक्तिशाली होता, जाति व्यवस्था का निर्माण नहीं कर सकता था। यह बात कल्पना से परे है कि मनु ने जाति का कानून बनाया। जाति मनु से पहले अस्तित्व में थी।

वे सनातनी हिंदुओं की इस मान्यता का खंडन करते हैं कि जाति, श्रेणियों का निर्माण शास्त्रों, स्मृतियों में सोच-समझकर किया। उन्होंने इस मान्यता को भी अस्वीकार किया कि ब्राह्मणों ने जाति संस्था का निर्माण किया। जाति संस्था का निर्माण करके उसे गैर ब्राह्मणों पर लादना उनके बस में नहीं था। अंबेडकर का कहना था कि मनु ने जाति के विद्यमान नियमों को सिर्फ संहिताबद्ध किया और उन्हें धार्मिक एवं दार्शनिक आधार प्रदान किया। अंबेडकर का विचार था कि इस देश में लोकतंत्र को कायम रखने के लिए हमें अपने सामाजिक और आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति को लेकर संवैधानिक विधि का सहारा लेना चाहिए। इसमें कोई ढील नहीं होनी चाहिए। उनका मानना था कि हमें अपनी स्वतंत्रता को महापुरुषों के चरणों में अर्पित नहीं करना चाहिए। कोई मनुष्य किसी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए आत्मसम्मान को दांव पर नहीं लगा सकता। कोई स्त्री किसी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए अपने सतीत्व को दांव पर नहीं लगा सकती। कोई राष्ट्र किसी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए अपनी स्वाधीनता को दांव पर नहीं लगा सकता। हमें अपने लोकतंत्र को राजनीतिक लोकतंत्र तक सीमित नहीं रखना चाहिए। लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र का रूप देना चाहिए। सामाजिक लोकतंत्र ऐसी व्यवस्था है जिसमें स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व को महत्व दिया जाता है। यह सच है कि गांधी और अम्बेडकर में प्रायः असहमति रही थी। अंबेडकर इस बात से बहुत खिन्न थे कि इस देश में समानता का नितांत का अभाव है। देश में समरसता लाना ही डॉ. अंबेडकर को सही श्रद्धांजलि होगी।

**(लेखक स्वतंत्र चिंतक हैं)**

## आपकी बात

### नये जमाने के उद्यमों का विकास

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टार्टअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, बिलियन डॉलर जितनी बड़ी कंपनी बन जाते हैं तब भी अगर वे नियमों-कानूनों को मानने में कोताही करते हैं, तो यह ठीक नहीं है। इसलिए यह समय की जरूरत है कि सरकार भी स्टॉर्टअप फ्रेंडली नीति बनाये और उनको सहयोग करे ताकि वे नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी गाइडलाइन का न्यूनतम पालन सुनिश्चित करें। इससे उनको बंद करने की नौबत नहीं आयेगी। हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप कंपनियों ने निवेशकों को भी नुकसान किया है, बैंकों को भी नुकसान पहुंचाया और कई बार खुद ही संकट में फंस गयीं। जब कोई बड़ी कंपनी फेल होती है तो सिर्फ उस कंपनी का ही नुकसान नहीं होता है बल्कि देश को भी नुकसान होता है।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### संविदाकर्मियों का शोषण

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.**

संक्षेप

## राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान को मिलेगी गति

**ललितपुर।** ज्ञान भारतम्‌मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शासन द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके तहत जनपद में पाण्डुलिपियों के चिन्हीकरण एवं सर्वेक्षण का कार्य आगामी तीन माह में पूर्ण किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जनपद के निजी एवं सरकारी पुस्तकालय, संग्रहालय, शिक्षण एवं शोध संस्थान, संस्कृत पाठशालाएं, मंदिर, मठ, आश्रम, गुरूकुल ट्रस्ट आदि संभावित पाण्डुलिपि संग्रह केन्द्र के रूप में चिन्हित किए जाएंगे। इसके अलावा निजी संग्रहकताओं, पुरोहितों, धमार्चायों, ज्योतिषाचार्यों, आयुवेर्दाचार्यों तथा संस्कृत एवं प्राचीन भाषाओं के विद्वानों के पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों का भी सर्वेक्षण किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पाण्डुलिपियों का सर्वेक्षण संग्रहकर्ता की सहमति से ही किया जाएगा तथा पाण्डुलिपियों का स्वामित्व पूरी तरह संग्रहकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। यह सर्वेक्षण कार्य ज्ञान भारतम ऐप मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से किया जाएगा, जो गूगल प्ले स्टोर एवं एप स्टोर पर निशुल्क उपलब्ध है। अभियान से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**बांदा।** थाना जसपुरा क्षेत्र में सोमवार को सड़क हादसे में 58 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया है। क्षेत्र के ग्राम नरजिता निवासी सुशीला (58) पत्नी जगमोहन अपने पति के साथ सोमवार को केवाईसी व अन्य कार्य से जसपुरा आई थीं। दोपहर करीब 12 बजे दोनों विक्की से वापस घर लौट रहे थे। तभी अहिरन डेरा पेट्रोल पंप के सामने पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को सीएचसी जसपुरा पहुंचाया। डाक्टरं ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही सुशीला ने दम तोड़ दिया, जबकि पति जगमोहन का इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ऋषिदेव सिंह पुलिस बल के साथ मौके का मुआयना कर अस्पताल पहुंचे। बताया कि फरार आरोपी चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

## पहले पीटा, मोबाइल छीना और जान से मारने की दी खुली धमकी

**ललितपुर।** शहर के नर्सरी मरगटा इलाके में नशे में लिप्त तीन युवकों ने एक व्यक्ति को बुरी तरह मारपीट कर उसके मोबाइल फोन छीन लिया और जान से मार देने की धमकी दी। पीड़ित मोन्टी सोनी ने कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। घटना 5 अप्रैल 2026 को रात करीब 9.30 बजे हुई।

गांधीनगर निवासी मोन्टी सोनी ने बताया कि वह नर्सरी मरगटा के पास से गुजर रहे थे। वहां चार लोग शराब पी रहे थे। इनमें चण्डी मंदिर के पास रहने वाले आयुष चतुर्वेदी, दीपक अहिरवार और छुन्नू शामिल थे। बेवजह गाली-गलौज शुरू कर दी।

जब मोन्टी सोनी ने विरोध किया तो आरोपियों ने बेल्ट और लाठी-डंडों से उनकी बेरहमी से पिटाई की। पीड़ित को अंदरूनी चोटें आईं। मारपीट के दौरान आरोपियों ने कहा, कहीं दिखे तो जान से मार देंगे। साथ ही पीड़ित का मोबाइल फोन भी छीन लिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## खुशी मित्तल ने दो पदक जीते

**ललितपुर।** विगत 11-12 अप्रैल 2026 को अयोध्या में आयोजित नेशनल योगासन कॉम्पिटिशन में छात्रा खुशी मित्तल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए। देशभर से आए 700 से अधिक प्रतिभागियों के बीच अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए खुशी ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में खुशी ने ट्रेडिशनल योगासन श्रेणी में रजत पदक तथा आर्टिस्टिक सोलो श्रेणी में कांस्य पदक हासिल किया। अपनी इस उपलब्धि पर खुशी मित्तल ने इसका श्रेय अपनी कड़ी मेहनत और अपनी कोच सुश्री राखी सरकार के मार्गदर्शन को दिया। उनकी इस सफलता से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

# अवैध खनन व परिवहन पर चार खदान संचालकों पर लाखों रुपये का जुर्माना



जिला संवाददाता

**बांदा।** जिलाधिकारी के निर्देश पर संयुक्त टीम ने खनन पट्टा क्षेत्र की जांच कर खनन पट्टा में मिली अनियमितता, परिवहन पर चार खदान संचालकों पर लाखों रुपये का जुर्माना अदा करने की नोटिस भेजी है।

जनपद के तहसील नरैनी स्थित ग्राम-कोलावलरायपुर के गाटा सं0-721, 722 व 723 कुल रकबा 49.42 एकड़ भू-क्षेत्र में बालू, मोरम का खनन अनुज्ञा-पत्र मे० एके सिंह कांट्रेक्टर प्रो. अरूण कुमार सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी बबेरू रोड, मोहल्ला कालूकुआ, शहर व जिला बांदा के पक्ष में स्वीकृत है, जांच मे स्वीकृत क्षेत्र के अन्दर नदी की जलधारा से 3540 घन मी० बालू, मोरम का खनन परिवहन किया जाना पाया गया है। अनुज्ञाधारक पर 45 लाख 35 हजार 600 रुपये का जुमार्ना किया गया है। इसी तरह नरैनी स्थित ग्राम जरर के गाटा सं0-851, 866, 867, 869, 872 व 876 कुल रकबा 19.76 एकड़ भू-क्षेत्र में बालू, मोरम का खनन अनुज्ञा-पत्र सुलभ सक्सेना पुत्र सूरज सहाय सक्सेना निवासी-625, गाधी नगर, महोबा, जनपद महोबा के पक्ष में स्वीकृत है, कि जांच में पाया गया कि अनुज्ञाधारक ने अपने स्वीकृत क्षेत्र के बाहर 5907 घन मी० बालू-मोरम का अवैध खनन परिवहन किया। इस पर 67 लाख 33 हजार 980रुपये का जुमार्ना किया। नरैनी के ही ग्राम-बहादुरपुर स्योढ़ा के गाटा सं0-300 मि. व 316मि. कुल रकबा 18.03 एकड भू-क्षेत्र में बालू-मोरम का खनन अनुज्ञा-पत्र मे. लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता प्रो. उमेश गुप्ता पुत्र लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता निवासी कोतवाली के पीछे, मुचियाना, बांदा के पक्ष में स्वीकृत है, कि जांच राजस्व विभाग व खनिज विभाग की सयुक्त टीम ने कर अनियमितता मिलने पर 25 लाख 65 हजार रुपये का जुर्माना किया। नरैनी के ग्राम खलारी के गाटा स० 585/1, 857, 859/1, 914, 954, 1248/2 कुल रकबा 6648 हे. भू क्षेत्र में बालू/मोरम का खनन पट्टा सुलभ राक्रोना पुत्र सूरज राहाय सक्सेना निवासी-625, गांधी नगर, गहोबा, जनपद महोबा के पक्ष में है, संयुक्त जांच में अवैध खनन व परिवहन मिलने पर 39 लाख 74 हजार 040 रुपये का जुर्माना किया गया। सभी को जुमार्ना अदायगी के लिए नोटिस निर्गत किये गए हैं।

# बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव का जोरदार स्वागत

जिला संवाददाता

**फतेहपुर।** बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के नवनिर्वाचित उम्मीदवार बाबू सिंह यादव ने कचहरी परिसर में सभी अधिवक्ता साथियों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। अधिवक्ताओं ने उनका भव्य स्वागत फूल-मालाओं से किया और मिठाइयां वितरित कर विजय की खुशी में शिरकत की। इस अवसर पर पूरे परिसर में उत्साह का दौर छा गया।

- **अगले 15 दिनों के भीतर अधिवक्ताओं की सभी लंबित समस्याओं का समाधान किया जायेगा**
- **अधिवक्ताओं के हक-अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए कड़ा संघर्ष किया जाएगा**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव ने सभी का धन्यवाद देते हुए कहा कि अगले 15 दिनों के भीतर अधिवक्ताओं की सभी लंबित समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

उन्होंने प्रतिपादित किया कि अधिवक्ताओं के हक-अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए कड़ा संघर्ष किया जाएगा। बाबू सिंह यादव ने संरक्षक वसीम अंसारी एवं असलम शेख खां का विशेष आशीर्वाद ग्रहण किया और कहा, ₹आपके नेतृत्व, सूझबूझ और हर प्रकार के सहयोग से ही मैं इस मुकाम तक पहुंचा हूं ।व्यवस्था परिवर्तन और सर्व समाज संगठन के अधिवक्ताओं का योगदानः व्यवस्था परिवर्तन एवं सर्व समाज संगठन के जिम्मेदार अधिवक्ता साथियों ने भी बाबू सिंह यादव का जोरदार स्वागत किया। प्रमुख रूप से नरोत्तम सिंह, मोहम्मद अयूब एडवोकेट, मणि भूषण सिंह, मोहम्मद आसिफ, वजाहत हुसैन, कमरुद्दीन, अरविंद रामसनेही पासवान, एहसान खान, आसिफ मकसूद, गुलाम जब्बार, बदरुल हक, करीम खान, रणजीत मौर्य, श्री राम पटेल, शाहजहां, अरविंद यादव, पुरुषोत्तम यादव, मोहम्मद नाजिम उद्दीन एवं पप्पू सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे ।चुनाव अधिकारी को धन्यवादः वही, नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव मुख्य चुनाव अधिकारी शिव कुमार अग्निहोत्री से मिलने पहुंचे।

उन्होंने चुनाव अधिकारी को माला पहनाकर निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने के लिए आभार प्रकट किया।

# एसआईआर के बाद नरैनी विधानसभा में 33 हजार मतदाताओं की कमी

जिला संवाददाता

**बांदा।** एसआईआर के बाद बीते दिन जारी की गई अंतिम मतदाता सूची में नरैनी विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में हलचल है। छटनी के बाद मतदाताओं की संख्या में आई कमी से राजनीतिक दलों के चुनावी गणित को बदलने के संकेत भी दिए हैं, खासकर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षि नरैनी विधानसभा सीट पर ज्यादा असर माना जा रहा है। अब सभी दल आंकड़ों पर मंथन कर नए सिरे से रणनीत बनाने की चर्चा कर रहे हैं।

- **सपा की किरण वर्मा को 76 हजार 544 मत मिले थे**
- **प्रत्याशियों की बदलेगी जीत गणित**
- **मतदाता सूची में हुई कटौती का सीधा असर चुनावी रणनीति पर पड़ेगा**

नरैनी विधानसभा 234 में एसआईआर के बाद जारी की गई अंतिम मतदाता सूची में 33272 मतदाताओं की संख्या कम हुई है। अब लगभग 3लाख 22 हजार 180 मतदाता बचे हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 77 हजार 990 है। महिला मतदाताओं की संख्या 1लाख 44 हजार 180 के अलावा 10 जेंडर मतदाता शामिल है। जबकि वर्ष 2022 के हुए विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या 3 लाख 55 हजार 452 रही है। उस दौरान हुए चुनाव में कांटे की टक्कर के चलते भाजपा की ओममणि वर्मा को 83 हजार 263 मत प्राप्त हुए थे। सपा की किरण वर्मा को 76 हजार 544 मत मिले थे।

अंतर बेहद कम था मात्र 6719 अधिक मतों से ओममणि वर्मा को विजय मिली थी। कुल 210547 मत पड़े थे। मतदान का प्रतिशत 62.52 प्रतिशत बताया जा रहा है। नरैनी विधानसभा सीट वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गई थी। इसके पूर्व जनरल थी।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि एसआईआर के बाद मतदाता सूची में हुई कटौती का सीधा असर चुनावी रणनीति पर पड़ेगा इसको नकारा नहीं जा सकता।

# अज्ञात कार ने दो बाइकों को मारी टक्कर, चालक फरार

**फतेहपुर।** बाइकों से टकराया अज्ञात कार, दो घायल; एसपी ने अस्पताल जाकर घायलों का हाल जाना, घटनास्थल का किया निरीक्षण थाना बिन्दकी क्षेत्र के ग्राम कोरवा के पास सोमवार को एक अज्ञात चार पहिया वाहन की दो बाइकों से जबरदस्त टक्कर मारते हुए भागने से सड़क दुर्घटना हो गई। हादसे में दो व्यक्ति घायल हो गए, जिन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम पूछा ।पुलिस अधीक्षक ने घायलों की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

इसके बाद वे स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे, जहां सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने दुर्घटना के कारणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने फरार अज्ञात वाहन की तत्काल पहचान कर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए थाना बिन्दकी पुलिस को कड़े निर्देश दिए। सीसीटीवी फुटेज खंगालने, गवाहों से पूछताछ और वाहन ट्रैकिंग पर जोर दिया गया ।इस दौरान क्षेत्राधिकारी बिन्दकी समेत अन्य



घटना के बाद पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम पूछा ।पुलिस अधीक्षक ने घायलों की स्थिति की जानकारी ली और

पुलिस अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। एसपी ने साफ कहा कि लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसा अज्ञात कार तेज रफ्तार में बाइकों को रौंदते हुए फरार हो गई। घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है ।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी मांगलिक ने यातायात नियमों का पालन करने और सावधानी बरतने की अपील की है।

वहीं थाना बिन्दकी क्षेत्र के ग्राम कोरवा के पास सोमवार को एक अज्ञात चार पहिया वाहन की दो बाइकों से जबरदस्त टक्कर मारते हुए भागने से सड़क दुर्घटना हो गई। हादसे में दो व्यक्ति घायल हो गए, जिन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस उन्हें पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। इसके बाद वे स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे, जहां सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने दुर्घटना के कारणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने फरार अज्ञात वाहन की तत्काल पहचान कर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए थाना बिन्दकी पुलिस को कड़े निर्देश दिए। सीसीटीवी फुटेजखंगालने, गवाहों से पूछताछ और वाहन ट्रैकिंग पर जोर दिया गया ।इस दौरान क्षेत्राधिकारी बिन्दकी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। एसपी ने साफ कहा कि लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसा जब अज्ञात कार तेज रफ्तार में बाइकों को रौंदते हुए फरार ।

# जलियांवाला बाग हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर कर स्वतंत्रता आंदोलन को बना दिया था मजबूतः डॉ. सौरभ

ललितपुर। जलियांवाला बाग हत्याकांड स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर डॉ0 सौरभ यादव एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 महेश कुमार झा ने माँ सरस्वती की प्रतिमां पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया। अपने वक्तव्य में डायरेक्टर डॉ0 सौरभ यादव ने कहा कि यह दिवस उन वीर शहीदों के बलिदान को नमन करने और उनके साहस व देशभक्ति से प्रेरणा लेने का अवसर है। जलियांवाला बाग हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर दिया और स्वतंत्रता के लिए जन-आंदोलन को और अधिक मजबूत बनाया ।आज हम देश में हुए 1919 के उस दर्दनाक हत्याकांड को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं, जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी। इस अमानवीय घटना में निर्दोष नागरिकों पर ब्रिटिश शासन के अधिकारी के आदेश पर अंधाधुंध गोलियां चलाई गईं, जिसमें सैकड़ों लोग शहीद हुए और अनेक घायल हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेश कुमार झा ने कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड में सैनिकों ने बाग को घेर कर बिना कोई चेतावनी दिए निहत्थे लोगों पर गोलियाँ चलानी शुरू कर दीं। 10 मिनट में कुल 1650 राउंड गोलियां चलाई गईं। जलियांवाला बाग उस समय मकानों के पीछे पड़ा एक खाली मैदान था। वहाँ तक जाने या बाहर निकलने के लिए केवल एक संकरा रास्ता था और चारों ओर मकान थे। भागने का कोई रास्ता नहीं था। कुछ लोग जान बचाने के लिए मैदान में मौजूद एकमात्र कुएं में कूद गए, पर देखते ही देखते वह कुआं भी लाशों से भर गया। जलियांवाला बाग कभी जलली नामक आदमी की संपत्ति थी। उप प्राचार्य रामलाल रैकवार ने कहा कि बाग में लगी पट्टिका पर लिखा है कि 120 शव तो सिर्फ कुए से ही मिले। शहर में कर्फ्यू लगा था जिससे घायलों को इलाज के लिए भी कहीं ले जाया नहीं जा सका। लोगों ने तड़प-तड़प कर वहीं दम तोड़ दिया। अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में 484 शहीदों की सूची है, जबकि जलियांवाला बाग में कुल 388 शहीदों की सूची है। ब्रिटिश राज के अभिलेख इस घटना में 200 लोगों के घायल होने और 379 लोगों के शहीद होने की बात स्वीकार करते है जिनमें से 337 पुरुष, 41 नाबालिग लड़के और एक 6-सप्ताह का बच्चा था। अनाधिकारिक आँकड़ों के अनुसार 1000 से अधिक लोग मारे गए और 2000 से अधिक घायल हुए ।आधिकारिक रूप से मरने वालों की संख्या 379 बताई गई ।

# ललितपुर की महिला पुलिस कर्मियों ने जीता स्वर्ण



**ललितपुर।** अखिल भारतीय पुलिस आर्चरी चैंपियनशिप-2026 में ललितपुर पुलिस की महिला खिलाडि ?ं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हांसिल कर जनपद और विभाग का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 23 से 27 फरवरी 2026 तक भिलाई (छत्तीसगढ़) में आयोजित हुई थी।

प्रतियोगिता में ललितपुर में तैनात महिला मुख्य आरक्षी प्रीति चैधरी और महिला आरक्षी भूमि कुमारी ने कड़े मुकाबले के बीच बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाडि ?ं ने अपने कौशल, अनुशासन और समर्पण का उत्कृष्ट परिचय दिया, जो अन्य पुलिस कर्मियों और युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने दोनों खिलाडि ?ं को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसपी ने कहा कि जनपद पुलिस अपने कर्मियों की प्रतिभा को लगातार प्रोत्साहित करती रहेगी और ऐसे उत्कृष्ट प्रदर्शन भविष्य में भी जारी रहेंगे।

## व्यापारियों की सुरक्षा और साइबर जागरूकता पर जोर

**ललितपुर।** कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने रविवार को सराफा एसोसिएशन, व्यापार मंडल पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक की।

बैठक में साइबर सुरक्षा जागरूकता पर विशेष बल देते हुए व्यापारियों को सतर्क रहने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल व मैसेज, यूपीआई फ्रॉड जैसे मामलों से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में ओटीपी, पासवर्ड या बैंकिंग जानकारी साझा न करें। केवल आधिकारिक व विश्वसनीय ऐप और वेबसाइट का ही उपयोग करें तथा संदिग्ध साइबर गतिविधि की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस को दें।

# जनपद के निजी स्कूलों में फीस वसूली और कमीशनखोरी का आरोप




**ललितपुर।** जनपद में निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी फीस वसूली, शिक्षा सामग्री में कमीशनखोरी और बढ़ते व्यापारीकरण के विरोध में समाजवादी छात्र सभा ने कड़ा रुख अपनाया है। संगठन के पदाधिकारियों ने महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए निजी स्कूलों की कार्यप्रणाली पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण लगाने की मांग की। ज्ञापन में जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि निजी विद्यालयों द्वारा चुनिंदा दुकानों पर ही पाठ्य पुस्तकें, कॉपियां एवं स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराई जाती हैं, जहां से सामग्री खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य किया जाता है। इससे विद्यालय प्रबंधन को मोटा कमीशन प्राप्त होता है और अभिभावकों का आर्थिक शोषण होता है। उन्होंने मांग की कि नवीन शैक्षणिक सत्र में प्रवेश शुल्क के नाम पर ली जा रही भारी-भरकम रकम पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही निजी विद्यालयों में भी सरकारी स्कूलों की भांति एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू किया जाए, जिससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

- **प्रवेश शुल्क के नाम पर ली जा रही भारी-भरकम रकम पर तत्काल रोक लगाई जाए**
- **कमीशनखोरी और व्यापारीकरण के खिलाफ सपा छात्र सभा का प्रदर्शन**

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि स्कूल ड्रेस बिना किसी स्टीकर अथवा विशेष चिन्ह के होनी चाहिए, ताकि अभिभावक अपनी सुविधा के अनुसार कम कीमत पर कहीं से भी ड्रेस बनवा सकें।

इसके अतिरिक्त ड्रेस एवं किताबों के नाम पर चल रहे कथित माफिया तंत्र को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाए। छात्रसभा ने यह भी मांग रखी कि प्रवेश शुल्क, मासिक फीस एवं परीक्षा शुल्क को मिलाकर प्रति माह अधिकतम 500 रुपये निर्धारित किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों का आर्थिक एवं मानसिक शोषण बंद नहीं किया गया तो समाजवादी छात्र सभा वृहद स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, सपा प्रदेश सचिव मेघनाथ खंगार, महिला सभा जिलाध्यक्ष राजकुमारी गौतम, अभिलाषा कुशवाहा, व्यापार सभा प्रदेश सचिव जितेंद्र सलूजा, जिला प्रवक्ता प्रमोद यादव, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी सहित रवि खटीक, दीपक सेन, अकीब मंसूरी, शहरोज खान, सुशील रैकवार, विजय प्रजापति, रुचि यादव, मौसम साहू, शुभि यादव, प्रियंका सेन, अभी जैन पंसारी, यागवेन्द्र फौजपुरा, नसीर खान, राजेश झा, प्रवीण ग्वाल, प्रिंस सेन, निशांत सेन, राघवेंद्र रजक, अवधेश सेन, ऋषि यादव, गोलू सेन, रविन्द्र कुशवाहा, अनस अहमद, विक्की रजक, सुनील पाल, अजय यादव, सुमित विश्वकर्मा, विशाल सिंह, कृष्णपाल सिंह, शैलेंद्र, गौरव छपरट, गौतम रजक, महिपाल सिंह, कृष्ण सेन, रविंद्र खिरिया छतारा, विनय यादव, दीपक सेन टीकरा, कप्तान रमेशरा, ऋषि बुढ़वार, मोहित रजक, फैजान अली, विशाल, अभिषेक यादव, राजीव, अमन, अरुण, पवन, बड़ेराजा, अमन कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का देखा सजीव प्रसारण



**महोबा।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन कार्यक्रम का जनपद महोबा में व्यापक स्तर पर सजीव प्रसारण किया गया। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसमें पुलिस कर्मियों के साथ भारी संख्या में आमजनमानस विशेषकर महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक महिलाओं एवं नागरिकों को कार्यक्रम से जोड़कर प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायक संबोधन से अवगत कराना रहा। इसी क्रम में पुलिस लाइन महोबा के सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह की उपस्थिति में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों के साथ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने नारी सशक्तिकरण से जुड़े विचारों को आत्मसात करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका को और सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया। उक्त आयोजन के माध्यम से जनपद में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं सकारात्मक संदेश प्रसारित करने का सराहनीय प्रयास किया गया।

## अतर्रा के अधिवक्ता रहे हड़ताल पर प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग

**बांदा।** मिजार्पुर में अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह की गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में अतर्रा के अधिवक्ताओं ने घटना की निंदा कर एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। साथ ही एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के लागू किए जाने की मांग उठाई।

मिजार्पुर में विगत दिनों अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह की घूमते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिसको लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार को अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ब्रह्मदत्त शुक्ला की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने बैठक कर घटना की निंदा की। एक दिवसीय हड़ताल की घोषणा कर दी। साथ ही अधिवक्ताओं पर लगातार हो रहे हमलो को रोकने के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग उठाई है। महासचिव नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि अगर जल्द एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं किया जाता तो अधिवक्ता सड़कों पर उतरकर लड़ाई लड़ेंगे। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता पुरुषोत्तम पांडे, सुरेश गौतम, वीरेंद्र पांडेय, भोला द्विवेदी, अतुल दीक्षित, राजललन गर्ग, अनपढ सैनी आदि मौजूद रहे। दूसरे गुट के अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ ने भी घटना की निंदा करते हुए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के लागू किए जाने की मांग की है। अधिवक्ता विश्वनाथ अवस्थी, संतोष गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, सुशील गुप्ता, राजेश सिंह, अजय शर्मा, राजेंद्र गुप्ता, शिवमूर्ति मिश्रा आदि ने घटना की निंदा की। वादकारी अगली तारीख लेकर मायूस होकर घर लौट गए।

## अंबेडकर जयंती के पूर्व स्थलों की हुई साफ-सफाई



**बांदा।** भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाएगी। इसके तहत एक दिन पूर्व सोमवार को मूर्तियों एवं आसपास के स्थलों की साफ सफाई की गई। साथ ही दीप जलाये गये।

जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना ने बताया कि डा. अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को जिले के सभी बूथों पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ संबिधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जायेगा। 15 अप्रैल से विशेष संपर्क अभियान की शुरूवात की जाएगी। समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचकर संवाद किया जायेगा। जिले में 16 व 17 अप्रैल को चारों विधानसभाओं में विधानसभा स्तर पर संगोष्ठियां आयोजित की जाएगी। अभियान की जिम्मेदारी जिला उपाध्यक्ष रमेशचंद्र पांडेय को सौंपी गई है। बांदा विधान सभा का सम्मेलन देवी मंदिर परिसर गिरवां, तिंदवारी विधानसभा का सम्मेलन ब्लाक सभागार तिंदवारी, बबेरू विधानसभा का सम्मेलन श्रीमैरिज हाल बबेरू, नरैनी विधानसभा का सम्मेलन ब्लाक सभागार नरैनी में होगा। आज सभी मूर्तियों एवं आस पास के स्थलों की सफाई की गई। शाम को मूर्ति स्थलों पर दीप जलाये गये। रोशनी की गई। कार्यक्रम की तैयारी को भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। सभी को जिम्मेदारियां सौंपते हुए कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया।

## मनोनीत सभासदों को एसडीएम ने दिलायी शपथ




**बांदा।** नगर पंचायत नरैनी में राज्यपाल द्वारा मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित हुआ। उपजिलाधिकारी अमित शुक्ला ने अनुपम त्रिवेदी, राजेश चैरसिया व सुखलाल कोटार्य को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान सभागार तालियों से गूंज उठा।

उपजिलाधिकारी अमित शुक्ला ने कहा कि सभासद जनहित को सर्वोपरि रखते हुए ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें और नगर की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएं। नगर पंचायत अध्यक्ष मूलचंद्र सोनकर ने नव मनोनीत सभासदों को बधाई देते हुए कहा कि सभी के सहयोग से नगर का विकास तेज होगा। शपथ के बाद सभासदों ने भी विकास व स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री डा. देवेंद्र भदौरिया ने किया। कार्यक्रम समारोह में अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख मनफूल पटेल, आदित्य त्रिपाठी, नीलम वर्मा, हरिश्चंद्र सोनकर, आदित्य चतुर्वेदी, कमलाकांत द्विवेदी, राकेश चैरसिया, संतोष शिवहरे, पीयूष, अशोक राजपूत आदि मौजूद रहे।

## नबालिग से दुष्कर्म व मारपीट कर कराया गर्भपात, पुलिस ने शुरू की जांच

बांदा। बहनोई के भाई ने नाबालिग साली को शादी का झांसा देकर अपनी हवश का शिकार बना डाला। यही नहीं अपने परिजनों के साथ मिलकर मारपीट की और जबरन दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के एक निवासी 18 वर्षीय युवती ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया है कि कल्लापुरवा अंश गुढ़ाकला गांव निवासी उसके बहनोई का भाई सुरेश पुत्र रामप्रताप विगत दो वर्षों से शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा।

तब वह नाबालिग थी। वह चार माह की गर्भवती हो गई। जब गर्भ की सूचना परिजनों को लगी तो रिश्तेदारों को एकत्र कर पंचायत बुलाई गई। पंचायत में सुरेश, उसके पिता रामप्रताप, बहन और मां ने लिखित समझौता किया कि वे पीड़िता से सुरेश की शादी करा देंगे। लेकिन कुछ समय बाद उक्त सभी लोग पंचायत में हुए समझौते से मुकर गए। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि बीते साल 10 मई को रात करीब 8 बजे सुरेश, रामप्रताप, उनकी बहन और मां ने मिलकर उसे पहले कल्लापुरवा और फिर ग्राम दरदा ले जाकर बुरी तरह मारपीट की। इसके बाद उसे घर में बंधक बनाकर जबरन गर्भपात की दवा खिलाई जिससे उसका गर्भपात हो गया। पीड़िता ने कोतवाली निरीक्षक से आरोपी सुरेश सहित पिता, मां और बहन के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली निरीक्षक संदीप तिवारी ने बताया कि पीड़िता तहरीर लेकर थाने आई थी। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी युवक के विरुद्ध कार्यवाही की बात कही।

## संक्षेप

### टाटा मोटर्स ने बिलियनई मोबिलिटी को सौंपी इलेक्ट्रिक प्राइमा ई.55एस की पहली खेप

मुंबई। टाटा मोटर्स ने आज बिलियनई मोबिलिटी को 'प्राइमा ई.55एस' इलेक्ट्रिक प्राइम मूवर्स की डिलीवरी शुरू कर दी है। इसके साथ ही, कंपनी ने 250 अतिरिक्त इलेक्ट्रिक प्राइम मूवर्स का ऑर्डर मिलने की भी घोषणा की है, जो भारी माल ढुलाई के क्षेत्र में 'शून्य उत्सर्जन' वाले ट्रकों की बढ़ती मांग को दर्शाता है। इन ट्रकों की डिलीवरी चरणबद्ध तरीके से की जाएगी और इन्हें गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा के प्रमुख फ्रेट कॉरिडोर्स (माल ढुलाई मार्गों) पर तैनात किया जाएगा। इससे स्टील, सीमेंट और अन्य औद्योगिक सामानों की लंबी दूरी की आवाजाही में मदद मिलेगी। बिलियन इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में हमारा फोकस ऐसे इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों पर है जिनका उपयोग शहरों के बीच के रूट्स पर भारी माल ढुलाई के लिए भरोसेमंद तरीके से किया जा सके। हम टाटा मोटर्स के साथ एक रणनीतिक साझेदारी कर रहे हैं और हमारा लक्ष्य अगले 6 से 18 महीनों में भारत में हैवी-ड्यूटी लॉजिस्टिक्स के लिए 1,500 इकाइयां है। हम हर महीने योजनाबद्ध तरीके से ट्रकों की तैनाती को तेज करना चाहते हैं। टाटा प्राइमा ई.55एस बेहतरीन प्रदर्शन, विश्वसनीयता और परिचालन क्षमता प्रदान करता है।

### एआई प्लस स्मार्टफोन नोवा 2 की बिक्री 14 से

नयी दिल्ली। एआई प्लस स्मार्टफोन ने अपनी नई नोवा सीरीज के अंतर्गत अपने नवीनतम डिवाइस नोवा 2 की बिक्री शुरू करने की घोषणा की है। रोजमर्रा की भरोसेमंद उपयोगिता और आकर्षक व्यक्तिगत शैली को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया नोवा 2, 14 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से विशेष रूप से फ्लिपकार्ट और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। नोवा सीरीज हमारे लिए अब तक का सबसे सशक्त प्रदर्शन है, जो दर्शाता है कि एआई प्लस क्या प्रतिनिधित्व करता है – ऐसी तकनीक जो सुलभ, भरोसेमंद और रोजमर्रा के उपयोग के लिए बनाई गई है। नोवा 2 के साथ हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जो उपयोगकर्ता पहली बार अपग्रेड कर रहे हैं या एआई प्लस में स्विच कर रहे हैं, उन्हें बिना किसी समझौते के उनकी सभी जरूरतें पूरी हों। हम 14 अप्रैल को बिक्री शुरू करने के लिए उत्साहित हैं और अधिक उपयोगकताओं को एआई प्लस इकोसिस्टम से जोड़ना चाहते हैं।

### टोयोटा ने इंडिया स्किल्स नेशनल प्रतियोगिता 2025-26 में 9 मेडल जीतकर चमक बिखेरी

बेंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज इंडिया स्किल्स नेशनल प्रतियोगिता 2026 में अपनी टीम के विजेताओं की घोषणा की। यह जीत कंपनी की स्किल एक्सीलेंस और युवा सशक्तिकरण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। टीएमके प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय स्तर पर सात स्किल कैटेगरी में कुल 5 गोल्ड, 3 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए। भारत का प्रमुख व्यावसायिक उत्कृष्टता मंच, इंडिया स्किल्स 2025-26 ने देशभर से आए श्रेष्ठ प्रतिभाओं की भागीदारी देखी। राष्ट्रीय स्तर पर टीएमके के 14 टीम मेंबरों ने सात स्किल्स में भाग लिया। प्रतियोगिताएं दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई में आयोजित की गईं। विजेताओं में दीपु एम. एस. और जयंथ के ने मेकेट्रॉनिक्स में गोल्ड मेडल हासिल किया।

### युवाओं में तंबाकू सेवन में लगातार गिरावट

नयी दिल्ली। यू.एस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने बिना किसी टिप्पणी के 2025 नेशनल यूथ टोबैको सर्वे (एनवाईटीएस) के डेटा जारी किया है। इसमें अमेरिका में मिडिल और हाई स्कूल के स्टूडेंट्स में टोबैको और निकोटीन के इस्तेमाल में लगातार गिरावट देखी गई है। ये नतीजे दर्शाते हैं कि युवाओं में वेपिंग की दर लगातार तीसरे साल कम हुई है, जिससे पिछले कुछ सर्वे में देखे गए गिरावट के रुझान की पुष्टि होती है। स्कूलों में किए जाने वाले इस वार्षिक सर्वे में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के स्टूडेंट्स के बीच धूम्रपान के उपयोग, दृष्टिकोण और प्रो एवं एंटी टोबैको मैसेजिंग के एक्सपोजर का राष्ट्रीय डेटा एकत्रित किया जाता है। 2025 एनवाईटीएस सर्वे के अनुसार, तम्बाकू का सेवन साल 2024 में 8.1 प्रतिशत से घटकर 7.5 प्रतिशत रह गया। ई-सिगरेट का उपयोग गिरकर 5.2 प्रतिशत तक पहुँच गया, जो पिछले दस सालों में सबसे कम है। धूम्रपान का स्तर 1.4 प्रतिशत पर बना हुआ है।

# सेंसेक्स में 703 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 703 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 208 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिका और ईरान के बीच समझौते के लिए बातचीत विफल होने के साथ संघर्ष लंबे समय तक जारी रहने की चिंता में कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 702.68 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 76,847.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह।,681.93 अंक लुढ़क कर 75,868.32 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी भी 207.95 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,842.65 अंक पर बंद हुआ। बाजारों को पिछले सप्ताह के युद्धविराम समझौते से सीमित समर्थन मिल रहा है। चुनिंदा लिवाली के साथ-साथ गिरावट पर खरीदारी देखने को मिल रही है। अमेरिका-ईरान वार्ता के विफल होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी की घोषणा पर शुरुआती नकारात्मक प्रतिक्रिया के बावजूद यह देखने को मिल रहा है। हालांकि, वार्ता विफल होने से कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गयी है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें मुद्रास्फीति, मुद्रा स्थिरता और वृहद आर्थिक संतुलन को लेकर चिंताएं बढ़ा रही हैं, जिससे कुल मिलाकर बाजार धारणा पर दबाव पड़ रहा है। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाली शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक शामिल हैं। अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने के बाद बढ़ते वैश्विक तनाव के कारण शेयर बाजार में गिरावट देखी गई। इससे कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया और वैश्विक बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई ऐतिहासिक 21 घंटे की वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकला। इससे दो सप्ताह के युद्धविराम का भविष्य अनिश्चित हो गया है। इसके साथ वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 7.73 प्रतिशत बढ़कर 102.6 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.82 प्रतिशत और स्मॉलकैप में 0.33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 2,573 में गिरावट आई जबकि।,790 लाभ में रहे। वहीं 201 के भाव अपरिवर्तित रहे।

# रुपया 56 पैसे टूटकर 93.39 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया सोमवार को 56 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.39 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिका-ईरान शांति वार्ता विफल होने से पश्चिम एशिया में अनिश्चितता का माहौल छा गया जिससे कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई और वैश्विक स्तर पर डॉलर की मांग बढ़ गई।



विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका के ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी करने की घोषणा के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने को लेकर अनिश्चितताओं ने घरेलू बाजारों से विदेशी पूंजी की निकासी को और तेज कर दिया जिससे भारतीय मुद्रा कमजोर हो गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 93.30 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 93.40 के निचले स्तर तक गया और 93.25 के उच्च स्तर तक आया। अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले यह 93.39 (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 56 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को 32 पैसे टूटकर 92.83 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। सप्ताहांत में अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता विफल होने के कारण वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति से रुपये में गिरावट आई। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और डॉलर की मजबूती ने भी घरेलू मुद्रा पर दबाव डाला। अमेरिकी डॉलर के मजबूत रुख और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से रुपया और कमजोर पड़ सकता है। विदेशी निवेशक भी पूंजी बाजारों से बिकवाली जारी रख सकते हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 93 से 93.80 के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.75 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 7.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 102.52 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने 672.09 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## इंदौर एसईजेड का निर्यात 10.50 प्रतिशत बढ़कर 14000 करोड़ रुपये के पार

इंदौर (मध्यप्रदेश)। अमेरिका की शुल्क नीतियों और पश्चिम एशिया के संघर्ष के बीच वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान इंदौर के विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) का निर्यात करीब 10.50 प्रतिशत के इजाफे के साथ 14,302 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने दावा किया कि आयातकों के पुराने ऑर्डर के कारण मार्च के दौरान पश्चिम एशिया के संघर्ष का इंदौर एसईजेड के निर्यात पर खास असर नहीं देखा गया। उन्होंने बताया कि इंदौर एसईजेड से होने वाले निर्यात में करीब 70 प्रतिशत हिस्सेदारी दवाओं की रहती है और अमेरिका इन दवाओं के शीर्ष आयातकों में शुमार है। अधिकारी के मुताबिक, अलग-अलग उत्पादों के कारखानों वाले एसईजेड से वित्त वर्ष 2024-25 में 12,948 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया था। अधिकारी ने बताया कि यह विशेष आर्थिक क्षेत्र इंदौर से करीब 30 किलोमीटर दूर पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में 572 हेक्टेयर में फैला है। उन्होंने बताया कि एसईजेड में दवा, पैकेजिंग सामग्री, इंजीनियरिंग, वस्त्र निर्माण और खाद्य प्रसंस्करण समेत अलग-अलग क्षेत्रों के 59 संयंत्र चल रहे हैं जिनमें से 22 इकाइयां अकेले दवा क्षेत्र की हैं।

## विश्व बैंक ने 22.5 करोड़ डॉलर के ऋण को दी

नयी दिल्ली। विश्व बैंक ने सोमवार को राजस्थान में राजमार्ग आधुनिकीकरण परियोजना के लिए 22.5 करोड़ डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। इस परियोजना से 30 लाख से अधिक लोगों को लाभ होगा, सड़क संपर्क बेहतर होगा और रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने इस नई परियोजना को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य राजस्थान में राजमार्गों की दक्षता, मजबूती और सुरक्षा को बेहतर बनाना है। यह परियोजना कृषि, उद्योग, खनन और पर्यटन क्षेत्रों के आर्थिक गलियारों में बेहतर संपर्क के जरिये रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी। राजस्थान देश के सबसे बड़े राज्यों में से एक है और यह




भारत के करीब 40 प्रतिशत बाजारों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार है। वित्त वर्ष 2015-16 से 2023-24 के बीच राज्य की औसत वार्षिक वृद्धि दर 11 प्रतिशत रही है, लेकिन सड़क ढांचा इस गति से विकसित नहीं हो पाया है। बयान में कहा गया, राजस्थान राजमार्ग आधुनिकीकरण परियोजना (22.5 करोड़ डॉलर) के तहत राजस्थान राज्य राजमार्ग प्राधिकरण को एक आधुनिक और सेवा-उन्मुख राजमार्ग संस्था में बदलने में सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही करीब 800 किलोमीटर चयनित राजमार्ग गलियारों का उन्नयन और रखरखाव किया जाएगा, जिससे वे अधिक सुरक्षित, जलवायु के अनुकूल और यात्रियों के लिए भरोसेमंद बन सकें। इस परियोजना में सड़क सुरक्षा प्रबंधन को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और पूरे राजस्थान में सड़क सुरक्षा में सुधार हो। इसमें कहा गया कि इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (आईबीआरडी) से मिलने वाले 22.5 करोड़ डॉलर के ऋण की अवधि 35 वर्ष होगी।

## भारत का बिहाइंड-द-मीटर स्थिर ऊर्जा भंडारण बाजार 2033 तक 39 गीगावाट-घंटे से होगा

नयी दिल्ली। देश का ऊर्जा भंडारण क्षेत्र अगले दशक में तेजी से बढ़ने की राह पर है जिसमें बिहाइंड-द-मीटर (बीटीएम) स्थिर भंडारण बाजार की वार्षिक मांग 2025 में 32 गीगावाट घंटे से बढ़कर 2033 तक 39 गीगावाट घंटे से अधिक होने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

बीटीएम से तात्पर्य बिजली मीटर के उपभोक्ता पक्ष में स्थापित ऊर्जा उत्पादन या भंडारण प्रणालियों से है। ये प्रणालियां जैसे रूफटॉप सोलर या बैटरी, सीधे उपभोक्ता की आवश्यकताओं को पूरा करती हैं और ग्रिड के बजाय सीधे परिसर के विद्युत नेटवर्क से जुड़ी होती हैं जिससे बिजली बिल में कमी आती है और विश्वसनीयता बढ़ती है। इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलयंस की रिपोर्ट के अनुसार, बीटीएम तंत्र में उपभोक्ता के मीटर से परे उसके परिसर में ही स्थापित ऊर्जा उत्पादन एवं भंडारण प्रणाली शामिल होती हैं। इनमें छत पर सौर संयंत्र, बैटरी स्टोरेज, साथ ही यूपीएस, इन्वर्टर व टेलीकॉम टावर के साथ स्थापित बैकअप बैटरी प्रणाली शामिल हैं। ये प्रणाली ग्रिड से गुजरे बिना ही उत्पादित या संग्रहीत ऊर्जा के सीधे उपयोग की सुविधा देती है। भारत में अधिक व्यवसाय एवं उपभोक्ता बढ़ते बिजली शुल्क को नियंत्रित करने और भरोसेमंद बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऑन-साइट ऊर्जा भंडारण की ओर रुख कर रहे हैं।

# ईरानी कच्चे तेल की भारत में सात साल बाद वापसी

नयी दिल्ली। ईरानी कच्चा तेल लेकर आए दो बड़े टैंकर भारत के पूर्वी एवं पश्चिमी तट के बंदरगाहों पर पहुंच गए हैं जो लगभग सात वर्ष में ऐसी पहली आपूर्ति है। जहाज-ट्रैकिंग विवरण से यह जानकारी मिली।

नेशनल ईरानियन टैंकर कंपनी द्वारा संचालित फेलिसिटी नामक एक बेहद बड़ा कच्चा तेल वाहक जहाज ने रविवार देर रात गुजरात तट के सिक्का के पास लंगर डाला। इसमें करीब 20 लाख बैरल कच्चा तेल है जिसे मार्च के मध्य में खार्ग द्वीप से लादा गया था। दूसरा टैंकर जया लगभग उसी समय ओडिशा तट के पारादीप के पास पहुंचा। यह भी करीब करीब समान मात्रा में कच्चा तेल लेकर आया है जिसे फरवरी के अंत में खार्ग द्वीप से लादा गया था। यह तेल अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर सैन्य हमले करने और तेहरान की ओर से जवाबी




कार्रवाई किए जाने से पहले लादा गया था। करीब सात वर्ष में भारतीय तटों पर पहुंचने वाली ये ईरानी कच्चे तेल की पहली खेप हैं जो पिछले महीने अमेरिका द्वारा जारी प्रतिबंध छूट के बाद संभव हो सकी हैं। एक महीने की इस छूट के तहत समुद्र में पहले से मौजूद ईरानी तेल की बिक्री की अनुमति दी गई थी, जिसका उद्देश्य वैश्विक आपूर्ति में व्यवधान को कम करना और कीमतों को नियंत्रित करना था। सप्ताहांत में शांति वार्ता विफल होने के बाद हालांकि अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी की घोषणा की है ताकि तेहरान के तेल निर्यात राजस्व को सीमित किया जा सके। भारतीय तटों पर पहुंची इन खेपों के खरीदारों का औपचारिक खुलासा नहीं किया गया है। पारादीप बंदरगाह मुख्य रूप से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित है जिसने छूट के तहत कम से कम एक ईरानी खेप खरीदने की पुष्टि की है। वहीं, सिक्का क्षेत्र रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के लिए एक प्रमुख कच्चा तेल हैंडलिंग केंद्र है जिनकी यहां बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं। छह लाख बैरल ईरानी कच्चा तेल के साथ पिछले महीने के अंत में गुजरात के वाडिनार के लिए रवाना हुआ था लेकिन भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण इसे बीच रास्ते में चीन की ओर मोड़ दिया गया था। यदि यह वाडिनार पहुंच जाता, तो यह सात वर्ष में भारत पहुंचने वाली ईरानी तेल की पहली खेप होती। भारत ऐतिहासिक रूप से ईरानी कच्चे तेल का बड़ा खरीदार रहा है और रिफाइनरियों की अनुकूलता तथा सहायक व्यावसायिक शर्तों के कारण ईरान के हल्के और भारी दोनों प्रकार के तेल का आयात करता रहा है। वर्ष 2018 में प्रतिबंध सख्त होने के बाद मई 2019 से आयात बंद हो गया और इसकी जगह पश्चिम एशिया, अमेरिका तथा अन्य स्रोतों से आपूर्ति होने लगी।

# दिल्ली में चांदी 1800 रुपये टूटी और सोना 300 रुपये कमजोर

नयी दिल्ली। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 1800 रुपये घटकर 2.45 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना घटकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी शुक्रवार के 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से।,800 रुपये या लगभग एक प्रतिशत घटकर 2,45,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 300 रुपये घटकर 155,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत



155,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। सप्ताहांत में अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम पर बातचीत बेनतीजा रहने के बाद सोमवार को बहुमूल्य धातु के दाम नीचे खुले। उन्होंने कहा कि बातचीत में रुकावट से बाजार धारणा पर असर पड़ा तथा डॉलर एवं बॉन्ड प्रतिफल में सुधार हुआ। डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर जयंती के कारण मंगलवार को सर्राफा बाजार बंद रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट आई। हाजिर चांदी 1.58 डॉलर या 2.09 प्रतिशत टूटकर 74.31 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना 25.92 डॉलर टूटकर 4,722.26 डॉलर प्रति औंस रह गया। अमेरिका, होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने के लिए सेना की तैनाती और रास्ते को 100 प्रतिशत बंद करने पर विचार कर सकता है, ऐसी खबरों के बाद सोने में मुनाफावसूली देखी गई, जिससे लंबे समय तक रुकावट और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी होने की चिंता बढ़ गई।

## पेज एक का शेष

### खेल आयोजनों

में कुशल खिलाड़ी मिलेंगे, जबकि उनकी कुल आबादी मुश्किल से तीन करोड़ है, जो लगभग दिल्ली की आबादी के बराबर है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में पहले खेलों को कभी भी वह अहमियत नहीं मिली जिसके वे हकदार हैं, इसलिए यह बहुत ज़रूरी है कि समाज में खेलों और एथलीटों के महत्व को सिर्फ समझा ही न जाए, बल्कि उन्हें बेहतर करने का हर मौका भी दिया जाए। सिंह ने यह भी कहा कि पिछले 10-12 सालों में भारत में खेलों के स्तर और उपलब्धियां देखकर महसूस किया जा सकता है कि पूरे माहौल में बड़ा बदलाव आया है।

रक्षा मंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर खेलों के प्रति उदासीनता बरतने का आरोप लगाते हुए कहा, "एक समय था जब हमारे देश में खेलों को लेकर उदासीनता की भावना थी। बहुत कम लोग खेलों को करियर के तौर पर अपनाने के बारे में सोचते भी थे। न तो खेलों की मूलभूत सुविधाओं और न ही एथलीटों की खास जरूरतों पर ठीक से ध्यान दिया जाता था।"

### दुनिया के

का उसे अच्छा दाम मिले। यह सरकार की गारंटी है और सरकार इसे पूरी तरह निभाने का काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे शुकदेव की इस पावन धरा पर, भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी व चौधरी अजीत सिंह जी की कर्मभूमि पर आज यहां लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की दिव्य प्रतिमा के अनावरण का अवसर प्राप्त हुआ है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 350वीं जयंती गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रेरणा से पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाई गई थी। उसी समय केंद्र और राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया था कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए श्रमजीवी महिला छात्रावासों का निर्माण किया जाएगा। वर्तमान में प्रदेश में 14 श्रमजीवी महिला छात्रावास निर्माणाधीन हैं, जो लोकमाता की स्मृतियों की ओर हम सबका ध्यान आकर्षित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगन्नाथ पुरी से लेकर सोमनाथ तक, काशी विश्वनाथ से लेकर रामेश्वरम तक भारत की गुलामी के उस कालखंड में, जब मुगल आक्रांताओं के कारण व्यवस्था जकड़ी हुई थी, तब भी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारत की विरासत के संरक्षण के लिए पूरी तन्मयता से कार्य कर रही थीं। न्याय और सुशासन का आदर्श मॉडल कैसा होता है, यह लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने भारत को दिखाया। वह मालवा की शासक थीं, लेकिन पूरे देश की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए समर्पित रहीं। आज का काशी विश्वनाथ मंदिर उसी का उदाहरण है, जिसका पुनर्निर्माण लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने कराया था, जब औरंगजेब ने उसे ध्वस्त कर दिया था। लोकमाता अहिल्याबाई को हर सच्चा भारतीय नमन करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता का जो योगदान है, चौधरी साहब का जो योगदान है, वह जाति के लिए नहीं है, व्यक्ति के लिए नहीं है, बल्कि देश के लिए है। उनके योगदान के कारण ही हम सब आज यहां हैं।

### नोएडा : वेतन

तथा प्रमुख सचिव (श्रम एवं सेवायोजन विभाग) उसके सदस्य नामित किये गये हैं। इसके अतिरिक्त सदस्य सचिव के रूप में श्रम आयुक्त (कानपुर-उप्र) को नामित किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि के रूप में पांच सदस्य और उद्यमी संघ के प्रतिनिधि के तौर पर तीन सदस्य नामित किये जाएंगे। अधिसूचना के अनुसार यह उच्च स्तरीय समिति प्राथमिकता के आधार पर संबंधित प्रकरण का परीक्षण करते हुए अपनी रिपोर्ट शीघ्र ही शासन को प्रस्तुत करेगी।

अधिकारियों ने बताया कि फेज-2 और सेक्टर-60 स्थित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के कर्मचारी बड़ी संख्या में सुबह एकत्र हुए और उन्होंने वेतन संशोधन की अपनी काफी समय से लंबित मांग को लेकर नारेबाजी तथा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि श्रमिक अन्य मांगों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य हरियाणा की तर्ज पर वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं। सेक्टर-62 और सेक्टर-84 में भी मजदूरों ने सुबह से ही प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-9 को भी जाम कर दिया जिससे गाजियाबाद के निकट दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रदर्शन जल्द ही हिंसक हो गया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने संपत्ति में तोड़फोड़ की, पथराव किया और वाहनों में आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर आयुक्तालय के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। अधिकारियों के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी स्थिति पर नजर रखने के लिए मौके पर मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में भारी पुलिस बल भेजा गया है। पुलिस ने एक बयान में कहा स्थिति नियंत्रण में है और लगातार निगरानी की जा रही है। कर्मचारियों को समझाने और शांति बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जहां आवश्यक है, वहां न्यूनतम बल का इस्तेमाल किया जा रहा है। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की और आश्वासन दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य स्थिति बहाल की जा रही है। गौतम बुद्ध नगर के अतिरिक्त श्रम आयुक्त राकेश द्विवेदी ने कहा कि श्रमिक मुख्य रूप से पड़ोसी हरियाणा की तर्ज पर वेतन वृद्धि के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा श्रमिकों की मांग है कि हरियाणा सरकार की तरह वेतन बढ़ाया जाए। इसके अलावा ओवरटाइम, भोजन और अन्य सुविधाओं से जुड़े मुद्दे भी हैं। उन्होंने बताया कि आठ अप्रैल को हरियाणा सरकार ने अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 11,274.60 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 15,220 रुपये कर दिया था, जो एक अप्रैल से प्रभावी है।

### मजदूरों को

(डीजीपी) राजीव कृष्ण और एडीजी (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय के हाई-टेक कंट्रोल रूम से पल-पल की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। डीजीपी ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को भड़काने वालों की पहचान की जा रही है। बाहरी लोगों को भी चिह्नित किया जा रहा है। इस दौरान डिजिटल माध्यमों और सीसीटीवी फुटेज के जरिए उपद्रवियों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। डीजीपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हिंसा भड़काने वाले तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। डीजीपी राजीव कृष्ण ने स्पष्ट किया कि नोएडा में शांति भंग करने के पीछे किन लोगों का हाथ है, इसकी गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि नोएडा में हिंसा के लिए लोगों को उकसाने और भड़काने वाले तत्वों को लगातार चिन्हित किया जा रहा है। खुफिया एजेंसियों की मदद से उन बाहरी तत्वों की पहचान की जा रही है, जिन्होंने माहौल खराब करने की कोशिश की है। पुलिस महानिदेशक ने सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें और अफवाहें फैलाने वालों को भी चेतावनी दी है। पुलिस के साइबर सेल को सक्रिय कर दिया गया है, ताकि माहौल बिगाड़ने वालों की समय से पहचान कर संबंधित व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज की जा सके।

### नोएडा में

कहा कि आज उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सुरक्षा, सुशासन और सेवा का एक मजबूत मॉडल प्रस्तुत कर रही है। लेकिन जब प्रदेश विकास और शांति की ओर अग्रसर है, कुछ लोग षड्यंत्र के तहत अशांति फैलाने की चेष्टा कर रहे हैं। सीएम ने सभी औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत कार्मिकों व श्रमिकों से अपील करते हुए कहा कि वे याद करें, कोरोना काल में सरकार किस तरह उनके साथ खड़ी रही। उस कठिन समय में सरकार ने श्रमिकों के लिए परिवहन, क्वारंटीन और भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की, उन्हें सुरक्षित घर तक पहुंचाया। औद्योगिक अशांति पैदा करने वाले लोगों से सावधान रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सभी उद्योगों से भी इस संबंध में अपील करता हूं कि वे श्रमिकों और कार्मिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करें। हमारी सरकार श्रमिकों के साथ है। सरकार उद्यमियों को सुरक्षा देगी और हर श्रमिक को संरक्षण भी प्रदान करेगी, साथ ही उनका उचित मानदेय सुनिश्चित करेगी। हमने गत वर्ष ही एक कॉरपोरेशन का गठन कर दिया है और इसी महीने उसकी सिफारिशें लागू होने वाली हैं।

### ईरान ने

होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी जाएगी। गौरतलब है कि विश्व के 20 फीसदी कच्चे तेल का परिवहन होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर होता रहा है। ये घोषणाएं पाकिस्तान में अमेरिका और ईरान के बीच शनिवार को हुई लंबी युद्धविराम वार्ता के बिना किसी समझौते के समाप्त होने के बाद की गईं। बाद में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध संबंधी विचारों को लेकर पोप लियो 14वें पर असाधारण रूप से निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें नहीं लगता कि पोप बहुत अच्छा काम कर रहे हैं या वह बहुत उदारवादी व्यक्ति हैं तथा उन्हें कट्टर वामपंथियों को खुश करना बंद कर देना चाहिए।

### गाजियाबाद

टीला मोड़ पुलिस थाने की टीम आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है, जो फिलहाल फरार है। लड़की के पिता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार आरोपी (पीड़िता के पिता का भाई) लगभग एक किलोमीटर दूर किराए के मकान में रहता था।

### दिल्ली-देहरादून

शो गढ़ी कैंट स्थित जसवंत ग्राउंड तक पहुंचेगा, जहां प्रधानमंत्री एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत डाट काली मंदिर में पूजा-अर्चना से होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री आम जनता का अभिवादन करते हुए रोड शो के माध्यम से सभा स्थल तक पहुंचेंगे। इस दौरान उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक वाद्य यंत्र और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पूरे आयोजन को उत्सव में बदल देंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी खुद संभालते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आयोजन के दौरान कोई भी कमी न रहे। वे लगातार तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं और हर पहलू पर नजर बनाए हुए हैं। सुरक्षा के लिहाज से पूरे शहर में कड़ी व्यवस्था की गई है। पुलिस और अन्य एजेंसियां समन्वय के साथ काम कर रही हैं, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके। ट्रैफिक प्रबंधन के लिए विशेष रूट प्लान लागू किया गया है, जिससे आम नागरिकों की आवाजाही प्रभावित न हो।

### सदी का

2023 में संविधान संशोधन के जरिए किया गया था। मौजूदा कानून के तहत महिलाओं के लिए आरक्षण 2034 से पहले लागू नहीं हो पाता, क्योंकि इसे 2027 की जनगणना के बाद होने वाली परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने से जोड़ा गया था। इसे 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बदलाव जरूरी है। इसी वजह से सरकार ने कानून में संशोधन पारित कराने के लिए बजट सत्र की अवधि का विस्तार किया गया है। महिला आरक्षण कानून में प्रस्तावित संशोधन पारित होने के बाद लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी, जिनमें से 273 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समय पर लागू किया जाना चाहिए ताकि महिलाओं की भागीदारी देश के लोकतंत्र को मजबूत कर सके।




# हैदराबाद ने राजस्थान को 57 रन से हराया

## आईपीएल : ईशान किशन की फिफ्टी, क्लासन ने 40 बनाये, आर्चर को 2 विकेट

एजेंसी



हैदराबाद। आईपीएल 2026 का 21वां मुकाबला सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया. इस मैच में हैदराबाद ने 57 रनों से शानदार जीत हासिल की. इस मैच के हीरो हैदराबाद के दो खिलाड़ी प्रफुल हिंज और साकिब रहे जिन्होंने अपने डेब्यू में कमाल कर दिया।

सनराइजर्स हैदराबाद ने 19वें सीजन के 21वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 217 रन का टारगेट दिया था। हैदराबाद के होम ग्राउंड राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 216 रन बनाए। टीम ने पहली बॉल पर अभिषेक शर्मा का विकेट गंवा दिया था। यहां से ईशान किशन ने 44 बॉल पर 91 रन की पारी खेलकर टीम को 100 पार पहुंचाया। उनकी पारी में 4 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। हेनरिक क्लासन ने 40 रन का योगदान दिया। राजस्थान की ओर से जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट झटके। संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे और रियान पराग को एक-एक विकेट मिला। हैदराबाद और राजस्थान के बीच इस सीजन यह पहला मुकाबला है। दोनों टीमों का आज 5वां मैच है।

आरआर अब तक एक भी मैच नहीं हारी है और 4 जीत के साथ पॉइंट्स टेबल टॉप पर है। दूसरी ओर रफल्ड़ 4 में से केवल 1 मैच जीती है और 3 हार चुकी है। हैदराबाद की पारी के 20वें ओवर की आखिरी बॉल पर छक्का पड़ा। सलिल अरोरा ने तुषार देशपांडे की बॉल पर छक्का लगाया। इस छक्के के सहारे सनराइजर्स ने 216 रन बनाते हुए राजस्थान को 217 रन का टारगेट दिया। 18वें ओवर में हैदराबाद ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर नीतीश कुमार रेड्‌?डी (28 रन) को जोफ्रा आर्चर ने कैच आउट कराया। उन्होंने मैच की पहली बॉल पर अभिषेक शर्मा (जीरो) को भी आउट किया। 17वें ओवर में नांद्रे बर्गर ने लगातार 4 यॉर्कर बॉल डाली। उनके इस ओवर से महज 7 रन आए। तीसरी बॉल पर सलिल अरोरा ने चौका लगाया। 15वें ओवर में हैदराबाद ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। हेनरिक क्लासन ने नांद्रे बर्गर की 5वीं बॉल पर छक्का लगाकर टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। 14वें ओवर में हैदराबाद ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर ईशान किशन 44 बॉल पर 91 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें संदीप शर्मा ने अपनी ही बॉल पर कैच किया। वे कैच लेने के प्रयास में विकेटकीपर ध्रुव जुरेल से टकरा गए, लेकिन कैच नहीं छोड़ा। यहां पर फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। 11वें ओवर में तुषार देशपांडे ने 21 रन खर्च कर दिए। उनकी ओवर में ईशान किशन ने 3 चौके और एक छक्का लगाया। ईशान ने ओवर की तीसरी बॉल पर डीप मिडविकेट पर छक्का लगाया और टीम का स्कोर 100 रन तक पहुंचा दिया। ओवर की आखिरी बॉल पर ईशान ने चौका लगाकर क्लासन के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की। 10वें ओवर में ईशान किशन ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 30 बॉल पर अर्धशतक लगाया। ईशान ने रवि बिश्नोई की चौथी बॉल पर डीप मिडविकेट पर छक्का लगाया और हाफ सेंचुरी पूरी की। इस ओवर में क्लासन ने भी छक्का मारा। यहां पर ट्रैविस हेड 18 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कप्तान रियान पराग ने डोनोवन फरेरा के हाथों कैच कराया। इसी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। जीरो पर पहला विकेट गंवाने के बाद हैदराबाद ने पावरप्ले में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। ट्रैविस हेड और ईशान किशन ने फिफ्टी पार्टनरशिप करके टीम की वापसी कराई। 6 ओवर के बाद सनराइजर्स का स्कोर 51/1 है। अभिषेक जीरो पर आउट हुए। 5वां ओवर डाल रहे संदीप शर्मा के ओवर से 12 रन आए। उनकी चौथी बॉल पर ईशान किशन ने स्ट्रेट पर छक्का लगाया। तीसरे ओवर में जोफ्रा आर्चर की शॉर्ट लेंथ बॉल पर ईशान ने डीप मिडविकेट की दिशा में 88 मीटर का छक्का लगाया। ईशान ने उनकी दूसरी बॉल पर चौका लगाया। आर्चर ने इस ओवर में 10 रन दिए। हैदराबाद की पारी के दूसरे ओवर में नांद्रे बर्गर ने महज 4 रन दिए। उनकी चौथी बॉल पर ट्रैविस हेड ने चौका लगा। शेष 5 बॉल पर कोई रन नहीं आया। अभिषेक शर्मा का विकेट सेलिब्रेट करते राजस्थान के खिलाड़ी। जोफ्रा आर्चर ने मैच की पहली बॉल पर विकेट हासिल किया। उन्होंने अभिषेक शर्मा को रवि बिश्नोई के हाथों कैच कराया। आर्चर ने लगातार दूसरे मैच की पहली बॉल पर विकेट हासिल किया है। उन्होंने पिछले मैच में फिल सॉल्ट को आउट किया था। वहीं दूसरी ओर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टी20 मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से मिली हार के बाद कहा कि उनकी टीम ने बीच के ओवरों में कई विकेट गंवा दिए जिससे पारी पटरी से उतर गई। आरसीबी ने रविवार को यहां मुंबई इंडियंस को 18 रन से हरा दिया। यह मुंबई की लगातार तीसरी हाथी। मैच के बाद हार्दिक ने कहा, हमने बीच के ओवरों में कई विकेट गंवा दिए जिससे हमारी पारी पटरी से उतर गई। उन्होंने कहा, पिछले कुछ मैचों से गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में हम वापसी का प्रयास कर रहे हैं। हमें प्रयास करना होगा कि कैसे लय में वापस आए। कई सारी चीजों पर दोबारा विचार करने की जरूरत है।

# विराट कोहली ने बाबर-गेल का तोड़ा रिकॉर्ड रोहित ने मुंबई के लिए 6 हजार रन किए पूरे



**मुंबई**। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के 20वें मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराया। वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को विराट कोहली टी-20 में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारियां करने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने बाबर आजम और क्रिस गेल को पीछे छोड़ा। मैच में रोहित शर्मा ने भी खास उपलब्धि हासिल की। उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 6000 रन पूरे किए। रजत पाटीदार ने 17 गेंदों में फिफ्टी लगाकर फउइ के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया और गेल की बराबरी की।

आरसीबी ने आईपीएल 2026 में लगातार चौथी बार 200+ स्कोर बनाया। लगातार सबसे ज्यादा 200+ स्कोर का रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद (5 बार, 2025-26) के नाम है। पंजाब किंग्स (2023) और बेंगलुरु (2024) ने 4-4 बार यह किया था। रजत पाटीदार ने 17 गेंदों में फिफ्टी लगाकर फउइ के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। उन्होंने क्रिस गेल की बराबरी की, जिन्होंने 2013 में 17 गेंदों में फिफ्टी लगाई थी। इस लिस्ट में टॉप पर रोमारियो शेफर्ड हैं, जिन्होंने 2025 में 14 गेंदों में यह किया था। विराट कोहली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सातवां 50+ स्कोर बनाकर सुरेश रैना और डेविड वॉर्नर की बराबरी की। इस लिस्ट में टॉप पर केएल राहुल हैं, जिनके नाम 9 स्कोर हैं। कोहली ने वानखेड़े में अपने टी-20 करियर का 9वां 50+ स्कोर 23 मैचों में पूरा किया। विराट कोहली टी-20 में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारियां करने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने पहले विकेट के लिए फिल सॉल्ट के साथ 120 रन जोड़े। यह कोहली की 47वीं साझेदारी थी। उन्होंने बाबर आजम और क्रिस गेल (46-46) को पीछे छोड़ा।

रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस के लिए 6000 रन पूरे किए। इस लिस्ट में टॉप पर विराट कोहली हैं, जिन्होंने आरसीबी के लिए 8800+ रन बनाए हैं। तीसरे नंबर पर महेंद्र सिंह धोनी और चौथे पर सुरेश रैना हैं, जिन्होंने चेन्नई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। मैच से पहले स्टेडियम में गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी गई। रविवार को उनका निधन हुआ। सोमवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। सभी प्लेयर्स काली पट्टी बांधकर उतरे और उनके गाने बजाए गए। आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हुआ। 8वें ओवर में फिल सॉल्ट ने फिफ्टी पूरी की।

## महिला टी20 विश्व कप के लिए 82 करोड़ की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए 82 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की। इस विश्व कप का आयोजन दो महीने बाद इंग्लैंड एवं वेल्स में होगा। कुल पुरस्कार राशि में पिछले सत्र की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। टूर्नामेंट के पिछले सत्र में 10 टीमों ने भाग लिया था, लेकिन 12 जून से पांच जुलाई तक सात स्थानों पर खेले जाने वाले आगामी विश्व कप में 12 टीमें भाग लेंगी। इसका फाइनल लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होगा। संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित पिछले सत्र की कुल पुरस्कार राशि 7,958,077 डॉलर (लगभग 74 करोड़ रुपये) थी, जो अब बढ़कर 8,764,615 डॉलर (लगभग 82 करोड़ रुपये) हो गई है। विजेता टीम को 23,40,000 डॉलर (लगभग 21.8 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जबकि उपविजेता को 11,70,000 डॉलर (लगभग 10 करोड़ रुपये) प्राप्त होंगे। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 6,75,000 डॉलर (लगभग 6.29 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जबकि प्रत्येक ग्रुप मैच जीतने पर टीमों को 31,154 डॉलर (लगभग 29 लाख रुपये) मिलेंगे। आईसीसी ने यहां विज्ञप्ति में कहा, सभी 12 प्रतिभागी टीमों को कम से कम 2,47,500 डॉलर (लगभग 2.06 करोड़ रुपये) का सुनिश्चित पुरस्कार मिलेगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 12 जून को बर्मिंघम के एडजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मैच से होगी।

## संक्षेप

### भारत ने यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में जीते दो और स्वर्ण

नयी दिल्ली। अर्जुन सिंह और धीरेन पटेल ने फ्लोरिडा के नेपल्स में यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में अपनी-अपनी एकल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। अर्जुन ने एश्टन पैटरसन को सीधे सेटों में 13-11, 11-6 हराकर पुरुष एकल 5.0 का खिताब जीता। धीरेन ने 40 प्लस प्रो पुरुष एकल वर्ग में जुआन अरेया की कड़ी चुनौती से पार पाकर 11-9, 3-11, 11-9 से जीत हासिल की। धीरेन इस श्रेणी में पहले भी यूएस ओपन जीत चुके हैं और उनका अनुभव फाइनल में काफी काम आया। उन्होंने कहा, यह सबसे कड़े मुकाबलों में से एक था लेकिन मैं अपनी रणनीति पर कायम रहा और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा।

### हार्दिक पंड्या पर धीमी ओवरगति का जुर्माना

मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के हरफनमौला टिम डेविड पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान अंपायर के निर्देश नहीं मानने के कारण मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया। डेविड को आईपीएल खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों की आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया जबकि मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना भरना पड़ा। आईपीएल ने एक बयान में कहा कि डेविड ने आईपीएल आचार संहिता की धारा 2.4 का उल्लंघन किया है। डेविड ने आरसीबी की पारी के दौरान दो बार गेंद अंपायर को नहीं सौंपी थी।

### सीएबी ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स को बंगाल प्रो टी20 लीग का साझेदार बनाया

कोलकाता। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने बंगाल प्रो टी20 लीग के वाणिज्यिक, विपणन और संचालन भागीदार के रूप में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ तीन साल का अनुबंध किया है। बंगाल प्रो टी20 लीग की शुरुआत 2024 में हुई थी और इसमें पुरुष और महिला दोनों वर्ग शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में जिला आधारित फ्रेंचाइजी टीमें हैं। यह लीग हर साल जून से अगस्त के बीच आयोजित की जाती है।

# यानिक सिनर फिर बने दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी

एजेंसी

रोम। इटली के यानिक सिनर नवीनतम एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में कार्लोस अल्कारेज को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए। सिनर ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के अल्कारेज को हराकर खिताब जीता था जिसके बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे। क्ले कोर्ट पर यह सिनर का पहला बड़ा खिताब है और उन्होंने अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी को हराकर यह खिताब हासिल किया। सिनर ने कहा, यह मेरे लिए काफी मायने रखता है क्योंकि इसका मतलब है कि मैं आगे बढ़ रहा हूं। यह 2026 के लिए सिनर के मुख्य लक्ष्य की ओर बढ़ाया गया पहला कदम है। उनका लक्ष्य फ्रेंच ओपन जीतकर करियर ग्रैंडस्लैम पूरा करना है। सिनर के 13350 अंक हैं जबकि अल्कारेज 13240 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव 5555 अंक के साथ तीसरे पायदान पर हैं।

### टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंपायरिंग करेंगी पूजा यादव

सुलतानपुर (वीओएल)। पूजा यादव यूटीटी इंटर स्टेट जूनियर और यूथ नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप-2006 जो की न्यू मल्टीपरपज हॉल परेड ग्राउंड देहरादून में 15 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 को आयोजित है, पूजा यादव को उत्तर प्रदेश की तरफ से रेफरी के लिए चयनित किया गया है। सुलतानपुर से पहली बार चैंपियनशिप के लिए महिला अंपायर का चयन किया गया है। अध्यक्ष कुमार विनीत श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष डॉ रवि त्रिपाठी, क्रीडाधिकारी राजेश सोनकर टेबल टेनिस सचिव मो0 सईद, अंतर्राष्ट्रीय अंपायर आरिफ नियाज, जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी जिला व्यायाम शिक्षिका श्रद्धा सिंह कोषाध्यक्ष अभिषेक सिंह, मुनेन्द्र मिश्रा, प्रांजली श्रीवास्तव, नेशनल खिलाड़ी रेशमा बानो आदि ने खुशी व्यक्त की है।

### महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में वैशाली दबाव में

पाफोस (साइप्रस)। शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत करने का मौका गंवाने के बाद भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में जब चीन की पूर्व महिला विश्व चैंपियन झोंगयी टेन से भिड़ेंगी तो दबाव में होंगी। एक अंक की बढ़त बनाने वाली वैशाली को 12वें दौर में चीन की जिनर झू के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे दोनों खिलाड़ी अब अंक तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। चीन की गत विश्व चैंपियन वेनजुन जू को चुनौती देने वाली चैलेंजर का निर्धारण करने के लिए आयोजित इस टूर्नामेंट में आराम के अंतिम दिन के बाद वैशाली की नजरें वापसी पर टिकी होंगी। झोंगयी के अलावा वैशाली को रूस की कैटरीना लेगनो की कड़ी चुनौती का भी सामना करना होगा। कैटरीना शीर्ष पर रहने की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं लेकिन उनकी चुनौती से पार पाना आसान नहीं होगा। कजाखस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा भी लेगनो के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के बाद खिताब की दावेदार बनीं हुई हैं जबकि यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक भी दौड़ में हैं।

# बुमराह के ओवरों के आगे भी सोचे मुंबई : डुप्लेसी

एजेंसी



मुंबई। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि अगर मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में निरंतरता हासिल करनी है तो उसे गेंदबाजी विभाग में जसप्रीत बुमराह पर अपनी अत्यधिक निर्भरता कम करनी होगी। मुंबई इंडियंस हमेशा धीमी शुरुआत करता है।

इस बार उसने टूर्नामेंट का पहला मैच जीता लेकिन इसके बाद वह लगातार तीन मैच हार चुका है। रविवार को यहां खेले गए मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने उसके खिलाफ चार विकेट पर 240 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम पांच विकेट पर 222 रन ही बना पाई। तेज गेंदबाज बुमराह उसके लिए तुरुप का इक्का हैं, लेकिन चार मैचों में उन्हें अभी तक एक भी विकेट नहीं मिला है। डुप्लेसी का मानना है कि मुंबई इंडियंस को बुमराह के चार ओवरों से आगे के बारे में सोचना होगा और साथ ही अपने इस तेज गेंदबाज का विवेकपूर्ण उपयोग करना होगा। डुप्लेसी ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, विशेषकर बड़े स्कोर वाले मैच में आपको यह आकलन करना होगा कि बुमराह के चार ओवरों को छोड़कर बाकी गेंदबाज कितना रन दे रहे हैं।

बुमराह आमतौर पर बहुत किफायती होते हैं। मुंबई इंडियंस को इस समस्या का समाधान करना होगा। उन्होंने कहा, मुंबई इंडियंस को बुमराह का महत्वपूर्ण मौकों पर उपयोग करके उनकी क्षमता का पूरा फायदा उठाना होगा, लेकिन मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप के दबदबे को देखते हुए यह आसान नहीं होगा। उन्हें अपनी रणनीति पर फिर से विचार करना होगा।

### पहले से बाउंसर करने की योजना नहीं बनाता : कुणाल

मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या ने कहा कि वह बाउंसर करने के लिए पहले से योजना नहीं बनाते हैं।

### 2027 में भारत में होगी फार्मूला वन की वापसी

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि उन्हें यकीन है कि 2027 में भारत में फॉर्मूला वन रेस की वापसी होगी और इसके लिये कर संबंधी बाधाओं को दूर किया जायेगा जिसकी वजह से 2013 के बाद भारत में रेस नहीं हुई है। मांडविया ने यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि ग्रेटर नोएडा में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में इस रेस के आयोजन के लिए कम से कम तीन कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने कहा भारत में 2027 में फॉर्मूला वन रेस होगी। पहली रेस बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित की जाएगी। भारत इससे पहले फॉर्मूला वन रेस इंडियन ग्रां प्री आयोजित कर चुका है, लेकिन कर और नौकरशाही संबंधी समस्याओं के कारण 2013 में तीसरे संस्करण के बाद इसे फॉर्मूला वन रेस के कैलेंडर से हटा दिया गया था। वहीं लिबर्टी मीडिया के स्वामित्व वाले फार्मूला वन के सूत्रों ने कहा कि भारत में 2027 में रेस संभव नहीं है हालांकि भारत को उभरते बाजार के रूप में देखा जा रहा है। सूत्र ने कहा 2027 में तो संभव नहीं है लेकिन भारत ऐसा बाजार है जिसमें रूचि है।

### एसीए ने मैदानकर्मियों के लिए 25 लाख के नकद पुरस्कार की घोषणा की

गुवाहाटी। असम क्रिकेट संघ (एसीए) ने चुनौतीपूर्ण मौसम के बावजूद मौजूदा सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों की सफल मेजबानी करने वाले बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम के मैदानकर्मियों के लिए 25 लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। क्यूरेटर और मैदानकर्मियों ने यह सुनिश्चित किया कि पिच को उच्चतम मानकों के अनुरूप तैयार रखा जाए। एसीए के सचिव सनातन दास ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मैचों के सुचारू संचालन में उनके प्रयास महत्वपूर्ण थे। इसने राष्ट्रीय स्तर पर इस मैदान की बढ़ती प्रतिष्ठा को बनाए रखने में मदद की। उन्होंने कहा संघ ने उनके योगदान को मान्यता देते हुए क्यूरेटर और मैदानकर्मियों के लिए 25 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की है। एसीए अध्यक्ष तरंगा गोगोई और सचिव दास ने टीम के पेशेवर रवैये और प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी मेहनत के कारण ही मैचों का सुचारू संचालन सुनिश्चित हुआ।

### 2036 तक 5000 खिलाड़ियों को टॉप्स में लाने की योजना : मांडविया

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने टारगेट ओलंपिक पोडियम (टॉप्स) में पदक जीतने वाले खेलों पर फोकस रखते हुए दस साल की पदक रणनीति तैयार करके 2036 ओलंपिक तक पांच हजार खिलाड़ियों को इस योजना में शामिल करने का लक्ष्य रखा है। खेलमंत्री मनसुख मांडविया सोमवार को यहां अनौपचारिक बातचीत में कहा टॉप्स पूल को मजबूत बनाने की जरूरत है और जिन खेलों में अधिक ओलंपिक पदक दाव पर हैं , उन पर फोकस किया जाना चाहिये। उन्होंने आगे कहा, यह अध्ययन जरूरी है कि पदक जीतने के प्रयासों में कहां कमी रह जाती है और इसी के तहत पदक रणनीति तैयार की गई है। ऐसा नहीं होना चाहिये कि जिन खेलों में अधिक पदक नहीं है, उनके खिलाड़ी टॉप्स में ज्यादा संख्या में हैं और जहां पदक ज्यादा मिलने हैं, उनके खिलाड़ी नहीं हैं। मांडविया ने कहा, मसलन ओलंपिक में एक्वाटिक्स में 165 पदक, साइकिलिंग में 66 और जिम्नास्टिक में 57 पदक दाव पर होते हैं जिनके खिलाड़ी टॉप्स में नहीं हैं। पहले डेवलपमेंट समूह में इन खिलाडि़यों की संख्या बढाई जायेगी और एक ढांचागत योजना के लिये अगले पांच साल में उन्हें कोर समूह में लाया जायेगा। उन्होंने कहा अगले दस साल की पदक रणनीति के तहत 2032 तक तीन हजार और 2036 तक पांच हजार खिलाडि़यों को टॉप्स में लाने का लक्ष्य है। इसमें कोर और डेवलपमेंट समूह के बीच अनुपात 1ः 5 का रहेगा।

# गोरखपुर राउडीज फाइनल में

खेल संवाददाता



लखनऊ। गोरखपुर राउडीज ने अंतिम समय में कृष्ण द्वारा पेनाल्टी पर किए गोल की बदौलत ह्यटाटा कैपिटल यूपी प्रो हैंडबॉल लीग' में जीत की बदौलत खिताबी मुकाबले का टिकट पा लिया। यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा क्योंकि आखिरी एक मिनट में गोरखपुर व नोएडा ब्लास्टर्स की टीमें 26-26 से बराबरी पर थी। हालांकि गोरखपुर ने यह मैच 27-26 से जीतते हुए चौथी जीत के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरी ओर मथुरा ब्रज स्टार ने अपने अंतिम लीग मैच में जीत से गोरखपुर से खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। फाइनल मैच मंगलवार को शाम चार बजे से खेला जाएगा। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में एसएन पाण्डेय खेल संस्थान ट्रस्ट द्वारा आदि योगी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से केडी सिंह बाबू स्टेडियम के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में खेली जा रही लीग के पांचवें दिन कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। आज मथुरा ब्रज स्टार ने काशी किंग्स को 31-24 से हराकर तालिका में दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि मथुरा ब्रज स्टार और काशी किंग्स दोनों के नाम तीन-तीन जीत थी लेकिन बेहतर गोल औसत के 'एक्स-फैक्टर' का मथुरा को फायदा मिला। गोरखपुर राउडीज ने आज रोमांचक मैच में नोएडा ब्लास्टर्स को 27-26 से हराया।

- मथुरा ब्रज स्टार ने भी पक्की की जगह अब मंगलवार को होगी खिताबी भिड़ंत

टीम से मोहम्मद शूजा ने सबसे ज्यादा सात गोल किए। उनका साथ देते हुए सुनील ने 6, दीपक ने पांच, पवन ने चार व शाहरुख ने दो गोल किए। टीम के गोलकीपर विवेक पाण्डेय ने कई सुंदर बचाव करते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं नोएडा से मनकेश ने सात, मिंटू, तविया व तौसीफ ने पांच-पांच गोल किए। इस मैच मे गोरखपुर पहले हॉफ में 15-14 से आगे थी। अंतिम पल तक रोमांचक रहे इस मैच में जब एक मिनट का समय बचा था तब दोनों ही टीमें 25-25 और फिर 26-26 से बराबरी पर रही। हालांकि जब मैच के 25 सेकेंड बचे थे तब गोरखपुर से कृष्ण ने पेनाल्टी को गोल में तब्दील करते हुए टीम को रोमांचक जीत दिला दी। मथुरा ब्रज स्टार ने काशी किंग्स के खिलाफ 31-24 से जीत दर्ज की।

- 'टाटा कैपिटल यूपी प्रो हैंडबॉल लीग'

# एशियाई चैंपियनशिप में सेना को आठ पदक

एजेंसी



नयी दिल्ली। मंगोलिया में संपन्न एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारतीय सेना के मुक्केबाजों ने तीन स्वर्ण पदकों सहित आठ पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। सेना के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुरुष वर्ग में विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा में स्वर्ण), सचिन सिवाच (60 किग्रा में रजत), आकाश (75 किग्रा में कांस्य), लोकेश (85 किग्रा में कांस्य) और नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा में कांस्य) पदक विजेताओं में शामिल रहे। महिला वर्ग में प्रीति पवार (54 किग्रा में स्वर्ण), जैस्मीन लंबोरिया (57 किग्रा में रजत) और अरुंधति चौधरी (70 किग्रा में स्वर्ण) ने भी पदक जीते। सेना के एक अधिकारी ने कहा भारतीय सेना के मिशन ओलंपिक कार्यक्रम के तहत सेना खेल संस्थान में प्रशिक्षित मुक्केबाजों ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदकों सहित कुल आठ पदक जीते। उन्होंने कहा, टीम के पदकों की यह उपलब्धि भारतीय सेना द्वारा अपने पेशेवर खेल तंत्र के माध्यम से पोषित उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, अनुशासन और प्रतिस्पर्धी उत्कृष्टता को दर्शाती है। वहीं दूसरी ओर लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज कुमार विश्व मुक्केबाजी के महाद्वीपीय तकनीकी प्रतिनिधि के रूप में योग्यता हासिल करने वाले पहले भारतीय अधिकारी बन गए हैं। विश्व मुक्केबाजी खेल की अंतरराष्ट्रीय शासी निकाय है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने इस उपलब्धि की पुष्टि की और यह भी घोषणा की कि राजेंद्रन रविंद्रन ने महाद्वीपीय आईटीओ (इंटरनेशनल टेक्निकल ऑफिशियल) विश्व मुक्केबाजी परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

# सीतारमण ने स्टालिन पर लगाया झूठ का आरोप



नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन पर गेहूं और धान किसानों को दिए जाने वाले बोनस संबंधी केंद्र सरकार के परामर्श पर झूठा विमर्श गढ़ने का आरोप लगाते हुए पलटवार किया। उन्होंने कहा कि द्रमुक पार्टी इसके जरिये खुद को किसानों और तमिलनाडु के लोगों के रक्षक के रूप में पेश करने की कोशिश कर रही है।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर सीतारमण ने स्टालिन पर व्यय सचिव वी. वुअलनाम के नौ जनवरी को सभी राज्य सरकारों को लिखे गए पत्र की गलत व्याख्या करने का आरोप लगाया और कहा कि जहां अधिकांश राज्य सरकारों ने, चाहे वे किसी भी दल की हों, पत्र के उद्देश्य को समझा और सहकारी संघवाद की भावना से प्रतिक्रिया दी, वहीं केवल मुख्यमंत्री स्टालिन ने इसे सनसनीखेज बनाने का विकल्प चुना। वित्त मंत्रालय के पत्र में गेहूं और धान के भारी अधिशेष भंडार को देखते हुए, राज्य सरकारों को मौजूदा बोनस नीति की समीक्षा करने और इन दोनों पर बोनस बंद करने पर विचार करने की सलाह दी गई थी। साथ ही, पोषण सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सतत कृषि के लिए राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप दाल, तिलहन और श्री अन्न (ज्वार, बाजारा जैसे मोटे अनाज) को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन पर ध्यान देने की बात कही गई थी। हालांकि, यह पत्र राज्यों के लिए एक परामर्श मात्र था, स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर आरोप लगाया कि केंद्र ने स्पष्ट रूप से राज्य सरकारों की मौजूदा बोनस नीति की समीक्षा करने और धान पर बोनस बंद करने पर विचार करने के लिए कहा है। उन्होंने सीतारमण को नौ जनवरी के पत्र को सार्वजनिक करने की चुनौती दी। चुनौती स्वीकार करते हुए, सीतारमण ने एक्स पर पत्र डालते हुए कहा कि राज्यों को भेजा गया यह संदेश राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा की जिम्मेदारी साझा करने का निमंत्रण है। ऐसी चुनौती केवल स्टालिन के झूठे दिखावे को बताती है। राष्ट्रीय हित के प्रति थोड़ी सी भी प्रतिबद्धता रखने वाला कोई भी मुख्यमंत्री इसका स्वागत करेगा। इसके बजाय, मुख्यमंत्री थिरु स्टालिन ने एक रचनात्मक सुझाव को मनगढ़ंत शिकायत में बदल दिया क्योंकि द्रमुक के लिए भारत की रणनीतिक आवश्यकताएं चिंता का विषय नहीं हैं, बल्कि राजनीतिक लाभ उठाने का अवसर हैं। सीतारमण ने स्टालिन को केंद्र-विरोधी बयानबाजी में समय बर्बाद न करने की सलाह देते हुए उनसे तमिलनाडु के लोगों को यह समझाने को कहा कि वे दाल और तिलहन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के बजाय विदेशी हितों को अवसर क्यों दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आवश्यक खाद्य पदार्थ आयात पर निर्भर होते हैं, तो घरेलू खाद्य सुरक्षा बाहरी झटकों और मूल्य में उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशील हो जाती है। भारत जैसे बड़े देश के लिए यह स्थिति ठीक नहीं है। दाल और तिलहन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना न केवल आर्थिक आवश्यकता है, बल्कि रणनीतिक जरूरत भी है। सीतारमण ने कहा, मुख्यमंत्री स्टालिन वही करते दिख रहे हैं जिसमें वे और उनकी पार्टी माहिर हैं - केंद्र और राज्यों के बीच फूट डालना, झूठे विमर्श गढ़ना और खुद को किसानों और अन्य तमिल लोगों के रक्षक के रूप में पेश करना।

# भारत, ओमान ने व्यापार व निवेश बढ़ाने के तरीकों पर की चर्चा



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ओमान के अपने समकक्ष अनवर बिन हिलाल बिन हमदान अल जबरी के साथ सोमवार को द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की।

गोयल ने पिछले कुछ दिनों में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), बहरीन और कुवैत के व्यापार मंत्रियों के साथ भी बातचीत की है। गोयल ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी, ओमान के वाणिज्य, उद्योग एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री एचई अनवर बिन हिलाल बिन हमदान अल जबरी के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। भारत-ओमान सीईपीए के तहत अवसरों को बढ़ाने पर चर्चा की जिससे दोनों देशों के पारस्परिक विकास के लिए द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके। समग्र आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर दिसंबर, 2025 में मस्कट में हस्ताक्षर किए गए थे। इसे अभी लागू नहीं किया गया है। इस समझौते के तहत भारत के 98 प्रतिशत निर्यात को ओमान में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। इनमें वस्त्र, कृषि और चमड़ा उत्पाद शामिल हैं। दूसरी ओर, भारत ओमान के खजूर, संगमरमर और पेट्रोरसायन उत्पादों पर शुल्क कम करेगा। भारत-ओमान द्विपक्षीय व्यापार 2024-25 में लगभग 10.5 अरब अमेरिकी डॉलर रहा (निर्यात चार अरब डॉलर और आयात 6.54 अरब डॉलर)। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए संयुक्त हमले के कारण अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में, विशेषकर पश्चिम एशियाई देशों की ओर जाने वाले जहाजों की आवाजाही में गंभीर बाधाएं आई हैं। इस संघर्ष ने निर्यातकों के लिए खाड़ी क्षेत्र में माल भेजने में चुनौतियां उत्पन्न कर दी हैं, जिसके साथ भारत का 2024-25 में 178 अरब अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार रहा (निर्यात 56.87 अरब डॉलर और आयात 121.67 अरब डॉलर)।

## संक्षेप

### ईरान ने फारस और ओमान की खाड़ी में बंदरगाहों को धमकी दी

काहिरा। अमेरिकी सेना द्वारा सोमवार से ईरान के सभी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों की नाकाबंदी शुरू किए जाने की घोषणा के बाद तेल की कीमतें और बढ़ने तथा युद्ध के और भीषण होने की आशंका है। अमेरिका की इस घोषणा के बाद ईरान ने फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में स्थित बंदरगाहों को निशाना बनाने की धमकी दी है जिससे क्षेत्र में टकराव गहराने का खतरा बढ़ गया है। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) के अनुसार, फारस की खाड़ी और ओमान सागर में सुरक्षा या तो सभी के लिए होगी या किसी के लिए भी नहीं। ईरानी सेना ने कहा, इस क्षेत्र का कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। इससे पहले, अमेरिका ने घोषणा की थी कि वह सोमवार को पूर्वी समयानुसार सुबह 10 बजे या ईरान में शाम साढ़े पांच बजे से ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू करेगा। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि यह नाकेबंदी सभी देशों के उन पोतों के खिलाफ निष्पक्ष रूप से लागू की जाएगी जो ईरान के बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं या वहां से बाहर जा रहे हैं। उसने कहा कि गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच यात्रा करने वाले जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी जाएगी।

# ईरान की ताकत से वाकिफ है अमेरिका : ईरानी राजदूत

नयी दिल्ली। ईरान के राजदूत मोहम्मद फताअली ने सोमवार को कहा कि अमेरिका के साथ एक और दौर की शांति वार्ता के लिए उनका देश तैयार है, बशर्ते कि वह कोई अवैध मांग न करे और तेहरान की शर्तों पर गौर करे।

इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच हुई वार्ता के एक दिन बाद संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने यह टिप्पणी की। हालांकि, वार्ता बेनतीजा समाप्त हो गई थी। एक सवाल के जवाब में फताअली ने कहा कि अगर वे (अमेरिका) हमारी शर्तें मान लेते हैं, तो यह संभव है। ईरानी राजदूत ने कहा कि अमेरिकी पक्ष ने वार्ता के दौरान अवैध मांगें रखीं, जिसके कारण बातचीत बेनतीजा समाप्त हो गई। उन्होंने यह भी दावा किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान के जलक्षेत्र में स्थित है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी की धमकी के बारे में पूछे जाने पर, फताअली ने कहा कि वाशिंगटन ईरान की ताकत से अवगत है। पश्चिम एशिया संकट के संदर्भ में समग्र स्थिति पर राजदूत ने कहा कि इस क्षेत्र में ईरान और भारत का साझा भविष्य है।

# देश में 90 दिन के लिए पर्याप्त कोयला भंडार उपलब्ध: रेड्डी

हैदराबाद। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सोमवार को कहा कि देश में 90 दिन की जरूरत के लिए पर्याप्त 20 करोड़ टन से अधिक का कोयला भंडार उपलब्ध है। रेड्डी ने यहां खान मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा कि देश में लगातार दूसरे वर्ष एक अरब टन कोयला उत्पादन हासिल किया गया है। उन्होंने कहा, आज ताप विद्युत संयंत्रों और खदानों के पास 90 दिन के लिए पर्याप्त कोयला उपलब्ध है। पहले हमारे पास केवल 21 से 25 दिन का ही भंडार होता था, लेकिन अब 20 करोड़ टन से अधिक कोयला उपलब्ध है। रेड्डी ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य खनिज क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करना और देश को आत्मनिर्भर बनाना है।

उन्होंने कहा, मैं केंद्र सरकार की ओर से यह कहना चाहूंगा कि सरकार खनिज क्षेत्र में राजस्व के लिए काम नहीं करती। बल्कि वह खनिज क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाती है।

# आरएंडडी को मजबूत करना, निवेश बढ़ाना अहम: नड्डा



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा ने सोमवार को कहा कि वैश्विक औषधि परिदृश्य में बायोलॉजिक, बायोसिमिलर और विशेष दवाओं पर बढ़ते जोर के बीच भारत अग्रणी भूमिका निभाने की बेहतर स्थिति में है। इसके लिए अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) को मजबूत करना, निवेश बढ़ाना और उद्योग की भागीदारी को गहरा करना महत्वपूर्ण होगा।

इंडिया फार्मा 2026 कार्यक्रम में वीडियो संदेश के जरिये रसायन व उर्वरक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नड्डा ने कहा कि भारत ने वर्षों से सस्ती जेनेरिक दवाओं के जरिये दुनिया की फार्मेसी के रूप में पहचान बनाई है। उन्होंने कहा, हालांकि, आज वैश्विक दवा परिदृश्य तेजी से बदल रहा है जिसमें बायोलॉजिक्स, बायोसिमिलर्स और विशेष दवाओं पर अधिक जोर दिया जा रहा है। इस बदलते माहौल में भारत न केवल इसे अपनाने बल्कि अग्रणी भूमिका निभाने की स्थिति में है। मंत्री ने नवाचार को बढ़ावा देने, अनुसंधान क्षमताओं को सुदृढ़ करने और मूल्य-आधारित वृद्धि को प्रोत्साहित करने वाले नीतिगत ढांचे के निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। नड्डा ने साथ ही कहा कि (भविष्य में) अनुसंधान एवं विकास को मजबूत करना बेहद महत्वपूर्ण होगा। बढ़ा हुआ निवेश, उद्योग की गहरी भागीदारी और प्रभावी सार्वजनिक-निजी भागीदारी भारत को उच्च-मूल्य नवाचार की दिशा में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने भारतीय दवा उद्योग को वैश्विक नेता बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं जिनमें हाल ही में घोषित बायोफार्मा शक्ति योजना शामिल है जिसका पांच वर्ष में 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान है।









Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com